सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
29.03.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

गुड फ्राइडे

khabarmantra.net चैत, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 254
12 अदिति राव हैदरी ने भी की गुपचुप शादी




## न्यूज डायरी

### टिकट कटा तो सांसद ने खाया जहर, मौत

**नयी दिल्ली।** गुरुवार की सुबह एमडीएमके को बड़ा झटका लगा। एमडीएमके सांसद ए गणेशमूर्ति की मौत की खबर से समूचे इलाके में शोक की लहर है। उन्होंने लोकसभा चुनाव का टिकट ना मिलने पर आत्महत्या की कोशिश की थी, तबीयत में सुधार ना होने की वजह से गणेशमूर्ति की मौत हो गयी। परिवार की मानें तो गणेशमूर्ति ने कथित तौर पर जहर खाकर जान देने की कोशिश की थी। वह भी इसलिए क्योंकि उन्हें इस बार के लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं दिया गया था।

### सचिवालय और सभी दफ्तर 30 को खुले रहेंगे

**रांची।** झारखंड सचिवालय और सभी कार्यालय 30 मार्च को खुले रहेंगे। इसका आदेश कार्मिक विभाग के संयुक्त सचिव आसिफ हसन ने गुरुवार को जारी किया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 से संबंधित वित्तीय कार्यों के निष्पादन के लिए यह फैसला लिया गया है। इसके तहत 30 को सामान्य दिवस के अनुसार ही सचिवालय व संलग्न कार्यालयों में सभी कामकाज होंगे।

### बगोदर में 10 दुकानों में आग, लाखों की क्षति

**गिरिडीह।** बगोदर थाना इलाके के बगोदर बस पड़ाव के समीप फुटपाथ पर लगी दुकानों में गुरुवार की सुबह आग लग गयी। घटना में करीब दस दुकान जलकर राख हो गयी। आग से 8-10 लाख का नुकसान बताया जा रहा है। जिन दस दुकानों में आग लगी, उनमें बैग दुकान के साथ फ्रूट दुकान समेत अन्य दुकान शामिल हैं।

### गिरिडीह से आजसू शीघ्र करेगा प्रत्याशी की घोषणा

**रांची।** लोकसभा चुनाव में गिरिडीह सीट आजसू पार्टी के खाते में गयी है। एनडीए के घटक दल आजसू अब इस सीट से प्रत्याशी की घोषणा शीघ्र करेगा। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने सोशल मीडिया एक्स पर जानकारी दी। आजसू के चंद्रप्रकाश चौधरी यहां से सांसद हैं। तालमेल के अनुसार दुमका से सीता सोरेन, कोडरमा से अन्नपूर्णा देवी, सिंहभूम से गीता कोड़ा, रांची से संजय सेठ, खूंटी से अर्जुन मुंडा, लोहरदगा से समीर उरांव, पलामू से वीडी राम, जमशेदपुर से विद्युतवरण महतो, चतरा से कालीचरण सिंह, धनबाद से ढुलू महतो, राजमहल से ताला मरांडी, हजारीबाग से मनीष जायसवाल, गोड्डा से डॉ निशिकांत दुबे भाजपा उम्मीदवार हैं। गिरिडीह सीट आजसू के खाते में है।

## गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 63200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 78000 रु./प्रति किलो |

## तीसरी आंख





## रांची, धनबाद और गोड्डा के कांग्रेस प्रत्याशियों की घोषणा शीघ्र

# रामटहल ने थामा कांग्रेस का हाथ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड की रांची लोकसभा सीट से पांच बार सांसद रहे पूर्व भाजपा नेता रामटहल चौधरी ने कांग्रेस का दामन थाम लिया है। माना जा रहा है कि वह रांची सीट पर कांग्रेस के प्रत्याशी होंगे। गुरुवार को नयी दिल ली में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा, झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधानसभा में कांग्रेस के नेता आलमगीर आलम और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय,कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की की उपस्थिति में श्री चौधरी ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी नेताओं श्री चौधरी को कांग्रेस में स्वागत किया। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस सूत्रों के अनुसार पार्टी रांची, धनबाद और गोड्डा के उम्मीदवार का नाम की घोषणा शीघ्र कर सकती है। एक दिन पहले खूंटी, लोहरदगा और हजारीबाग सीट पर उम्मीदवारों की घोषणा की गयी थी।

### रांची लोकसभा से हो सकते है उम्मीदवार



### झारखंड कांग्रेस के कई दिग्गज दिल्ली में

उम्मीदवारों के नाम तय करने के लिए कांग्रेस के केंद्रीय नेताओं के साथ-साथ झारखंड प्रदेश कांग्रेस के दिग्गज नेता भी दिल्ली में आलाकमान के साथ लगातार विचार-विमर्श कर रहे हैं। रांची, गोड्डा और धनबाद पर उम्मीदवार तय होते ही तमाम बड़े कांग्रेस नेता गुरुवार की रात तक रांची लौट सकते हैं। दूसरी तरफ, अगर किन्हीं कारणों से उम्मीदवारों के नामों की घोषणा नहीं हो सकी तो शनिवार को कांग्रेस की सेंट्रल इलेक्शन कमेटी की बैठक होगी। उस बैठक में उम्मीदवारों के नाम पर अंतिम फैसला होगा। जमशेदपुर, पलामू और सिंहभूम सीट पर पेच फंसा है। जमशेदपुर और सिंहभूम (एसटी) सीट पर झामुमो ने दावेदारी कर दी है। कांग्रेस इनमें एक सीट झामुमो को देने के लिए तैयार है, लेकिन, झामुमो दोनों सीटें लेने पर अड़ा हुआ है।

### रामटहल चौधरी ने कहा भाजपा में तानाशाही

कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण के बाद श्री चौधरी ने कहा कि 2019 के चुनाव के कुछ पहले, उनसे कहा गया कि आप लिख कर दीजिये कि आप चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं। मैंने कहा कि यह तो सरासर तानाशाही है। 2019 में भाजपा का टिकट न मिलने के बाद पार्टी से बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़ा था। उसके बाद मैंने भाजपा से त्यागपत्र दे दिया। राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा और उसके बाद भारत भारत जोड़ो न्याय यात्रा से प्रभावित हो कर मैंने कांग्रेस में जाने का फैसला किया। जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी और पूरे देश में जातिगत जनगणना होनी चाहिए ताकि पता चले कि किसकी भागीदारी है, राहुल गांधी से इस बयान ने भी मुझे प्रभावित किया। 2024 के संसदीय चुनाव में अब तक सुबोधकांत सहाय को उम्मीदवार बनाये जाने की चर्चा थी, लेकिन अब उनकी जगह रामटहल चौधरी 'इंडिया' गठबंधन की ओर से मैदान उतर सकते हैं। इसकी संभावना प्रबल है।

## बिहार में इंडिया गठबंधन के बीच सीटें फाइनल

# राजद को चतरा और पलामू सीट देने पर कांग्रेस राजी

एजेंसी

**नयी दिल्ली, पटना।** कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि बिहार की 40 लोकसभा सीटों पर इंडिया गठबंधन के बीच सीट शेयरिंग का फॉर्मूला पूरी तरह से तय हो गया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ राजद और लेफ्ट से बीच हुई बैठक में तय हुआ है। इनमें कांग्रेस को कुल 9 सीटें देने पर सहमति बन गयी है। कांग्रेस झारखंड में राजद को दो सीट चतरा और पलामू राजद को देगी। इसकी औपचारिक घोषणा शुक्रवार को राजद कार्यालय में महागठबंधन के सीनियर नेता करेंगे।

### 9 सीटों पर लड़ेगी कांग्रेस



सूत्रों का कहना है कि पार्टी बिहार मे कटिहार, किशनगंज, पटना साहिब, सासाराम, बेतिया, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, समस्तीपुर के साथ-साथ सुपौल और मधेपुरा में से कोई एक सीट पर चुनाव लड़ सकती है। सीटों के बटवारे की घाषणा कभी भी की जा सकती है। इधर, राजद ने साफ कर दिया है कि पूर्णिया किसी भी हाल में हम कांग्रेस को नहीं देंगे।

### निर्दलीय लड़ सकते हैं पप्पू यादव

पूर्णिया सीट राजद कोटे में जाने पर पप्पू यादव नाराज हैं। चर्चा है कि पप्पू यादव पूर्णिया से निर्दलीय चुनाव लड़ सकते हैं। पप्पू यादव ने दिल्ली में कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के आग्रह पर अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय करा दिया था। श्री यादव ने दावा किया था कि प्रियंका गांधी ने उनसे वादा किया था कि पूर्णिया सीट पर चुनाव लड़ेंगे और पप्पू यादव ने इसकी तैयारी भी शुरू कर दी थी। लेकिन, जदयू छोड़कर राजद में शामिल हुई बीमा भारती को लालू प्रसाद ने टिकट दे दिया। पप्पू यादव ने यह सीट हाथ से निकले जाने पर कहा कि उन्हें आत्महत्या करना मंजूर है, लेकिन पूर्णिया से अलग होना बिल्कुल मंजूर नहीं है। चुनाव से पहले बिहार में राजद और कांग्रेस के बीच पूर्णिया सीट को लेकर मनमुटाव साफ दिखने लगा है। मीडिया से बात करते हुए पप्पू यादव ने कहा कि उन्होंने 1983-84 से लालू यादव को अपने पिता के रूप में देखा है।

## रांची पहुंची सीता, हेमंत और कल्पना पर किया प्रहार, कहा

# पति की मौत संदेहास्पद उच्चस्तरीय जांच जरूरी

- झामुमो में दलाल, बिचौलिये हावी, महिलाओं का सम्मान नहीं

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** 19 मार्च को दिल्ली में भाजपा में शामिल होने के बाद गुरुवार को झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन रांची पहुंची। उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उन्होंने भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए झामुमो को अलविदा करने की वजह बतायी। मीडिया से मुखातिब होकर उन्होंने झामुमो पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि उनके स्व पति दुर्गा सोरेन की मौत संदेहास्पद है। इसकी उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। उन्होंने कई बार बात उठायी पर अनसुना कर दिया गया। इसके साथ ही उन्होंने हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन पर भी जोरदार हमला किया। सीता सोरेन ने दावा किया कि दुमका से उनकी जीत तय है। पीएम मोदी के नेतृत्व में 400 पार का संकल्प होगा पूरा। तीसरी बार मोदी सरकार केंद्र में बनेगी। झारखंड की सभी सीटों पर कमल खिलेगा। रांची पहुंचते ही सीता सोरेन ने भगवान बिरसा मुंडा एवं स्व दुर्गा सोरेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की, नमन किया। भाजपा दफ्तर में पार्टी अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, अमर कुमार बाउरी प्रदेश, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, सांसद आदित्य साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

### मुझे कभी सम्मान नहीं मिला : सीता सोरेन



सीता सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन ने उनके पति दुर्गा सोरेन का अपमान किया। यही नहीं आरोप लगाया कि पति की मौत के बाद उन्हें वह सम्मान नहीं मिला जिसकी वह हकदार थीं। उन्होंने कहा कि झामुमो को अपने खून पसीने से सींचने वाले झामुमो के कद्दावर नेता उनके पति स्व दुर्गा सोरेन का अपमान उन्हें कतई बर्दाश्त नहीं करेंगी। मैंने ने परिवार में दर्द और पीड़ा सहते हुए अपनी बच्चियों का लालन पालन किया है। सीता सोरेन ने कहा कि शरुआत में बाबा ने मुझे सहयोग जरूर किया, मगर जैसे-जैसे उनकी तबीयत खराब होती चली गयी परेशानी बढ़ती गयी और मुझे परिवार से अलग होकर रहना पड़ा। उन्होंने कहा, झामुमो अब स्व दुर्गा सोरेन के जमाने की पार्टी नहीं रही। यह पार्टी अब दलाल और बिचौलियों की पार्टी बनकर रह गयी है। पार्टी की सरकार ने राज्य को केवल भ्रष्टाचार दिया है। भ्रष्टाचार से राज्य का सिर झुक गया है।

# शाहरुख व नईम को उम्रकैद की सजा

**दुमका पेट्रोल कांड**

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** बहुचर्चित दुमका पेट्रोल कांड में गुरुवार को कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया। एक नाबालिग को पेट्रोल छिड़क कर आग लगाकर जान से मारने के मामला अदालत ने दोनों दोषियों शाहरुख हुसैन और मो नईम उर्फ छोटू को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनायी है। मुख्य आरोपी और उसके सहयोगी की पेशी दुमका सेंट्रल जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने दोनों आरोपियों को मामले में दोषी पाते हुए सजा की बिंदु पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस चर्चित पेट्रोल कांड में प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सह विशेष न्यायाधीश पॉक्सो रमेश चंद्रा की अदालत में सजा की बिंदु पर गुरुवार को फैसला सुनाया। कोर्ट ने दोनों दोषियों शाहरुख हुसैन और मो. नईम अंसारी उर्फ छोटू को सश्रम आजीवन कारावास की सजा दी। मुख्य आरोपी शाहरुख पर 25 हजार का जुर्माना और सहयोगी मोहम्मद नईम पर भी फाइन लगाया गया। इन दोनों से मिली जुर्माने की कुल राशि पीड़िता के परिवार को दी जायेगी।



### क्या है पूरा मामला

दुमका नगर थाना क्षेत्र में 23 अगस्त 2022 को एक सिरफिरे आशिक ने अपने दोस्त की मदद से 17 वर्षीय नाबालिग किशोरी को सोते वक्त खिड़की से पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी थी। गंभीर रूप से झुलसी किशोरी की इलाज के क्रम में रांची के रिम्स में 27 अगस्त को मौत हो गयी थी। मौत से पहले नाबालिग लड़की ने मजिस्ट्रेट को दिये बयान में आरोपियों का नाम लिया था। इस मामले में पीड़िता के ही अंतिम बयान पर नगर थाना कांड संख्या 200/2022 दर्ज किया गया था। इस केस में विभिन्न धाराओं के साथ पॉक्सो एक्ट की धारा लगायी गयी। अदालत में इस मामले में चली स्पीडी ट्रायल में कुल 51 लोगों की गवाही हुई। इसके बाद अदालत ने इस मामले में इन दोनों आरोपियों को दोषी करार दिया। इस घटना के बाद गिरफ्तार होने के बाद से मुख्य आरोपी शाहरुख हुसैन और उसके सहयोगी मोहम्मद नईम और छोटू सेंट्रल जेल में बंद हैं।

## बांदा जेल में हार्ट अटैक से मुख्तार अंसारी की मौत

**लखनऊ।** बाहुबली और पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की दिल का दौरा पड़ने से बांदा के अस्पताल में मौत हो गयी। जेल में ही उन्हें दिल का दौरा पड़ा। आनन-फानन में उन्हें बांदा मेडिकल कॉलेज लाया गया, पर उन्हें बचाया नहीं जा सका। गुरुवार शाम लगभग 7.30 बजे उन्हें जेल से मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। बताया जा रहा है कि वो बैरक में अचानक बेहोश हो गये थे। मुख्तार अंसारी को दो दिन पहले भी तबीयत खराब होने के कारण मेडिकल कॉलेज लाया गया था, जहां से जांच के बाद उन्हें वापस जेल भेज दिया गया था। उधर मुख्तार अंसारी की मौत के बाद गाजीपुर और बांदा में धारा 144 लगा दी गयी है। बांदा मेडिकल कॉलेज परिसर को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। वहां पैरामिलिट्री फोर्स भी तैनात कर दी गयी है। मुख्तार अंसारी की बीमारी की सूचना के बाद जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह से अलर्ट थी। मुख्तार के परिवारीजनों को भी बीमारी के बारे में जानकारी दे दी गयी थी।

# केजरीवाल को नहीं मिली राहत, कोर्ट ने इडी की रिमांड अवधि बढ़ायी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में सीएम और आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल को राहत नहीं मिली है। गुरुवार को उनकी प्रवर्तन निदेशालय की रिमांड चार दिन बढ़ा दी गयी। दिल्ली के राउज अवेन्यू कोर्ट ने इसे एक अप्रैल, 2024 तक के लिए बढ़ाया है। अब अगली सुनवाई एक अप्रैलको होगी। उन्हें उस दिन दोपहर दो बजे कोर्ट में पेश किया जायेगा।

### फोन से डेटा मिला

समाचार एजेंसी के मुताबिक, दिल्ली सीएम की रिमांड मांगने के दौरान ईडी ने बताया कि एक मोबाइल फोन (अरविंद केजरीवाल की पत्नी) में डेटा निकाला गया है और फिलहाल उसका विश्लेषण किया जा रहा है। हालांकि, अन्य चार डिजिटल डिवाइस से मिला डेटा (सीएम केजरीवाल से जुड़ा) सीज कर दिया गया है, जो कि 21 मार्च, 2024 को दिल्ली सीएम के परिसर से तलाशी के दौरान पाया गया था. यह डेटा निकाला जाना बाकी है। दिल्ली की अदालत से निकलने के बाद दिल्ली सीएम ने दावा किया कि जो कुछ भी हो रहा है, वह राजनीतिक षडयंत्र का हिस्सा है। जनता इसका जवाब देगी।



**खुद दी दलील:** दिल्ली सीएम ने इससे पहले सुनवाई में खुद दलीलें दीं और कहा था कि देश के सामने आप के भ्रष्ट होने की झूठी तस्वीर पेश की जा रही है। उन्होंने वकीलों के मौजूद होने के बावजूद अदालत से अनुमति लेने के बाद दलीलें दीं। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की अदालत में उन्होंने अपनी दलील पेश की। एके को ईडी ने इस मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। बाद में कोर्ट ने उन्हें 28 मार्च तक हिरासत में भेज दिया था। सीएम केजरीवाल के वकील रमेश गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री जांच में सहयोग करना चाहते हैं लेकिन ईडी के आधारों पर नहीं, जिसके लिए एजेंसी उनकी हिरासत अवधि बढ़ाने का अनुरोध कर रही है।

### फर्जी एकाउंट को ले कल्पना ने दर्ज करायी एफआइआर

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन का फर्जी एक्स अकाउंट को लेकर मामला गुरुवार को प्रकाश में आया है। इस संबंध में कल्पना सोरेन ने रांची के गोंदा थाने में मामला दर्ज करायी है। यह फर्जी एक्स अकाउंट जनवरी 2024 से चलाया जा रहा था। पुलिस इस बात का पता लगाने का यी प्रयास कर रही है कि अकाउंट किसके जरिये चलाया जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए रांची साइबर सेल इसकी जांच कर रही है। पुलिस मुख्यालय डीएसपी टू ने गुरुवार को बताया कि मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। डिटेल खंगाला जा रहा है। फिलहाल अकाउंट को बंद कर दिया गया है। साथ ही एक्स से डिटेल मांगा गया है।

### वित्त वर्ष के अंतिम दिन बाजार गुलजार

**मुंबई।** वित्तीय स्थिति में तेजी आने की बदौलत हुई चौतरफा लिवाली से आज चालू वित्त वर्ष के अंतिम कारोबारी दिवस को शेयर बाजार गुलजार हो गया। यह दुनिया के प्रमुख केंद्रीय बैंकों के ब्याज दर में कटौती करने की उम्मीद में विश्व बाजार के सकारात्मक रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर देश का आर्थिक विकास अनुमान बढ़ने और आरबीआई के वैकल्पिक निवेश फंड (एआईएफ) में ऋणदाताओं के निवेश नियमों में ढील दिए जाने के बाद हुई।

### युवती से छेड़छाड़ को लेकर दो पक्षों में तनाव

**खूंटी।** कर्रा थाना क्षेत्र के साप्ताहिक बाजार जलटंडा में लड़की के साथ छेड़छाड़ और मारपीट की घटना को लेकर तनाव का मामला बना हुआ है। इसे लेकर खूंटी जिला प्रशासन तनाव के मामले को शांत कराने के प्रयास में जुटी हुई है। साप्ताहिक बाजार जलटंडा से टुनगांव की युवती के साथ छेड़छाड़ का मामला को लेकर खूंटी थाना क्षेत्र के डुमरदगा गांव के युवक को टुनगांव गांव के युवकों द्वारा गंभीर रूप से मारपीट किया गया। इससे दो पक्षों में तनाव का मामला बना गया।

## एसबीआइ ने दिया झटका, 1 से इस काम के लगेंगे ज्यादा पैसे

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक एसबीआइ के करोड़ों ग्राहकों को अगले सप्ताह से तगड़ा झटका लगने वाला है। दरअसल सरकारी बैंक ने अपने विभिन्न डेबिट कार्ड के लिए सालाना मेंटनेंस चार्ज को बढ़ाने का ऐलान किया है, जो अगले सप्ताह से प्रभावी होने वाला है। एसबीआइ की आधिकारिक वेबसाइट पर दी गयी जानकारी के अनुसार, विभिन्न डेबिट कार्ड के मामले में एनुअल मेंटनेंस चार्ज में 75 रुपये तक की बढ़ोतरी की जा रही है। डेबिट कार्ड के नये एनुअल मेंटनेंस चार्ज 1 अप्रैल 2024 से प्रभावी होंगे। देश में करोड़ों लोग एसबीआई के डेबिट कार्ड का इस्तेमाल करते हैं।

### इस तरह से बढ़ाये गये चार्ज

एसबीआइ के क्लासिक, सिल्वर, ग्लोबल, कॉन्टैक्टलेस डेबिट कार्ड के मामले में अब ग्राहकों को मेंटनेंस चार्ज के रूप में 200 रुपये प्लस जीएसटी का भुगतान करना होगा। अभी यह चार्ज 125 रुपये प्लस जीएसटी है। इसी तरह युवा, गोल्ड, कॉम्बो डेबिट कार्ड, माय कार्ड (इमेज कार्ड) के मामले में 175 रुपये के बजाय 250 रुपये का चार्ज लगेगा। एसबीआइ प्लैटिनम डेबिट कार्ड पर अब 250 रुपये की जगह 325 रुपये का चार्ज लगेगा। प्राइड और प्रीमियम बिजनेस डेबिट कार्ड के लिए सालाना मेंटनेंस चार्ज अब 350 रुपये से बढ़कर 425 रुपये हो हो जायेगा। सभी चार्ज पर अलग से जीएसटी लागू है।

### अब नहीं मिलेगा रिवार्ड

एसबीआई क्रेडिट कार्ड के मामले में भी कुछ बदलाव हो रहे हैं। एसबीआइ कार्ड्स ने इसके बारे में बताया है कि उसके कुछ क्रेडिट कार्ड के मामले में रिवार्ड पॉइंट से जुड़े बदलाव 1 अप्रैल से लागू होने जा रहे हैं। इस बदलाव के तहत कुछ विशेष क्रेडिट कार्ड धारकों को क्रेडिट कार्ड से रेट पेमेंट करने पर अब रिवार्ड पॉइंट का फायदा नहीं मिलेगा। वहीं एसबीआई कार्ड के उन क्रेडिट कार्ड धारकों को भी नुकसान होने वाला है।

## वरुण गांधी ने तोड़ी खामोशी, चिट्ठी में कहा, 'यादों ने भावुक कर दिया'

# मां की उंगली पकड़कर पहली बार पीलीभीत आया था

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीलीभीत से टिकट कटने के बाद भाजपा सांसद वरुण गांधी गुरुवार को पीलीभीत की जनता के नाम भावुक करने वाली एक चिट्ठी लिखी है, जिससे सारी अटकलों पर विराम लग गया है। उनके स्थान पर जितिन प्रसाद को बीजेपी ने टिकट दिया है। अपनी चिट्ठी में वरूण ने लिया-पीलीभीत वासियों को मेरा प्रणाम। आज जब मैं यह पत्र लिख रहा हूं तो अनगिनत यादों ने मुझे भावुक कर दिया है। मुझे वो 3 साल का छोटा सा बच्चा याद आ रहा है, जो अपनी मां की उंगली पकड़ कर 1983 में पहली बार पीलीभीत आया था, उसे कहां पता था एक दिन यह धरती उसकी कर्मभूमि और यहां के लोग उसका परिवार बन जायेंगे।

### अंतिम सांस तक यहां से रहेगा नाता

मैं खुद को सौभाग्यशाली मानता हूं कि मुझे वर्षों पीलीभीत की महान जनता की सेवा करने का मौका मिला। महज एक सांसद के तौर पर ही नहीं, बल्कि एक व्यक्ति के तौर पर भी मेरी परवरिश और मेरे विकास में पीलीभीत से मिले आदर्श, सरलता और सहृदयता का बहुत बड़ा योगदान है। आपका प्रतिनिधि होना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है और मैंने हमेशा अपनी पूरी क्षमता से आपके हितों के लिए आवाज उठायी। एक सांसद के तौर पर मेरा कार्यकाल भने समाप्त हो रहा हो, पर पीलीभीत से मेरा रिश्ता अंतिम सांस तक खत्म नहीं हो सकता। सांसद के रूप में नहीं तो बेटे के तौर पर सही, मैं आजीवन आपकी सेवा के लिए प्रतिबद्ध हूं और मेरे दरवाजे आपके लिए हमेशा पहले जैसे ही खुले रहेंगे। मैं राजनीति में आम आदमी की आवाज उठाने आया था और आज आपसे यही आशीर्वाद मांगता हूं कि सदैव यह कार्य करता रहूं, भले ही उसकी कोई भी कीमत चुकानी पड़े। मेरा और पीलीभीत का रिश्ता प्रेम और विश्वास का है, जो किसी राजनीतिक गुणा- भाग से बहुत ऊपर है। मैं आपका था, हूं और रहूंगा। उन्होंने बता दिया है कि वो मां मेनका गांधी के साथ हैं।



## कल- परसों कई जिलों में फिर बारिश के आसार

**रांची।** राज्य में आने वाले दिनों में बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। येलो अलर्ट मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी किया गया है। केंद्र के अनुसार 29 मार्च को राज्य में आंशिक बादल छाये रहेंगे। इस दौरान लोगों को गर्मी का एहसास होगा। 30 और 31 मार्च को राज्य के कुछ हिस्सों में बारिश होगी। इसमें दक्षिणी, पश्चिमी और निकटवर्ती मध्य हिस्सा शामिल है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो इन हिस्सों को छोड़कर राज्य के अन्य जिलों में इस दौरान आंशिक बादल छाये रहेंगे। रांची, रामगढ़, खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, हजारीबाग, सरायकेला खरसावां, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, पलामू, गढ़वा, गोड्डा समेत अन्य हिस्सों में बारिश की संभावना है। ऐसे में लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। इस दौरान बारिश के साथ ही कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि के साथ तेज हवाएं चलने की जानकारी दी गयी है। राजधानी रांची की बात करें तो 29 मार्च तक राजधानी में बादल छाये रहेंगे। 30 और 31 मार्च को राजधानी में बारिश के साथ वज्रपात और ओलावृष्टि की संभावना व्यक्त की गयी है। तापमान की बात करें तो एक अप्रैल तक न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस और औसतन अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस तापमान रहने की संभावना है।

## लड़की की गला काटकर हत्या करने वाले पवन को आजीवन कारावास

**रांची।** सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त एमसी झा की कोर्ट ने ओरमांझी के रहने वाले पवन गोप को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने उसपर 75,000 रूपये का जुर्माना भी लगाया है। पवन गोप को एकतरफा प्यार में अपनी कथित प्रेमिका की हत्या करने के जुर्म में दोषी करार दिया गया है। अदालत ने जुर्माने की आधी धनराशि मृतका के परिजनों को देने का निर्देश दिया है। पवन गोप पर एक युवती की गर्दन काटकर हत्या करने का आरोप साबित हुआ है। इस युवती की हत्या हुई थी, उसके परिजनों ने रांची के ओरमांझी थाना क्षेत्र में कांड संख्या 36–2019 दर्ज करवाई थी। मृतका के परिजनों की ओर से अधिवक्ता राहुल पांडेय ने बहस की। वहीं, आरोपी पवन की ओर से अधिवक्ता अविनाश पांडेय ने बहस की।

# मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र में भागीदारी का दें संदेश : के रवि कुमार

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड ने धनबाद के मतदाताओं का किया उत्साहवर्धन

### सीईओ ने शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा स्टेडियम में आयोजित मानव श्रृंखला में किया शिरकत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने गुरुवार को धनबाद स्थित शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा स्टेडियम (गोल्फ ग्राउंड) में आयोजित मानव श्रृंखला कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रयोग के जरिए लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने मतदान के लिए उल्लास पूर्ण माहौल तैयार करने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि इससे अधिक-से-अधिक लोग मतदान की प्रक्रिया में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। उन्होंने शहरी मतदाताओं से कहा कि वे अपने निर्वाचक होने के प्रति



जागरूक रहें साथ ही मतदान के दिन घरों से बाहर निकलकर अपने संबंधित मतदान केन्द्र पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

**धनबाद में 25 मई को मतदान है, जरूर करें :** उन्होंने कहा कि निर्वाचक सूची में नाम जुड़वाने के लिए अब भी समय है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अलग-अलग लोकसभा क्षेत्र में मतदाता सूची मे नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म 6 प्राप्त किए जाने की तिथि निर्धारित है। धनबाद में 26 अप्रैल तक बीएलओ के माध्यम से फॉर्म 6 प्राप्त किया जाएगा। 1 अप्रैल 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए 18 वर्ष एवं उससे अधिक आयुवर्ग के छूटे हुए अन्य योग्य नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने हेतु फॉर्म 6 भरकर जमा कर सकते हैं। नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया भी चल रही है। मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में ऑनलाइन भी चेक कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा तैयारी की गई है। उन्होंने कहा कि धनबाद में 25 मई को मतदान है।

**डिस्ट्रिक्ट आईकॉन एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं के सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता जागरूकता में अहम भूमिका निभाने वाले धनबाद की डिस्ट्रिक्ट आईकॉन श्वेता किन्नर एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए डिस्ट्रिक्ट आईकॉन प्रमोद कुमार यादव को सम्मानित किया। साथ ही धनबाद में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया। कविता प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए- राज प्रिया सिंह को सम्मानित किया गया। साथ ही क्विज प्रतियोगिता में -अदिति कुमारी, डार्ट गेम प्रतियोगिता में -सुमन कुमारी, स्लोगन लिखने की प्रतियोगिता में- आस्था कुमारी, मेहंदी प्रतियोगिता में- जूही कुमारी, ड्राइंग प्रतियोगिता में- स्वाति रानी, पेंटिंग प्रतियोगिता में- रूपा चौहान को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

### मानव श्रृंखला का किया अवलोकन

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मानव श्रृंखला का अवलोकन किया। साथ ही स्टेडियम में मतदाता जागरूकता के लिए लगाये गये विभिन्न स्टॉल का निरीक्षण कर, स्वीप कार्यक्रम की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली। साथ ही बैलून उड़ाकर मतदाताओं को मत देने का संदेश दिया। इसके अलावा हस्ताक्षर अभियान में हस्ताक्षर किया एवं सेल्फी बूथ पर सेल्फी लेकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया।
धनबाद उपायुक्त माधवी मिश्रा ने मानव श्रृंखला कार्यक्रम में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप के तहत तैयार किए गए कैलेंडर के अनुसार आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। मतदाता सूची में नाम जोड़ने का कार्य भी साथ–साथ चल रहा है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए व्यावसायिक/निजी संस्थानों एवं सरकारी उपक्रमों में वोटर अवेयरनेस फोरम का भी गठन किया गया है। उन्होंने धनबाद के मतदाताओं से अपील किया कि 25 मई मतदान के दिन अवश्य मतदान करें। मानव श्रृंखला कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, धनबाद की जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा सहित नगर आयुक्त रविराज शर्मा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम विधि व्यवस्था हेमा प्रसाद, डीआरडीए डायरेक्टर राजीव रंजन, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा सहित अन्य पदाधिकारी, डिस्ट्रिक्ट आईकॉन, विभिन्न प्रतियोगिता के प्रतिभागी के अलावा बड़ी संख्या में धनबाद के मतदाता एवं अन्य नागरिकों ने अपनी भागीदारी निभाई।

# एनडीए एकजुट, सुदेश महतो से मिले बाबूलाल, 14 सीटें जीतने की तैयारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** भाजपा-आजसू की गठबंधन लोकसभा चुनाव में एकबार फिर कमाल दिखायेगा। दोनों दलों के बीच 14 सीटों का बंटवारा 13-1 से हो गयी है। भाजपा ने अपने सभी सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है, वहीं आजसू से चन्द्रप्रकाश चौधरी लगातार दूसरी बार गिरिडीह से प्रत्याशी होंगे। इसकी घोषणा भर बाकी है। चुनावी सरगर्मियों के बीच एनडीए नेता झारखंड की सभी 14 सीटों पर जीत हासिल करने के लिए रणनीति बनाते दिखे। कांके रोड स्थित आजसू प्रमुख सुदेश महतो के आवास पर पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने न सिर्फ गिरिडीह सीट पर चर्चा की, बल्कि झारखंड की सभी 14 सीटें जीतने के लिए पूरी ताकत लगाने का संकल्प भी दोहराया। करीब आधे घंटे तक चली इस मुलाकात




के दौरान बीजेपी-आजसू के संयुक्त चुनाव प्रचार के अलावा कई मुद्दों पर चर्चा हुई। गौरतलब है कि झारखंड की 14 सीटों में से बीजेपी 13 सीटों पर चुनाव लड़ने जा रही है जबकि आजसू को एक सीट गिरिडीह दी गई है। 2019 में भी गिरिडीह सीट पर एनडीए के बैनर तले आजसू के चंद्रप्रकाश चौधरी ने जीत हासिल की थी। एक बार फिर यह सीट आजसू के पास है। इसकी औपचारिक घोषणा शुक्रवार 29 मार्च को पार्टी की संसदीय दल की बैठक के बाद होने वाली है।

**'सभी सीटें जीतने की बनाई जा रही रणनीति' :** झारखंड में सभी 14 सीटें जीतने का दावा करते हुए बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि आजसू के साथ हमारा पुराना गठबंधन है। लोकसभा चुनाव के दौरान हम एक बार फिर साथ मिलकर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं, इसलिए झारखंड की सभी 14 सीटें जीतने की रणनीति बनाई जा रही है। आजसू के साथ अनौपचारिक बैठक में चुनाव संबंधी कई मुद्दों पर चर्चा हुई है, हम कल यानी शुक्रवार को इसकी औपचारिक घोषणा करेंगे। इस मौके पर आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने कहा कि एनडीए पूरी ताकत के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी। हम इसके लिए तैयार हैं।

### आजसू पार्टी संसदीय बोर्ड की बैठक आज गिरिडीह प्रत्याशी पर होगा निर्णय

**रांची।** आजसू पार्टी के संसदीय बोर्ड की बैठक शुक्रवार को सुबह 10 बजे से हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में होगी। इस बैठक में संसदीय बोर्ड के सभी सदस्य शामिल होंगे। इस बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारी पर चर्चा होगी। साथ ही गिरिडीह संसदीय क्षेत्र से लोकसभा उम्मीदवार की घोषणा की जायेगी। भाजपा ने गठबंधन में गिरिडीह सीट आजसू को दिया है। आजसू से गिरिडीह सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी हैं। एक बार फिर देश की जनता ने मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने का निश्चय किया है। विकसित झारखंड के लक्ष्य को जनता के सहयोग से हम सभी को मिलकर पूरा करना है। चुनाव की रणनीति को लेकर गठबंधन के शीर्ष नेतृत्व का चिंतन-मंथन आने वाले दिनों में भी जारी रहेगा। इंडिया गठबंधन का उद्देश्य जनता की सेवा नहीं सिर्फ सत्ता का लालच है। इनसे न सीटों का बंटवारा हो पा रहा है न उम्मीदवारों का ऐलान। इनके पास चुनाव लड़ने के लिए कोई विजन भी नहीं है।

# महाभारत की तरह धर्मसंकट में कई सियासी परिवार





उदय चौहान

**रांची।** सियासी महासमर में कई राजनेताओं के समक्ष धर्मसंकट उत्पन्न हो गया है। दरअसल, शिबू सोरेन के अलावा भाजपा नेता नीलकंठ सिंह मुंडा को अपने करीबियों के खिलाफ चुनाव प्रचार में कूदना पड़ सकता है। शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन दुमका से भाजपा की उम्मीदवार हैं। वहीं, खूंटी से कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा चुनावी मैदान में है। इनके अपने सगे-संबंधी ही दूसरी पार्टी से में हैं। ऐसे नेता की पहली प्राथमिकता अपनी पार्टी होगी या फिर परिवार, यह देखना दिलचस्प होगा। चर्चा है कि नीलकंठ सिंह मुंडा न केवल अपने भाई के ही विरोध में चुनाव-प्रचार करेंगे। बल्कि खूंटी से विधायक होने के नाते भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा को बढ़त दिलाने की भी उनके समक्ष चुनौती होगी। हालांकि नीलकंठ स्पष्ट कर चुके हैं कि पहले उनकी पार्टी है और कोई बाद में है। मालूम हो कि कालीचरण मुंडा कांग्रेस के टिकट पर ही लगातार तीसरी बार चुनाव मैदान में होंगे। पिछले लोकसभा चुनाव में इन्होंने भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा को कड़ी टक्कर दी थी। बहुत ही कम मतों से कालीचरण की हार हुई थी। इससे पहले वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में भी कालीचरण चुनाव मैदान में थे। उस समय ये तीसरे स्थान पर रहे थे।

ससुर-दामाद के रूप में क्रमशः मथुरा महतो और जेपी पटेल भिन्न सीटों पर चुनाव मैदान में होंगे। ससुर मथुरा महतो भी गिरिडीह से चुनाव लड़ना चाह रहे हैं। उनके दामाद जेपी पटेल को कांग्रेस से हजारीबाग सीट के लिए टिकट मिल चुका है। हालांकि एक ही खेमे में होने के कारण दोनों के समक्ष धर्म संकट की ऐसी स्थिति नहीं होगी। इस बार दोनों अलग-अलग सीट से लोकसभा चुनाव में होंगे। पटेल को कांग्रेस ने हजारीबाग संसदीय सीट से प्रत्याशी घोषित कर दिया है। जबकि मथुरा प्रसाद महतो की उम्मीदवारी की घोषणा नहीं हुई है। कांग्रेस ने भी जिन तीन प्रत्याशियों की घोषणा की है। इनमें तीनों का किसी न किसी रूप से भाजपा से संबंध रहा है। कालीचरण मुंडा जहां भाजपा नेता सह पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा के अपने भाई हैं। वहीं, सुखदेव भगत और जेपी पटेल भी क्रमशः कांग्रेस और झामुमो को छोड़कर भाजपा में रह चुके हैं। सुखदेव भगत ने अपनी पार्टी में वापसी की तो जेपी पटेल ने इस बार कांग्रेस का दामन थाम लिया है। कांग्रेस ने दोनों नेताओं को क्रमशः लोहरदगा और हजारीबाग से अपना उम्मीदवार बनाया है।

खैर! लोकसभा चुनाव में खेला होना तय है। सभी दलों के नेता एक-दूसरे पर पैनी नजर रखे हैं और समय पर चुनाव प्रचार में एक-दूसरे के खिलाफ दम दिखायेंगे।

> इस सियासी महासमर में कई दिग्गज परिवार ऐसे हैं जिनके सदस्य अपनों के ही खिलाफ चुनाव प्रचार करते दिख सकते हैं। शिबू परिवार के अलावा कुछ अन्य परिवारों में भी ऐसी ही स्थिति होने वाली है। कांग्रेस ने कालीचरण मुंडा को खूंटी से टिकट दिया है। ऐसे में भाजपा नेता नीलकंठ सिंह मुंडा के लिए धर्मसंकट होगा।

## सीआईडी मुख्यालय में पीपिंग सेरेमनी का आयोजन

**रांची।** सीआईडी मुख्यालय में गुरुवार को पीपिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस दौरान डीएसपी से एएसपी रैंक में प्रोन्नत हुए दीपक कुमार और एएसआई से एसआई बने छह पुलिस पदाधिकारियों को सीआइडी डीजी अनुराग गुप्ता और डीआईजी ने बैच लगाकर बधाई और शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम ने सीआईडी के सभी पदाधिकारी और कर्मी शामिल हुए।


**Govt. of Jharkhand**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
Field Survey Division, Advance Planning,
Road Construction Department,
Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk,
Doranda, Ranchi-834002
e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in

**शुद्धि पत्र**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालय द्वारा निर्गत e-Tender Reference No RCD/FSD /AP/ RAN/75/23-24 दिनांक 07.03.2024 जिसका पी0आर0न0–323018 Road (23–24) D है में निविदा जमा करने एवं खोलने की तिथि में संशोधन किया गया है, जिसे निम्न प्रकार पढ़ा जाय। शेष शर्तें यथावत रहेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 15.04.2024, 05.00 PM |
| 2- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 30.04.2024, 12.30 PM |
| 3- | Date and Timing of Bid opening | 02.05.2024, 12.30 PM |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer.,Field Survey Division, A.P
Road Construction Department, Ranchi.

PR 323391 (Road)23-24*D



**कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, राँची**
**लोक सभा आम निर्वाचन, 2024**
**(कार्मिक कोषांग)**

**प्रेस विज्ञप्ति**

लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के निर्वाचन कार्य सम्पन्न कराये जाने हेतु केन्द्र सरकार/राज्य सरकार के कार्यालय/ प्रतिष्ठान/निकाय/शैक्षणिक संस्थान में सेवारत पदाधिकारी/ कर्मचारी की नियुक्ति पीठासीन/मतदान पदाधिकारी के दायित्व निर्वहन हेतु की गयी है। नियुक्त उक्त पीठासीन/मतदान पदाधिकारियों में से कतिपय पीठासीन/मतदान पदाधिकारियों ने अपने स्वास्थ्य कारणो से निर्वाचन कार्य से विमुक्त किए जाने हेतु अभ्यावेदन समर्पित किया है।

वैसे सभी पीठासीन/मतदान पदाधिकारी जिन्होंने स्वास्थ्य कारणो से निर्वाचन कार्य से विमुक्ति का अनुरोध पत्र समर्पित किया है, उनका स्वास्थ्य परीक्षण हेतु असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, राँची की अध्यक्षता में मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया है।

इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से वैसे सभी पीठासीन/मतदान पदाधिकारियों को निदेशित किया जाता है कि वे दिनांक 27.03.2024 से 30.03.2024 तक किसी भी कार्य दिवस में सदर अस्पताल, राँची में मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित होकर स्वास्थ्य परीक्षण करायेंगे, ताकि मेडिकल बोर्ड के प्रतिवेदन/अनुशंसा पर निर्वाचन कार्य से मुक्त करने की दिशा में निर्णय लिया जा सके।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, राँची।

PR.NO.323390Ranchi(23-24):D


# दिल्ली से रांची आने पर सीता सोरेन का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीता सोरेन गुरूवार को भाजपा मुख्यालय पहुंची। उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद शिबू सोरेन की बड़ी बहू और दुमका संसदीय क्षेत्र की लोकसभा प्रत्याशी सीता सोरेन नई दिल्ली से रांची पहुंची। एयरपोर्ट पर रांची महानगर भाजपा अध्यक्ष वरुण साहू के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया। रांची की धरती पर सीता सोरेन ने भगवान बिरसा मुंडा एवं स्व दुर्गा सोरेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की, नमन किया। सीता सोरेन का काफिला भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचा जहां उनका महिला मोर्चा ने जोरदार स्वागत किया। सीता सोरेन ने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी



प्रदेश, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, सांसद आदित्य साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकताओं से मुलाकात की और परिचय प्राप्त किया। बाबूलाल मरांडीए नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ से सीता सोरेन का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि झामुमो में महिलाओं का सम्मान नही है। वे लगातार पार्टी और परिवार में अपमानित महसूस कर रही थी। इसलिये बड़ा राजनीतिक फैसला लिया। उन्होंने कहा कि आज भाजपा ही देश और प्रदेश का विकास कर सकती है। नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश और दुनिया में भारत का झंडा बुलंद हुआ है। देश का गौरव बढ़ा है। भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में मोदी सरकार का संकल्प पूरा हो रहा। महिलाओं केलिए 33 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था हुई। देश के सर्वोच्च पद पर आज आदिवासी समाज की महिला आसीन हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा। लोकसभा चुनाव में झारखंड की 14सीट एवं देश में एनडीए 400 सीट का आंकड़ा पार करेगा। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक एवं प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव भी उपस्थित थे।

## वित्तीय वर्ष क्लोजिंग को ले कल खुले रहेंगे सभी सरकारी कार्यालय

**रांची।** झारखंड सरकार के सभी सरकारी कार्यालय को वित्तीय वर्ष 2023 -24 के क्लोजिंग कार्यों को निपटाने के लिए 30 मार्च को खोल दिया गया है। इस दिन झारखंड सचिवालय सहित वैसे सभी कार्यालय, जहां शनिवार को अवकाश रहता है, वह खुले रहेंगे। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। रविवार को राज्य के ट्रेजरी ऑफिस भी खुले रहेंगे। वित्तीय वर्ष की क्लोजिंग को लेकर राज्य के सभी सरकारी विभाग रेस हैं।

# सीसीएल ने चार दिन शेष रहते वित्तीय वर्ष 2023-24 का 84 मिलियन टन के उत्पादन को लक्ष्य प्राप्त किया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीसीएल ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए निर्धारित कोयला उत्पादन लक्ष्य 84 मिलियन टन 4 दिन शेष रहते प्राप्त किया। ज्ञात हो कि 84 मिलियन टन अभी तक का सबसे अधिक उत्पादन लक्ष्य था। सीसीएल के अधिकतर क्षेत्रों ने समय से पहले ही अपना उत्पादन लक्ष्य प्राप्त किया है। मालूम हो कि भारत सरकार, राज्य सरकार, कोल इंडिया लिमिटेड, सहयोगी कंपनियों, स्थानीय प्रशासन तथा हितधारकों के सराहनीय मदद से उसने समय से पहले अपना उत्पादन लक्ष्य प्राप्त किया है। इस संबंध में सीसीएल के



सीएमडी, निदेशकगण, मुख्यालय के विभागाध्यक्षों एवं क्षेत्रों के महाप्रबन्धकों को लेकर एक टीम बनाई गयी थी, जो लगातार उत्पादन प्रक्रिया का मॉनिटरिंग एवं सहयोग कर रही थी। यह टीम क्षेत्रों में जाकर कामगारों के उत्साह वर्धन कर रही थी ताकि सीसीएल के सभी अधिकारी एवं कर्मी एक टीम भावना के तहत कार्य करें जिसके फलस्वरूप सीसीएल ने समय से पहले ही अपना उत्पादन लक्ष्य प्राप्त कर लिया। ज्ञात हो कि सीसीएल झारखंड के आठ जिलों क्रमशः रांची, रामगढ़, हजारीबाग, चतरा, बोकारो, गिरिडीह, पलामू और लातेहार में खनन गतिविधियां संचालित कर रहा है। सीसीएल द्वारा कोयले की आपूर्ति उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और झारखंड सहित देश के अन्य राज्यों में स्थित देश के विभिन्न ताप विद्युत संयंत्रों को की जा रही है। सीसीएल अपने कमान क्षेत्रों एवं आस-पास के हितधारकों के समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा सीसीएल द्वारा अनेकों जन कल्याणकारी योजनाएं परिचालित की जाती हैं। इन योजनाओं का लाभ सीसीएल का कमान क्षेत्रों एवं आस-पास के लोगों को मिलता है। सीसीएल प्रतिदिन श्रमिक दिवस एवं प्रत्येक शुक्रवार एवं मंगलवार को कोयला उत्पादन दिवस मना रहा है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर सीसीएल के सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी सहित सभी निदेशकगण ने पूरे सीसीएल परिवार को हार्दिक बधाई दी और कहा कि सभी बाधाओं को पार कर इस कठिन कार्य को करने में पूरे सीसीएल परिवार का सराहनीय योगदान है और आगे भी टीम सीसीएल इसी तरह नए नए कीर्तिमान स्थापित करती रहेगी।

स्पीड न्यूज


## प्रमथनगर में 31 को सौरव की स्वर्ण जयंती

जमशेदपुर। शहर की सांस्कृतिक संस्था सौरव ने संस्था के स्थापना के स्वर्ण जयंती के अवसर पर दिनांक 31 मार्च 2024 संध्या 6 .30 बजे कॉलेज रोड, प्रमथनगर स्थित सौरव सभागार में संस्था के प्रशिक्षु कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जायेगी। कार्यक्रम में कलाकारों के द्वारा लोक नृत्य, शास्त्रीय गायन, शास्त्रीय नृत्य एवं वाद्ययंत्र की प्रस्तुति दी जायेगी।

## साकची बंगाल क्लब में दो को मनेगा जीण माता का वार्षिक महोत्सव

जमशेदपुर। साकची बंगाल क्लब में आगामी 02 अप्रैल मंगलवार को श्री जीण माता का भव्य 18वां वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा, जिसकी सभी तैयारियां अंतिम चरण पर हैं। इस संबंध में श्री जीण माता परिवार जमशेदपुर के अध्यक्ष राजकुमार रिंगसिया और महोत्सव कार्यक्रम के संयोजक मनीष खन्ना ने गुरूवार को संयुक्त रूप से एक प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर बताया कि साकची बंगाल क्लब के एसी हॉल में दोपहर 03 बजे से मां भवानी जीण शक्ति का मंगल पाठ और संध्या साढ़े आठ (08.30) बजे से भजनों की अमृत वर्षा होगी।

## बीएसीईटी : मैकेनिकल के छात्र नवकिशोर को मिला प्लेसमेंट



जमशेदपुर। बी ए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, घुटिआ, जमशेदपुर के मैकेनिकल इंजीनियरिंग अ विभाग अंतिम वर्ष के मेधावी छात्र नवकिशोर महतो का चयन निरिक्षण, परिक्षण आधारित कंपनी मनुपमा टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड में आकर्षक पैकेज पर हुआ है। कंपनी ने अपने एच आर कार्यालय जमशेदपुर में 12 मार्च 2024 को साक्षात्कार लिया था। छात्र 1 अप्रैल 2024 से कंपनी की जमशेदपुर स्थित कार्यालय में 9 महीने के प्रशिक्षण में रहेंगे। नवकिशोर की सफलता पर कॉलेज के चेयरमैन डॉ शिव कुमार सिंह, प्राचार्या डॉ डॉली चक्रबोर्ती, उप प्राचार्या सुश्री अनुमिता सेन गुप्ता, टीपीओ श्री राहुल सिंह एवं सभी फैकल्टी ने बधाई तथा उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनायें दी।

## वकीलों ने लिफ्ट समेत 3 मामलों पर मांगपत्र दिया

जमशेदपुर। जिला व्यवहार न्यायालय भवन की लिफ्ट ठीक करने सहित तीन मामलों को लेकर जिला रजिस्ट्रार को एक मांग पत्र वकीलों ने सामूहिक रूप से दिया और इसकी प्रति झारखंड उच्च न्यायालय के रजिस्टर को भी भेजी गई। इन मांगों के समाधान हेतु वरीय अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। पूछे जाने पर अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने बताया कि जिला न्यायालय भवन की दोनों लिफ्ट प्राय खराब रहती है और इससे बुजुर्ग वकील एवं पक्षकारों को पहले और दूसरे तल में जाने में तकलीफ हो रही है। किसी किसी कोर्ट रूम में वकीलों के बैठने के लिए पर्याप्त संख्या में बेंच नहीं है और उनकी नियमित रूप से सफाई नहीं होती है, धूल जमी रहती है। इसके अतिरिक्त जिला व्यवहार न्यायालय में सैकड़ो पक्षकार और गवाह सम्बन्धित कोर्ट में उपस्थित होना होता है, ठोस जानकारी के अभाव में कई बार एक फ्लोर से दूसरे फ्लोर में भटकना पड़ता है।

## टाटा स्टील यूआइएसएल बस्तियों में देगी कनेक्शन

जमशेदपुर। गुरुवार को जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा के विधायक सरयू राय की अनुसंशा और लगातार प्रयास के बाद टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड सर्विसेज लिमिटेड (जुस्को) द्वारा निम्नलिखित बस्तियों में पानी देने की सहमति प्रदान की है। सबसे पहली बस्ती बमामाईंस चुना भट्ठा बस्ती दूसरा मनीफिट .06. नंबर, 07.नंबर। दोनों बस्तियों में जुस्को के अधिकारी में भ्रमण कर पेयजल आपूर्ति प्रारंभ करने हेतु निरक्षण किया गया।

# जमशेदपुर सीट पर रिकार्ड मतों से हैट्रिक बनायेगी भाजपा : सुधांशु ओझा

## भाजपा की आंधी + विद्युत का मिलनसार स्वभाव + सांगठनिक क्षमता = जीत

सत्येन्द्र कुमार

जमशेदपुर। भारतीय जनता पार्टी ने जमशेदपुर लोकसभा सीट पर एक बार फिर विद्युतवरण महतो को अपना उम्मीदवार बनाया है। महतो लोकसभा में सबसे सक्रिय सदस्यों में रहे हैं और वे अपने निर्वाचन क्षेत्र को लेकर अक्सर सरकार के मंत्रियों एवं सदन में मुखर रहते हैं। भारतीय जनता पार्टी का मानना है कि अपनी स्वच्छ छवि, क्षेत्र में सक्रियता एवं संसद में क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाने के साथ-साथ पार्टी की सांगठनिक क्षमता के बूते विद्युतवरण महतो तीसरी बार कमल छाप के जरिए लोकसभा के लिए चुने जायेंगे। इसी को लेकर खबर मन्त्र ने गुरुवार को भाजपा के जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा से बेबाक बातचीत की। प्रस्तुत है **बातचीत के मुख्य अंश :**

**सवाल :** दो माह पूर्व आपने पार्टी की कमान संभाली है, और अब सर पर चुनाव है। चुनाव को लेकर भाजपा कितनी तैयार है?



**सुधांशु ओझा :** भारतीय जनता पार्टी एक जनाधार वाली पार्टी है। हम एकमात्र पार्टी हैं जो बूथ स्तर पर सक्रिय है बल्कि जनता के दुःख-सुख में सालो भर भागीदार रहती है। पार्टी के कैडर चुनाव के लिए कमर कस चुके हैं, अध्यक्ष के नाते मेरा दायित्व है कि कार्यकर्ताओं की क्षमता को एक सूत्र में बांध कर भाजपा के 400 कमल खिलाने के लक्ष्य में जमशेदपुर से भी एक कमल पुनः खिलायें। इसके लिए मैंने जमशेदपुर के 28 मंडलों में बारी-बारी से कार्यकर्ताओं के साथ सीधी बैठक शुरू कर दी है। 10 अप्रैल तक सभी 28 मंडलों की बैठक पूरी कर ली जायेगी। जहां तक संगठनात्मक बदलाव की प्रक्रिया पूरी करने की बात है तो पहले खाली पड़े पदों को भरना था, उसे भर दिया गया है। दो उपाध्यक्ष एवं एक मंत्री के खाली पद को भरा गया। शेष पदों पर लोकसभा चुनाव पश्चात पुनर्गठन होगा। यह पुनर्गठन मंडल स्तर से लेकर मोर्चा, प्रकोष्ठ स्तर पर लागू किया जायेगा। तब तक लोकसभा चुनाव में मौजूदा टीम की क्षमता भी देखने को मिल जायेगी। इसलिए सभी मंडल एवं प्रकोष्ठों को पूरी ताकत लोकसभा चुनाव में झोंक देने के लिए कहा गया है। चुनाव में जहां जैसा प्रदर्शन होगा उस आधार पर ही सांगठनिक बदलाव पर विचार किया जायेगा। यानी नो परफार्मेस,नो कंटिन्यूटी। संगठन में सभी समूहों एवं जातियों को बिना भेदभाव के उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना भी मेरी प्राथमिकता है ताकि उनके बीच बेहतर नेतृत्व क्षमता विकसित की जा सके।

**सवाल :** जमशेदपुर सीट पर अब तक किसी एक उम्मीदवार ने लगातार तीसरी बार जीत हासिल नहीं की है? ऐसे में भाजपा उम्मीदवार विद्युतवरण महतो की हैट्रिक की कितनी उम्मीद आप करते हैं?

**सुधांशु ओझा :** भारतीय जनता पार्टी की जमशेदपुर सीट पर सफल हैट्रिक के तीन संकेत आप देख सकते हैं। पहला कि पूरे देश में बीते एक दशक में भारतीय जनता पार्टी और हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी की लोकप्रियता दिनों दिन नयी ऊंचाई हासिल कर रही है। नरेंद्र भाई नेता देश के एकमात्र जननेता हैं जिनके विचारों को लोग बेहद आदर से लेते हैं। दूसरी बात, भाजपा का बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक कुशल सांगठनिक क्षमता और तीसरी बात कि हमारे प्रत्याशी एवं वर्तमान सांसद विद्युतवरण महतो लगातार दो टर्म से न सिर्फ आम से लेकर खास जन के मुद्दों का समाधान कराने में सफल रहे हैं बल्कि उनकी सरलता, मिलनसार स्वभाव और जनता के बीच आसान उपलब्धता हमारे लिए बहुत बड़ी ताकत साबित होने जा रहा है। ये तीन विशेषताएं इस बात की गारंटी देती हैं कि जमशेदपुर सीट पर भाजपा की हैट्रिक तय हो चुकी है। सच बात यह है कि अब पार्टी पिछले चुनाव से ज्यादा मार्जिन हासिल करने के लिए काम कर रही है। हम अपने कार्यकर्ताओं के दम पर यह सच कर दिखायेंगे।



**सवाल :** जमशेदपुर सीट पर विपक्षी उम्मीदवार को लेकर भाजपा में कोई जिज्ञासा?

**सुधांशु ओझा :** देखिए, बीते दो दशक से भारतीय जनता पार्टी और केंद्र की मोदी सरकार जिस तरह समर्पित होकर काम कर रही है उसको देखते हुए विपक्षी नेताओं के लिए चुनाव में कुछ करने के लिए बच नहीं गया है। विपक्षी नेता भी जानते हैं कि चुनाव में जनता का विश्वास मत भाजपा को ही मिलने जा रहा है इसलिए वे अपना संसाधन खर्च करना व्यर्थ समझते हैं। भाजपा की आंधी में जमशेदपुर सीट पर विपक्ष तिनके की तरह उड़ जायेगा। देखिएं, विपक्ष को जमशेदपुर सीट पर प्रत्याशी तक नहीं मिल रहा है। यह स्थिति राष्ट्रीय स्तर पर भी है।

**सवाल :** पार्टी हर घर तक पहुंचने के लिए क्या कर रही है?

**सुधांशु ओझा :** मातृ शक्ति वंदन, लाभार्थी संपर्क और माइक्रो डोनेशन के जरिए भाजपा घर-घर जाकर आम मतदाताओं से मिल रही है। मातृ शक्ति, लाभार्थी जन और युवा शक्ति मिल कर इस लोकसभा चुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित करने में सक्रिय भूमिका निभाने जा रहे हैं।

**सवाल :** सिंहभूम सीट की सांसद गीता कोड़ा और पूर्व सीएम व उनके पति मधु कोड़ा के भाजपा में शामिल होने से कोल्हान के मतदाताओं के बीच किस तरह का प्रभाव पड़ने जा रहा है।

**सुधांशु ओझा :** गीता और उनके पति मधु कोड़ा पूरे कोल्हान के आदिवासी समुदाय में न सिर्फ सक्रिय रहे हैं बल्कि उनके कल्याण के लिए समर्पित भी रहे हैं। आदिवासी समुदाय में कोड़ा दंपत्ति की लोकप्रियता का कोई सानी नहीं है। भाजपा में उनके आने से जहां सिंहभूम सीट पर कमल खिलना तय हो गया है बल्कि इनका सकारात्मक असर जमशेदपुर, खूंटी और रांची सीट पर भी पड़ने जा रहा है।



**सवाल :** आमतौर पर शिकायत रही है कि भाजपा को अपनी जवानी देकर सींचने वाले पुराने वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं को हासिये पर डाल दिया गया है? यह शिकायत आप कैसे ले रहे हैं?

**सुधांशु ओझा :** मेरा जन्म ही एक संघी परिवार में हुआ है। बचपन से ऐसे समर्पित कार्यकर्ताओं और नेताओं को मैंने देखा और सुना है। मैं राष्ट्रवाद की विचारधारा से प्रेरित हूं। मेरे लिए जाति नहीं दलीय विचारधारा बहुत महत्व रखता है। जहां तक पुराने नेताओं, कार्यकर्ताओं की बात है तो यह बेहद अनुभवी और क्षमतावान पीढ़ी है। मैं उनसे बारी-बारी से मिल रहा हूं, आर्शीवाद और मार्गदर्शन ले रहा हूं। चुनाव में भी ऐसे समर्पित एवं निष्ठावान भाजपा एवं संघी कार्यकर्ताओं की सक्रियता हम सुनिश्चित करेंगे। हर पीढ़ी और उम्र के कार्यकर्ताओं के बीच तालमेल बैठा कर चलना भी मेरी प्राथमिकता है।



**सवाल :** जमशेदपुर सीट पर आदिवासी, मूलवासी के बीच पार्टी की सक्रियता के बारे में बतावें ?

**सुधांशु ओझा :** भारतीय जनता पार्टी का जो सांगठनिक ढांचा है उसमें अनुसूचित जाति, जनजाति, मूलवासी से लेकर हर वर्ष के लिए प्रर्याप्त भागीदारी दी गयी है। हमारे महानगर उपाध्यक्ष श्रीमती बारी मुर्मू हैं जो जिला परिषद की अध्यक्ष भी हैं पे आदिवासी समाज में बेहद समर्पित होकर काम कर रही हैं। इनके अलावा प्रदीप बेसरा इन तबके के बीच बेहद सक्रिय हैं, और चुनाव में निश्चित रुप से भाजपा को इसका लाभ मिलेगा। मैंने नोटिस किया है कि आदिवासी समुदाय के बीच धर्मान्तरण के लिए इसाई मिशनरियां फिर सक्रिय हो रही हैं। उनकी मंशा को सफल नहीं होने देना भी हमारी प्राथमिकता है। चुनाव पश्चात हम उन परिवारों से एक-एक कर मिलेंगे जिन्होंने दूसरा धर्म अपना लिया है। हम उन्हें घर वापसी कराने के लिए अभियान चलायेंगे।

# लोकसभा चुनाव : सरकारी और निजी भवनों में बिना इजाजत के झंडे लगाने वालों की खैर नहीं

- आचार संहिता का कड़ाई से पालन करें राजनीतिक दल : जिला निर्वाचन पदाधिकारी
- राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ डीसी ने की बैठक, दिये कई निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। लोकसभा चुनाव 2024 के सफल संपादन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आहूत की गयी। परियोजना निदेशक



राजनीतिक दलों के साथ बैठक करते डीसी अनन्य मितल व अन्य पदाधिकारी।

आईटीडीए दीपाकंर चौधरी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनंत कुमार ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा है कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं हो इसे संबधित प्रत्याशी एवं राजनीतिक दल सुनिश्चित करेंगे।

बैठक में निर्देश दिया कि लोकसभा चुनाव में सभी राजनैतिक दल एवं उम्मीदवार कहीं भी सरकारी भवन तथा निजी इमारतों पर बिना अनुमति के चुनाव प्रचार सामग्री नहीं लगाएंगे। संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत ऐसे मामले में प्रत्याशी या पार्टी के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। चुनाव की घोषणा के साथ ही जिला में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है, जिसका सभी पार्टियों व उम्मीदवारों को कड़ाई से पालन करना है। इस दौरान कोई भी उम्म्मीदवार किसी दूसरे प्रत्याशी पर कोई भी व्यक्तिगत, जातिगत, धार्मिक या पारिवारिक भावनाओं को ठेस पहुंचानी वाली बातें ना बोलें। परियोजना निदेशक आईटीडीए ने कहा कि चुनाव आयोग ने सी-विजिल के नाम से मोबाइल एप शुरू किया है। इस एप पर कोई भी नागरिक या उम्मीदवार आचार संहिता की अवहेलना कहीं हो रही है तो उसकी फोटो खिंच कर भेज सकता है, जिस पर सौ मिनट में कार्रवाई की जाएगी। मतदाताओं की सुविधा के लिए टोल फ्री नंबर 1950 भी शुरू कर दिया गया है जिस पर किसी भी प्रकार की शिकायत या जानकारी ली जा सकती है। बैठक में बताया गया कि चुनाव में वाहनों का इस्तेमाल, रैली या जलसा करने, लाऊडस्पीकर बजाने आदि की प्रशासन से पहले अनुमति लेनी होगी।

## क्षेत्र के सुदूरवर्ती बूथों का एसएसपी ने लिया जायजा



एक बूथ का निरीक्षण करने के पश्चात निर्देश देते एसएसपी किशोर कौशल। साथ में ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग।

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक, जमशेदपुर द्वारा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के साथ एमजीएम थाना अंतर्गत सुदूरवर्ती कालाजोर, भुरसाघुटू, नरगा, सुखलारा, दलदली, कुडलूंग, डालापानी, शीलपहाड़ी आदि क्लस्टर और बूथों का निरीक्षण किया गया और सुरक्षा संबंधी आवश्यकताओं की समीक्षा की गयी।

## राष्ट्रीय मारवाड़ी अधिवेशन में शामिल होने जमशेदपुर की 17 महिलाएं पहुंची पारसनाथ

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। मारवाड़ी महिला सम्मेलन का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन 29 एवं 30 मार्च को पारसनाथ के विशाल गुणायतन सभागार (गिरिडीह जिला, झारखंड) में होने जा रहा हैं, जिसकी सभी तैयारियां पुरी कर ली गयी हैं। इस राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होने के लिए गुरूवार 28 मार्च को रेल एवं सड़क मार्ग से जमशेदपुर से 17 महिलाएं पारसनाथ पहुंच गयी हैं।



जिसमें वर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष मंजू खंडेलवाल, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जया डोकानिया, लता अग्रवाल, राष्ट्रीय शाखा विस्तार प्रमुख बीना खीरवाल, प्रदेश सचिव प्रभा पड़िया, प्रदेश कोषाध्यक्ष सुशीला खीरवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष विभा दुदानी, जमशेदपुर शाखा अध्यक्ष बीना अग्रवाल, सचिव सीमा अग्रवाल सहित मंजू मुसद्दी, सविता खीरवाल, सीमा सावा, सुनीता भालोटिया, मीरा अग्रवाल, कुसुम अग्रवाल, संतोष धुत, सुलभा अग्रवाल शामिल हैं। इसमें शामिल होने के लिए पूरे भारतवर्ष से लगभग 800 महिलाएं आ रही हैं।

## सिंहभूम चेंबर ने इंडिया वन एयर की नयी बैगेज नीति पर विरोध जताया

- नागरिक उड्डयन महानिदेशक से किया हस्तक्षेप का आग्रह

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। सिंहभूम चैम्बर ने एयरलाइंस कंपनी इंडियावन एयर की नई बैगेज नीति पर आपत्ति जताते हुये इसके विरोध में नागरिक उडड्यन महानिदेशक, नई दिल्ली को पत्र लिखकर इसपर इंडियावन एयर को अपनी इस नई नीति पर फिर से समीक्षा करने हेतु हस्तक्षेप करने का आग्रह करते हुये इसपर उनका ध्यानाकृष्ट कराया है। तथा इसकी प्रतिलिपि प्रधानमंत्री कार्यालय एवं नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को भी प्रेषित किया गया है। यह जानकारी अध्यक्ष विजय आनंद मूनका एवं मानद महासचिव मानव केडिया ने संयुक्त रूप से दी। अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने कहा कि यात्री अगर अपने गंतव्य तक जाने के लिये हवाई यात्रा करता है तो वह आसान और आरामदायक यात्रा के लिये स्वयं ही कम बैगेज ले जाने की कोशिश करता है। लेकिन कभी-कभी आवश्यकतानुरूप बैगेज के वजन की मात्रा बढ़ जाती है।



चेंबर अध्यक्ष विजय मूनका।

## मतदान केंद्रों के वल्नरेबल मैपिंग को लेकर बैठक

- एसएसपी, डीडीसी, सिटी एसपी, रूरल एसपी, पी.डी- आईटीडीए समेत अन्य पदाधिकारी रहे मौजूद

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। मतदान केंद्रों के वल्नरेबल मैपिंग के संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में बैठक हुई। समाहरणालय स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में एसएसपी किशोर कौशल, डीडीसी मनीष कुमार, सिटी एसपी मुकेश लुणायत, रूरल एसपी ऋषभ गर्ग, पीडी- आईटीडीए श्री दीपांकर चौधरी, एसडीएम धालभूम श्रीमती पारूल सिंह, एसडीएम घाटशिला सच्चिदानंद महतो समेत अन्य पदाधिकारी बैठक में मौजूद रहे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों की समीक्षा में कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एनं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने को लेकर वल्नरेबल बूथ की पहचान करने में किसी प्रकार का समझौता नहीं करें। वल्नरेबल बूथ की पहचान अभी से कर लेंगे।

## रामनवमी महोत्सव की तैयारी में जुटी 187 लाइसेंसी और 6 गैर लाइसेंसी अखाड़ा समितियां

- केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति जमशेदपुर की बैठक
- धूमधाम से रामनवमी महोत्सव मनाने का लिया गया निर्णय

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति जमशेदपुर की बैठक गुरुवार को अध्यक्ष आशुतोष सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। साकची के उत्कल एसोसिएशन सभागार में सम्पन्न हुई बैठक में समिति के तमाम पदाधिकारियों के संग शहर के 187 लाइसेंसी अखाड़ा समिति एवं 6 गैर लाइसेंसी अखाड़ा समिति के अध्यक्ष व सदस्यगण मुख्यरूप से शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से रामनवमी महोत्सव को पूरे भव्य रूप में मनाने एवं अखाड़ा जुलूस भव्य रूप से निकालने का निर्णय लिया गया। बताया गया कि शहर के अलग-अलग अखाड़ा से भव्य जुलूस निकाली जाएगी। बैठक में तय किया गया कि अखाड़ा समिति अपने क्षेत्र में बैठक कर शांतिपूर्ण अखाड़ा जुलूस निकालने हेतु रूपरेखा बनाएंगे। बैठक में रामनवमी महोत्सव के सफल आयोजन में जिला प्रशासन के सकारात्मक सहयोग से शांतिपूर्ण और भव्य जुलूस निकालने पर कार्ययोजना बनाई गई। इस दौरान तय किया गया कि इस बार शहर में रामनवमी महोत्सव 9 अप्रैल 2024 से प्रारंभ होकर विजयदशमी 18 अप्रैल 2024 को सम्पन्न होगी। बैठक में रामनवमी महोत्सव की सफलता एवं भव्यता पर विस्तृत चर्चा की गई एवं अखाड़ा समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों से सुझाव लिए गए। इससे पहले, बैठक में शामिल शहर के सभी अखाड़ों के प्रमुखों एवं सदस्यों का अंगवस्त्र एवं पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। बैठक के दौरान मंच संचालन समिति के महासचिव भूपेंद्र सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन संरक्षक रामबाबू सिंह ने किया।



संबोधित करते मुख्य संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह व मंच पर उपस्थित अन्य पदाधिकारी।

बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति के मुख्य संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह ने कहा कि इस बार अयोध्या मे श्रीराम जन्मभूमि में रामलला के भव्य मंदिर निर्माण से लोगों में जबरदस्त उत्साह व उमंग का वातावरण है। ऐसे में हमारी आस्था व श्रद्धा के अटूट प्रतीक भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव रामनवमी पर विराट आयोजन बड़े स्तर पर मनाया जाना चाहिये। वहीं, संरक्षक शंभूनाथ सिंह ने कहा कि रामनवमी महोत्सव गत वर्ष से अधिक विशाल, भव्य, मर्यादित व अनुशासित रूप में पूरे शहर में सम्पन्न हो, इस दृष्टि से सभी सनातनी कटिबद्ध रहे।

## एक नजर में

### आरोपियों को उम्रकैद से करणी सेना संतुष्ट



जमशेदपुर। 23 अगस्त 2022 को दुमका की बेटी अंकिता पर पेट्रोल डालकर आग मार डालने वाले आरोपियों को प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह पोक्सो कोर्ट के विशेष न्यायाधीश रमेश चंद्रा की अदालत ने गुरुवार को दुमका के चर्चित पेट्रोल हत्याकांड के अभियुक्त शाहरूख हुसैन एवं नईम अंसारी उर्फ छोटू को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने दोनों को 19 मार्च को दोषी करार दिया था। गुरूवार को अभियोजन एवं बचाव पक्ष की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। करणी सेना झारखंड की टीम ने न्यायालय को धन्यवाद किया और कहा कि लंबी लड़ाई के बाद एक बेटी को न्याय मिला। करणी सेना लगातार जमशेदपुर ही नहीं पूरे झारखंड में लगातार न्याय के लिए लड़ती रही थी। ज्ञात हो कि सैकड़ों कार के काफिले के साथ करणी सेना दुमका पहुंची थी, जिसे प्रशासन ने बीच में ही काफिले को रोक दिया था, काफी विरोध के बाद प्रशासन ने परिवार से मिलने दिया था। उसके बाद लगातार करणी सेना आर्थिक रूप और कानूनी रूप से परिवार को मदद करती रही जिसका परिणाम गुरुवार को आजीवन कारवास की सजा सुनने के बाद मिला। क्षत्रिय करणी सेना परिवार के प्रदेश अध्यक्ष बिनय सिंह, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष गणेश सिंह, प्रदेश संयोजक प्रेम सिंह, युवा कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, हरि सिंह राजपूत, रूपेश सिंह, रंजन सिंह, मोहित सिंह व सारे जिला और प्रदेश के पदाधिकारियों ने फैसले का सम्मान किया।

### गम्हरिया : सड़क किनारे खड़े हाइवा में पीछे से टेलर ने मारी टक्कर, चालक गंभीर



गम्हरिया। टाटा-कांड्रा मुख्य मार्ग पर गम्हरिया स्थित बेबको मोटर्स के सामने गुरुवार की अहले सुबह खड़े हाइवा में कांड्रा की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार टेलर द्वारा पीछे से टक्कर मार दी गयी। इस दुर्घटना में टक्कर इतना जबरदस्त था कि टेलर के आगे के हिस्से के परखच्चे उड़ गये और चालक टेलर के केबिन में ही फंसा रह गया। घटना की सूचना मिलते ही आदित्यपुर थाना प्रभारी नितिन कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और गैस कटर की टीम बुलवाकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कराया। उसके बाद गैस कटर से टेलर के केबिन का बॉडी काटकर चालक को काफी देर बाद बाहर निकाला गया। इस दुर्घटना में टेलर चालक का पैर टूट गया। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा उसे इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर भेजा गया। इस दौरान काफी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गयी, जिससे उंक्त मार्ग पर काफी देर तक यातायात परिचालन प्रभावित रहा। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है। उधर हाइवा चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।

### प्रोफेसर अब्दुल बारी के शहादत दिवस पर हुआ दुआ और इफ्तार का वितरण



जमशेदपुर। मानगो आजादनगर स्थित प्रोफेसर अब्दुल बारी मेमोरियल लाइब्रेरी में गुरुवार को प्रोफेसर अब्दुल बारी के शहादत दिवस पर दुआ का एहतमाम किया गया। लाइब्रेरी के समीप लोगों के बीच ब्रेड फल और जूस बांटा गया। प्रो अब्दुल बारी लाइब्रेरी के सेक्रेटरी काशिफ रजा खान ने बताया के प्रो बारी साहब जंग ए आजादी के अजीम रहनुमा थे। साथ ही देश की सबसे बड़ी लेबर यूनियन टाटा वर्कर्स यूनियन के कयाम में उनका अहम योदगान था। आज समाज के लोग उनकी खिदमात को भूल गए है जो बहुत ही अफसोस की बात है। लाइब्रेरी के बारे में उन्होंने बताया के ये लाइब्रेरी 1983 में कायम की गई थी बिल्डिंग जर्जर होने के कारण ये बंद थी लेकिन जल्द ही इसे आधुनिक फेसिलिटीज के साथ फिर से शुरू किया जा रहा है।

### चांडिल : श्री श्याम मंदिर में मना होली महोत्सव



चांडिल। श्याम मंदिर चांडिल मे होली के अवसर पर श्री श्याम कला भवन के तत्वावधान मे रंगों का महापर्व रंगोत्सव धूमधाम से मनाया गया, होलिया मे उड़े रे गुलाल श्याम तेरे मंदिर में भजन पर सभी श्याम प्रेमी झूमते नाचते आपस मे एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर होली पर्व की बधाई दे रहे थे और बाबा श्याम का जयकारा लगा रहे थे जिससे आसपास का वातावरण श्याममय हो गया। होली के अवसर पर विभिन्न तरह के रंग बिरंगे फूलों से बाबा श्याम को आकर्षक तरीके से सजाया गया। मौके पर अध्यक्ष संजय चौधरी, दुर्गा चौधरी, जोनी बगड़िया, पप्पु सुल्तानीया, आलोक बगड़िया, केशव जालान, पवन जालान, प्रकाश बगडीया, श्रवण जालान सामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### चुनाव को लेकर एसपी ने बनायी रणनीति



**हरिहरगंज पलामू।** लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गयी हैं। स्थानीय थाना परिसर में गुरुवार को बिहार के औरंगाबाद तथा झारखंड की पलामू पुलिस की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में दोनों जिला के पुलिस अधीक्षक तथा पुलिस के वरीय अधिकारी, सीआरपीएफ कमांडेंट मौजूद रहे। इसमें चुनाव पूर्व तैयारी को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव कार्य निष्पादन के लिए पलामू जिला से लगी सीमावर्ती बिहार के औरंगाबाद थाने की पुलिस के बीच आपसी समन्वय की जरूरत है। उन्होंने सूचनाओं के आदान-प्रदान, तालमेल व अपराधियों की धर-पकड़ में सहयोग पर बल दिया।

### देसी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के डबरा मोड़ स्थित आनंद ढाबा के पास से पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर उसके झोला से एक दोनाली देसी कट्टा बरामद हुआ। थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने बताया कि एसपी की गुप्त सूचना पर पुलिस टीम का गठन कर पुलिस जैसे ही पहुंची तो वहां खड़ा व्यक्ति खेत की ओर भागने लगा। जिसे दौड़ाकर पकड़ा गया। उसने अपना नाम विरेंद्र सिंह उर्फ गोरख पिता स्व सुरेश सिंह ग्राम बाबूदुमी थाना लेस्लीगंज का निवासी बताया है।

### जोड़ गांव से तीर्थ यात्रियों का जत्था रवाना

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के जोड़ गांव के डॉ विक्रमादित्य तिवारी के नेतृत्व में तीर्थ यात्रियों का एक जत्था गुरुवार को रवाना हुआ। प्रो नरेंद्र तिवारी ने बताया कि जोड़ के 40 यात्रियों का जत्था शाम पांच बजे डालटनगंज स्टेशन से रवाना हुआ। तीर्थ यात्री हरिद्वार, दिल्ली होते हुए अयोध्या में रामलला का दर्शन करेंगे। इसके बाद वाराणसी में बाबा विश्वनाथ का दर्शन कर वापसी होगी। बताया कि डॉ विक्रमादित्य तिवारी के प्रयास से प्रत्येक वर्ष गांव के लोग तीर्थ यात्रा पर जाते हैं। तीर्थ यात्रा में जितेन्द्र तिवारी, उपेन्द्र तिवारी सहित 40 लोग शामिल हैं।

### नाबालिग ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के सदिक चौक बस स्टैंड के समीप पुलिस ने पेड़ से झूलता एक नाबालिग का शव बरामद किया है। शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि नाबालिग की पहचान नावाटोली के आजाद हवारी के पुत्र के रूप में हुई है। घरेलू विवाद में आत्महत्या किया है। बताया कि माता पिता ने डांटा फटकारा था। जिससे तंग होकर पुत्र ने आत्महत्या किया है। मामले की जांच की जा रही है।

### दहेज हत्या के दोषी को 10 वर्ष सश्रम कारावास

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के पंचम जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अभिमन्यु कुमार की अदालत ने दहेज हत्या के दोषी पति भीम कुमार उर्फ भीम राम को 10 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनायी है। हुसैनाबाद थाना के झरगड़ा के भोलाराम ने भीम कुमार उर्फ भीमराम व अन्य लोगों के विरुद्ध हुसैनाबाद थाना में कांड संख्या 164 / 2021 दिनांक 2/7/21 को भारतीय दंड विधान की धारा 304 बी / 34 के तहत नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया था।

### जालंधर से आये युवक की मौत



**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के कुंदरी पांकी मेदिनीनगर मुख्य पथ पर बीती रात्रि सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। उसकी पहचान नकुल कुमार (30) पिता नंदकिशोर जालंधर पंजाब के रूप में हुई है। वह अपने दोस्त के साथ कंदरी बलराम महतो के घर गृह प्रवेश में 23 मार्च को पहुंचा था। जो 27 मार्च की रात में कुंदरी ग्रामीण बैंक के पास करीब 12 बजे रात्रि में सड़क पर निकल मोबाइल से कहीं बात कर रहा था। तभी अज्ञात बोलेरो उसे धक्का मार कर भाग गया।

### संगीत के बिना जीवन अधूरा : रामदास



**पाटन पलामू।** प्रखंड के नावा खास में होली मिलन समारोह सह चैता कार्यक्रम किया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी राम दास साहू ने फीता काटकर उद्घाटन किया। आयोजनकर्ता समाजसेवी जगदीश पांडेय एवं नावा खास मुखिया मनोज कुमार भी थे। दोगोला में मगध सम्राट व्यास सुदर्शन यादव एवं व्यास सीरजानंद पाण्डेय औरंगाबाद बिहार ने किया। श्री साहू ने कहा कि जीवन में संगीत बहुत जरूरी है। संगीत के बिना जीवन अधूरा है। मुखिया मनोज कुमार ने कहा कि अति पिछड़ा क्षेत्र में ऐसे कार्यक्रम से आपसी सदभाव बना रहे।

### छतरपुर में हुआ मटका फोड़ कार्यक्रम

**छतरपुर पलामू।** छतरपुर नगर पंचायत सहित इलाके के विभिन्न क्षेत्रों में शांतिपूर्ण तरीका से होली मनी। इस दौरान होलिका दहन के साथ कई जगहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम व मटका फोड़ कार्यक्रम भी हुए। होली को लेकर छतरपुर पुलिस की मुस्तैदी भी हर मोड़ पर देखने को मिला। गौरतलब हो कि इस त्यौहार में होलिका दहन के सुबह अक्सर देखा जाता था कि लोग कचरा व नालियों के गंदगी से भी होली खेलने में पीछे नहीं रहते थे परंतु इस वर्ष इस तरह की कुरीति में काफी बदलाव देखने को मिला। लोग अबीर गुलाल लगाकर गले मिलकर होली की बधाइयां देते नजर आये।

### स्वीप : 30-31 को होगा क्रिकेट मैच

**मेदिनीनगर।** लोकसभा आम निर्वाचन में अधिक मतदान व दूसरे मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से 30 व 31 मार्च को स्थानीय पुलिस लाइन स्टेडियम में शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक क्रिकेट मैच होगा। इसमें कुल 8 टीमें हिस्सा लेंगी, जिसमें एक-एक टीम जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग एवं पत्रकार एकादश की होगी। वहीं अन्य चार टीमों का निर्धारण स्थानीय क्रिकेट एसोसिएशन के सहयोग से होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में उपायुक्त शशि रंजन ने सभी से सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि इससे पुलिस लाइन स्टेडियम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जायेगा।

# धार्मिक आयोजनों से इलाके में आती है सुख, शांति व समृद्धि : डॉ शशिभूषण

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नीलांबर पीतांबरपुर के बसौरा इंजीनियरिंग कॉलेज एवं दुर्गा मंदिर के प्रांगण में राष्ट्र जागरण सह पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया है। महायज्ञ गुरुवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। कलश यात्रा का उद्घाटन पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने सभी श्रद्धालुओ को कलश देकर किया एवं खुद कलश यात्रा में शामिल हुए। विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से इलाके में सुख, समृद्धि व खुशहाली आती है। आमजनों में भक्ति भावना जागृत होती है इसके साथ ही आपसी एकता एवं भाईचारगी का वातावरण बनता है। वातावरण भी शुद्ध होता है।



कलश यात्रा में शामिल पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता व अन्य।

**खास बातें :** विधायक ने कहा कि कलश यात्रा हम सभी लोगों को जल संचयन का संदेश देती है। आज पलामू में वर्षापात की जो स्थिति है उसमें सभी लोगों को जल संरक्षण के प्रति संवेदनशील होना होगा अन्यथा आने वाला दिन बहुत भयावह हो सकता है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व से देश प्रगति के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। वर्षों से अयोध्या में लंबित राममंदिर का निर्माण हो गया और भगवान राम लला विराजमान हो गये। कलश यात्रा में श्रद्धालुओ द्वारा लगाए जा रहे जयघोष से पूरा इलाका गुंजायमान हो रहा था। कलश यात्रा में अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव, समाजसेवी कमेश यादव, मुखिया गुड्डी देवी, पुजारी कृष्ण मुरारी सिंह, अर्जुनसिंह, द्रौपदी देवी, दिनेश सिंह, पवन जयसवाल, वरुण जयसवाल, डॉक्टर सुधीर जायसवाल, राजेंद्र जायसवाल, मनोज सिंह, सुधीर सिंह सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल थे।

भाजपा हुसैनाबाद नगर, ग्रामीण मंडल एवं उर्धवार मंडल के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक

# कार्यकर्ताओं के बल पर बूथ और चुनाव जीतेंगे : सांसद बीडी राम

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** भारतीय जनता पार्टी की हुसैनाबाद नगर मंडल, हुसैनाबाद ग्रामीण मंडल एवं उर्धवार मंडल के मंडल एवं बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओ की बैठक हुसैनाबाद के होटल रिद्धि सिद्धि में आयोजित की गई। बैठक में सांसद पलामू एवं पलामू लोकसभा से भाजपा सांसद प्रत्याशी विष्णु दयाल राम ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पलामू जिले का संगठन बहुत मजबूत है। यहां के कार्यकर्ता अनुभवी हैं। यही कारण है कि इस जिले का संगठन क्षमता के लिए प्रदेश ही नहीं देश में भी पहचाना जाता है। हमारे कार्यकर्ता बूथ पर मेहनत करते हैं और हम बूथ को जीतने के साथ ही चुनाव जीत जाते हैं।



भाजपा अपने बल पर 370 एवं सहयोगियों के साथ 400 पार करेगी। हर बूथ पर 51 परसेंट वोट का लक्ष्य तय करें। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हमें वोट जरूर दें। पहले मतदान तब जलपान करें। हुसैनाबाद में अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता एवं संचालन महामंत्री श्रवण गुप्ता एवं धन्यवाद ज्ञापन ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत सिंह ने किया। उर्धवार में अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राम राज मेहता ने की। बैठक में प्रदेश कार्य समिति सदस्य कामेश्वर कुशवाहा, हुसैनाबाद से पूर्व विधायक प्रत्याशी विनोद सिंह, कर्नल संजय सिंह, प्रफुल्ल सिंह, रामप्रवेश सिंह, सी बी रमन सिंह, कामेश्वर सिंह, रामेश्वर राम ने भी संबोधित किया। बैठक में जिला मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, डॉ ईश्वरी पांडे, सांसद निजी सचिव अलख दुबे, अजय जायसवाल, अरुण कुमार, जे के पासवान, रोशन सिंह, महेंद्र सिंह, अखिलेश मेहता, रंजीत पासवान, उदय विश्वकर्मा, राकेश सिंह, प्रशांत सिंह, आनातू सिंह, विमलेश सिंह, मुन्ना सिंह, राजेश कारण, संतोष गुप्ता, सुबोध कश्यप भी थे।

नीलांबर पीतांबर की पुण्यतिथि पर शहादत समारोह का आयोजन

# नीलांबर पीतांबर के आदर्श आज भी प्रासंगिक: विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड में जंग-ए-आजादी के महानायक, झारखंड के वीर सपूत शहीद नीलाम्बर पिताम्बर की पुण्यतिथि पर शहादत समारोह का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। मौके पर पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने नीलांबर पीतांबर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनकी शहादत को याद किया। मौके पर विधायक ने कहा कि नीलांबर पीतांबर ने स्वतंत्रता संग्राम में अपनी भूमिका निभाई थी। उन्होंने अंग्रेजों को युद्ध में धूल चटाया था। नीलांबर पीतांबर के आदर्शों को अपनाकर ही झारखंड का विकास हो सकता है। उनके अधूरे सपने को पूरा करने की जरूरत है। नीलांबर पीतांबर ने अलग झारखंड निर्माण के लिए भी संघर्ष किया था। कहा कि नीलांबर पीतांबर के आदर्श आज भी प्रासंगिक है। मौके पर नीलांबर पिताबंरपुर प्रखंड प्रमुख सुनील कुमार पासवान, बच्चन ठाकुर, समाजसेवी कमेश यादव, वीरेंद्र चंद्रवंशी, मुखिया पति मिंटी वर्मा, जयकिशोर प्रसाद गुप्ता, अवधेश सिंह, शंकर शुक्ला, विजय तिवारी, दिलीप मेहता, गोपाल यादव, सुधीर तिवारी, अरविंद यादव, प्रसिद्ध सिंह, रामचरित्र सिंह, अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव समेत कई लोग शामिल थे।




शहादत समारोह में शामिल पांकी विधायक व अन्य।

# जरूरी सेवा में लगे अब्सेंटी वोटर्स को पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा दिलाने पर बल

- जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने संबंधित विभाग के नोडल पदाधिकारियों संग बैठक की

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर गुरुवार को उपायुक्त शशि रंजन ने बैठक की। इसमें चुनाव में जरूरी सेवा में लगे अब्सेंटी वोटर्स को पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने पर विचार-विमर्श किया गया। श्री रंजन ने संबंधित विभाग के नोडल पदाधिकारी को अब्सेंटी वोटर्स की सूची तैयार करने को कहा। ज्ञातव्य है कि बिजली, पानी, बीएसएनएल, दूरदर्शन, रेडियो, विमानन सेवा, रोडवेज व रेलवे, डेयरी, फायर फाइटर, यातायात पुलिस, एंबुलेंस सर्विसेज, चिकित्सा, डाक, कारा, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया, मीडिया व प्रेस इनफॉरमेशन ब्यूरो से जुड़े कर्मचारियों को अब्सेंटी वोटर्स में शामिल किया गया है। बैठक में नोडल पदाधिकारी डाक मतपत्र एवं सेवा मतदाता कोषांग अनुराग कुमार तिवारी, बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता, जिला जन संपर्क पदधिकारी डॉ असीम समेत मतदान के दिन आवश्यक सेवाओं से जुड़े विभाग/ संस्थान के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



**चुनाव के दिन ड्यूटी पर रहनेवाले भी दे सकेंगे वोट :** चुनाव के दिन ड्यूटी पर रहनेवाले भी इस बार वोट दे सकेंगे। उन्हें पोस्टल बैलेट सुविधा मिलेगी। हुसैनाबाद एसडीओ पीयूष सिन्हा, डाक मतपत्र के नोडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी व उप निर्वाचन पदाधिकारी कानूराम नाग ने पोस्टल बैलेट संबंधी बारीकियों की जानकारी दी। बताया कि आवश्यक सेवाओं में तैनात व्यक्तियों की श्रेणी में अनुपस्थित मतदाताओं के लिए चुनावी कर्तव्य प्रमाण पत्र (ईडीसी) एवं डाक मतपत्र से मतदान कराया जायेगा। संबंधित विभागों से मिली सूची के आधार पर वोटिंग के दिन ड्यूटी में तैनात कर्मियों को रिटर्निंग अधिकारी फॉर्म 12डी जारी करेंगे और उन्हें ईडीसी-बैलेट पेपर से वोटिंग की सुविधा फैसिलिटेशन सेंटर पर दी जायेगी।

# जनता की सेवा में जीवन भर लगे रहे विदेश बाबू

- पुण्यतिथि पर याद किये गये पूर्व विधायक विदेश सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनातू/ नीलांबर पीतांबरपुर, पलामू।** पांकी के पूर्व विधायक विदेश सिंह की 8वीं पुण्यतिथि गुरुवार को मनातू के विदेश नगर चौक पदमा में उनकी प्रतिमा स्थल पर मनी। इसमें उनके ज्येष्ठ पुत्र पंकज सिंह, छोटे पुत्र पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह, भाई उदय सिंह, भतीजा मनोज सिंह व स्वजनों ने पूजा अर्चना कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। देवेंद्र सिंह ने प्रतिमा पर पगड़ीपोशी की। आचार संहिता को लेकर पुण्यतिथि सादे समारोह में मनी। यहां कोई कार्यक्रम या भाषण नहीं हुआ। समारोह में सिर्फ उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी।

## आज भी जनता के दिल में बसे हैं विदेश बाबू : देवेंद्र सिंह





स्व सिंह पांकी विस क्षेत्र के काफी लोकप्रिय और जनहित नेता थे। इसलिए इसमें भी बड़ी संख्या में लोग जुटे। इस दौरान लोगों ने उनके काम और व्यवहार की चर्चा की। लोगों ने कहा कि वे ईमानदार छवि के नेता थे। उन्हीं का अनुकरण कर उनके पुत्र देवेंद्र सिंह अल्प समय में क्षेत्र का विकास की लंबी लकीर खींची है। तरहसी के पूर्व प्रमुख अमुक प्रियदर्शी ने दिवंगत विधायक की आत्मा की शांति की कामना की। बताया कि वे समाज को जोड़कर चलते थे। हर जाति धर्म के लोगों को सम्मान दिये। पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि आज भी विदेशी बाबू पांकी विस क्षेत्र की जनता के दिलों में बसे हुए हैं वह जनता के लिए दिन-रात तत्पर रहते थे। किसी भी समस्या को वह अपनी समस्या समझ त्वरित निपटारा करते थे। इसलिए पांकी विस क्षेत्र ही नहीं उन्हें पूरे झारखंड में लोग आदर्श विधायक के रूप में देखते थे। कहा कि विदेश बाबू विकास के मामले में पूरे विस क्षेत्र में एक लंबी लकीर खींची है। छोटे भाई उदय सिंह ने कहा कि विदेश बाबू विधायक बनने से पूर्व भी इसी जगह जनता दरबार लगाकर आपसी झगड़ा झंझट का निपटारा करते थे। उन्होंने 2004 से लेकर अपने जीवन काल के अंतिम क्षण तक विधायक रहे। मौके पर अमित सिंह, बबलू सिंह, उमेश प्रसाद, कांग्रेस के लेस्लीगंज प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र शुक्ला, अशोक मिश्रा, अभय सिंह, मनदीप तिवारी, सुधीर श्रीवास्तव, सीना केदार यादव, राहुल सिंह, ताराचंद यादव, पूर्व मुखिया मनोरंजन दुबे, हरतुआ मुखिया अरविंद शुक्ला, लक्ष्मण यादव, कामाख्या यादव, संजय यादव, उमेश यादव, मोहित सिंह, बबलू सिंह आदि थे।

### एसडीओ ने पुलिस पदाधिकारी के साथ की जांच



**छतरपुर पलामू।** एसडीओ हीरा कुमार लोकसभा चुनाव को लेकर पूरी विधि व्यवस्था पर पैनी नजर बनाये हुए हैं। गुरुवार को उन्होंने पुलिस पदाधिकारी के साथ समन्वय बना कर सघन जांच तेज कर दी है। जपला रोड में सभी दो और चार पहिया वाहनों की जांच की। लोगों को निर्देश दिया कि नशीले पदार्थ, लाइसेंसी हथियार नगद पैसे समेत जो चुनाव आयोग द्वारा प्रतिबंधित हैं उन बातों को ध्यान में रख कर बाहर निकलें। नहीं तो कानूनी कार्रवाई होगी। मौके पर छतरपुर डीएसपी नौशाद आलम, थाना प्रभारी राजेश रंजन भी मौजूद थे।

### पाल्हे कला नवयुवक संघ ने धूमधाम से मनायी होली



**पाटन पलामू।** प्रखंड के पाल्हेकला नवयुवक संघ ने धूमधाम से होली मनायी। जिसमें क्षेत्रीय गायक रंजय सिंह, ओमप्रकाश सोनी, प्रिंस सिंह व सुधीर सिंह ने एक से बढ़कर एक होली गीत प्रस्तुत किये। युवा समाजसेवी रंजय सिंह व प्रिंस सिंह की अगुवाई में सैकड़ों लोग धुरहेरी के जुलूस में शामिल होकर घर-घर जाकर रंग गुलाल लगाया। शाम को चैत प्रोग्राम के साथ होली महोत्सव का समापन किया गया। मौके पर जितेंद्र सिंह, भाजयुमो मंडल उपाध्यक्ष गौतम सिंह, मुरारी सिंह, धीरेंद्र सिंह, पिंटु सोनी, सागर सिंह, रविशंकर सिंह, रंजन सिंह, बलु सिंह, दिलीप साव मौजूद थे।

### कलश यात्रा के साथ गायत्री महायज्ञ प्रारंभ



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में प्रखंड क्षेत्र के बसौरा स्थित गायत्री मंदिर के प्रांगण में तीन दिवसीय गायत्री महायज्ञ कलश यात्रा के साथ गुरुवार से प्रारंभ हुआ। मुख्य आयोजक गांव के वयोवृद्ध कन्हाई जायसवाल, मुख्य यजमान डा सुधीर जायसवाल, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त करनाल हरियाणा सह पत्नी डॉ स्मिता जायसवाल, प्रोफेसर जेनयू नई दिल्ली, अतिथि पांकी विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता, पूर्णाडीह मुखिया गुड्डी देवी ने कलश यात्रियों को कलश देकर रवाना किया। कलश यात्रा सुबह आठ बजे यज्ञ मंडप से शोभा यात्रा के रूप में निकली। जहां महावीर मोड़ स्थित मलय नदी से 151 कलशों में जल भरकर महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए मंदिर प्रांगण पहुंची। यहां पूरे विधि-विधान से कलश को स्थापित किया गया। साथ ही भक्तिभाव से विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान भी संपन्न हुए। शांतिकुंज हरिद्वार से आचार्य सचिदानंद तिवारी संध्या युग संगीत व प्रवचन करेंगे।

# अफीम, डोडा और पोस्ता के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पांकी प्रखंड के पीपराटांड़ पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार ग्राम तितलंगी में छापेमारी अभियान चलाया। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम तितलंगी के कमलेश यादव के द्वारा अपने नये घर कल्गी थाना लावालौंग जिला से चतरा से अपने पुराने घर तितलंगी में अफीम छिपाने जा रहा है। इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन को दिया गया। एसपी के निर्देश पर लेस्लीगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में पिपराटांड़ पुलिस द्वारा छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी में तितलंगी बस्ती मोड़ हाई स्कूल के सीमप पुलिस द्वारा छापेमारी की गई। छापेमारी के क्रम में अभियुक्त कमलेश यादव 45 वर्ष पिता गुणा यादव ग्राम तितलंगी थाना पिपराटांड जिला पलामू के पास से एक प्लास्टिक के डब्बे में एक किलो अफीम बरामद किया गया। पुलिस ने कमलेश को गिरफ्तार कर लिया।

# चैनपुर : दो अलग-अलग हत्याकांड में शामिल चार आरोपी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**चैनपुर पलामू।** थाना क्षेत्र में दो घटनाओं में शामिल हत्या के कुल चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पहली घटना 26 मार्च को चैनपुर के कल्याणपुर स्थित प्रज्ञा केंद्र के पास घटी थी। यहां कल्याणपुर निवासी मनोज चौधरी पिता स्व सुकुल चौधरी को उसके चचेरे भाई अजय चौधरी व उसके दोस्तों द्वारा गोली मारकर घायल किया गया। उसके आद अजय द्वारा कैची से गला में घोप दिया गया था। इस संबंध में सनहा दर्ज कराते हुए वरीय पदाधिकारी को अवगत कराया गया। सूचना पर चैनपुर पुलिस कार्रवाई के लिए चैनपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर पहुंचे। पुलिस ने पाया कि मनोज चौधरी घटनास्थल पर बेसुध पड़ा है। उसे तत्काल अस्पताल भेजवाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में 27 मार्च को चैनपुर थाना में अभियुक्त के खिलाफ हत्या, आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया गया। इसमें आठ नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध भी प्राथमिकी दर्ज की गयी।

# मुरमा कलां: ग्रामीणों की बैठक में कई विषयों पर चर्चा, नियम पारित

खबर मन्त्र संवाददाता

**उंटारी रोड पलामू।** उंटारी रोड प्रखंड के मुरमा कलां गांव में ग्रामीणों की एक संयुक्त बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता सेवानिवृत डीएसपी नरेंद्र कुमार सिंह ने किया। बैठक में ग्राम विकास व सुव्यवस्थित ढंग से जीवन यापन को लेकर विशेष रूप से चर्चा किया गया वहीं ग्राम विकास को लेकर कई नियम भी पारित ग्रामीणों के द्वारा किया गया। जिसमें स्थानीय विद्यालय के शिक्षकों से संपर्क कर समय समय पर छात्र-छात्राओं व अभिभावकों के साथ बैठक करना, किसी भी तरह के विकास कार्यों में ग्रामीणों की सहभागिता निभाना, जुआ व शराब पर पूर्ण रुप से प्रतिबंधित करना साथ ही प्रत्येक सोमवार को पोखरा पर नवनिर्मित शिव मंदिर में संध्या में आरती व प्रार्थना में भाग लेने हेतु निर्णय लिया गया। बैठक में प्रमुख प्रतिनिधि अरुण वर्मा, सुरेश पासवान, भृगुनाथ सिंह, अशोक कुमार दूबे, मिथलेश पासवान, जयराम ठाकर, बृजनंदन बैठा, पिंटू ठाकर, संतोष कुमार सिंह सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।



बैठक में शामिल मुरमा कलां के ग्रामीण।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया पार्टी प्रत्याशी कालीचरण का स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा पलामू।** चतरा लोकसभा के भाजपा द्वारा घोषित प्रत्याशी कालीचरण सिंह को भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो के नेतृत्व में मनिका विधानसभा क्षेत्र के सतबरवा मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने अंग वस्त्र और बुके देकर स्वागत किया।

अवधेश सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व और प्रदेश नेतृत्व ने चतरा लोकसभा क्षेत्र के लोगों की आवाज को सुना और एक स्थानीय कार्यकर्ता को प्रत्याशी घोषित किया इसके लिए प्रदेश और राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार प्रकट करता हूं। उन्होंने कहा कि आजादी के दशक से आज तक बाहर का ही सांसद चुनकर दिल्ली गया था। भाजपा नेतृत्व ने स्थानीय प्रत्याशी की मांग को पूरा किया है जिससे कार्यकर्ताओं में हर्ष है। श्री सिंह ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह मृदुभाषी, सौम्य, कुशल व्यवहार के धनी हैं।उन्होंने संघ का कई वर्षों तक किया और शिक्षक पद से त्यागपत्र देकर राजनीति में अपनी पैठ बनाकर भाजपा में किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री, महामंत्री तक के दायित्व का निर्वहन कर चुके हैं। भाजपा कार्यकर्ता एकजुट है और श्री सिंह के साथ मजबूती के साथ चट्टान की तरह खड़े हैं। श्री चेरो ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी झारखंड की सभी सीटों पर जीत हासिल करेगी। मौके पर विकास पाठक, धीरज कुमार, मुकेश कुमार, समेत कई लोग मौजूद थे।



अपने लोकसभा क्षेत्र में पहुंचने पर पार्टी प्रत्याशी कालीचरण सिंह का जोरदार स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता।

# कथारा राकोमयू कार्यालय में केक काट कर मनाया गया यूनियन का दूसरा स्थापना दिवस





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो/कथारा।** कथारा राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने बुधवार को केक काटकर राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन का 2 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। कथारा चार नंबर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मनाया गया संचालन विल्सन फ्रांसिस उर्फ बबलू ने किया अध्यक्ष ने राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन की विचारधारा से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं ने संगठन मजबूती का संकल्प लिया।राकोमयु क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि कथारा क्षेत्र में राकोमयु पहले से मजबूत हुई है। संगठन को मजबूत करने के लिए मजदूर साथियों को संगठन से जोड़ने का काम किया जा रहा है। कार्यकर्ता काफी लगन के साथ संगठन को आगे बढ़ा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी विचारधारा की पार्टी है।कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता समाज व देश के लिए काम करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन में नए चेहरे को जोड़ने का काम किया जाएगा। कोयला मजदूर देश को आगे ले जा सकते हैं। अध्यक्ष सिंह ने कहा कि इसबार सदस्यता अभियान में मजदूर साथियों को अधिक-से-अधिक जोड़ने पर बल दिया जाएगा। इस मौके पर राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय सचिव विल्सन फ्रांसिस वेदवयास चौबे, इस्लाम अंसारी, उत्तम तांती, सी एस प्रसाद, विजय यादव, तुलसी, देवासीष आश, संतोष सिन्हा, कपिल देव यादव, कैलाश राम, नरेश रविदास, हरिहर नोनिया, श्यामसुन्दर, रवी कुमार, जय प्रकाश पंडित, अजय कुमार सिन्हा, सुरेश राम,सूर्य कांत त्रिपाठी, सविज अंसारी, बिंदु चंद्र हेंब्रम, प्रमोद यादव, सशि कुमार, सुजीत कुमार मिश्रा, पंचराम,विजय नायक, रंजीत सिंह, संजय गिरी, गोपाल रजवार, रामजी प्रसाद, अनंत कुमार, सुरेश महतो,जगदेव सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# साहिबगंज के डीसी व एसपी ने संवेदनशील बुथो का निरक्षण किया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**साहिबगंज।** गुरुवार को साहिबगंज उपायुक्त हेमन्त सती और पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने संवेदनशील बुथो का निरक्षण किया। सबसे पहले राजमहल थाना क्षेत्र के कोयलाबाजार स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय एवं मदरसा में जो बुथ होना है उसका निरक्षण किया, फिर वहां से फुलवरिया स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय गया।

वहां बिजली, पानी, शौचालय के बारे में अधिकारियों ने बात किया। उपायुक्त साहिबगंज ने प्रेस को बताया कि शांतिपूर्ण एवं समावेशी मतदान कराना हम सभी लोगों का लक्ष्य है इसी क्रम में आज राजमहल में कुछ बूथ जो संवेदनशील है, जहां पर शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है उसी को लेकर जिला प्रशासन आज बूथों का भ्रमण किया वहां पर जो सुविधाएं हैं जैसे बिजली पानी जैसी सुविधाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, एवं संलग्न मतदान कर्मी को दिया गया वहीं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि आज हम लोग को राजमहल क्षेत्र के कुछ संवेदनशील बूथों का निरीक्षण किया और वहां पर किस तरह से शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव कराया जाए। जितने भी वोटर है वह अपना मत का अधिकार बिना किसी दबाव और बिना डर का स्वतंत्र होकर अपना वोट डाल सके इसके लिए हम लोगों ने निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश पदाधिकारीयों को दिया गया। मौके पर राजमहल प्रखंड विकास पदाधिकारी उदय सिन्हा, पुलिस निरीक्षक राजमहल श्याम लाल हांसदा, थाना प्रभारी गुलाम सरवर, अंचल अधिकारी अशोक सिन्हा, प्रखंड कार्डिनेटर चन्दन कुमार एवं अभिजीत कुमार के साथ अन्य थे।

## एक नजर में

### पिछरी दुर्गा मंदिर में चैत नवरात्र को लेकर बैठक



बेरमो। पिछरी बस्ती स्थित सार्वजनिक वासंती दुर्गा मंदिर परिसर में पूर्व मुखिया छत्रधारी मिश्रा की अध्यक्षता में चैत नवरात्र आयोजन को लेकर पूजा समिति की बैठक किया गया। यहां पूर्व कोषाध्यक्ष तपन मिश्रा ने बीते वर्ष 2023 की आय व्यय का लेखाजोखा ग्रामीणों के समक्ष प्रस्तुत किया। साथ ही इस वर्ष नवरात्र आयोजन को लेकर विचार विमर्श किया गया। यहां सर्वसम्मति से नई कमिटी का गठन किया गया जिसमे गणेश मिश्रा अध्यक्ष, कारू मिश्रा व निकू मिश्रा उपाध्यक्ष, दीपक मिश्रा सचिव, गुलचंद मिश्रा कोषाध्यक्ष, विरची मिश्रा उपसचिव चयनित किया गया। पूजा समिति अध्यक्ष गणेश मिश्रा ने कहा कि ग्रामीणों के सहयोग से चैत नवरात्र की पूजा धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। कहा कि नौ दिनों तक चलने वाली इस नवरात्र में शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सभी कार्य किये जायेंगे। मौके पर रतन कुमार मिश्रा, नकुल मिश्रा, राकेश मिश्रा, बजरंगी मिश्रा, देवी मिश्रा, मुकेश मिश्रा, चीकू मिश्रा, खेमन महतो, जयलाल महतो, प्रभाकर मिश्रा, पंकज मिश्रा आदि मौजूद थे।

### फुसरो में स्टार शृंगार स्टोर का हुआ उद्घाटन



बेरमो/फुसरो। फुसरो नगर परिषद के शास्त्री नगर स्थित बीडीएस मार्केट में स्टार शृंगार स्टोर का उद्घाटन झारखंड सरकार के बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा मंत्री बेबी देवी के पुत्र अखिलेश महतो उर्फ राजू ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर दुकान के प्रोपराइटर इश्तियाक खान ने सभी अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कहा कि ग्राहकों की जरूरत को देखते हुए शास्त्री नगर में सिंगार स्टोर का उद्घाटन किया गया है। मौके पर पिता ताहिर हुसैन, अनिल अग्रवाल, मदन कुमार महतो, युवा व्यवसायी संघ फुसरो के अध्यक्ष वैभव चौरसिया, बेरमो चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आर उनेश, दिनेश सिंह, ललन सिंह, सुशांत राइका, उपेंद्र सिंह, आतिम खान, रिंकू खान, कारू सिंह, मुन्नू सिंह, रोशन सिंह, पिंटू सिंह, मनीर अंसारी, आलम अंसारी, अफसर हुसैन, अशफाक हुसैन, नूरजहां बेगम, हाजी गुलाम, अहमद रजा, जास्मीन परवीन, नाजनीन खातून आदि उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### श्री श्री 108 अति महारुद्र यज्ञ की शुभारंभ



बरहेट। प्रखंड क्षेत्र के गुमानी नदी तट पर स्थित बाबा भूतेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण में श्री श्री 108 महारूद्र यज्ञ का शुभारंभ गुरुवार को विधिवत से संपन्न हुआ। वही चंदन की लकड़ी से घर्षण उत्पन्न होने वाले अग्नि को यज्ञ कुंड में स्थापित कर आहुति दी गई। तत्पश्चात 11 दिवसीय महारुद्र यज्ञ का आगाज हुआ। वहीं महारुद्र यज्ञ का उद्घाटन यज्ञ मेला कमेटी ने की। वही यज्ञ मिला कमेटी ने फीता काटकर यज्ञ का शुभारंभ किया। 11 दिवसीय महारुद्र यज्ञ में बनारस से वरिष्ठ पुजारी शामिल हुए। इसके पूर्व पुजारी ने मंत्र उच्चारण कर यज्ञ का शुभारंभ कराया। इस दौरान यज्ञ कमेटी के सदस्यों ने सभी पुजारियों को बारी-बारी से वस्त्र देखकर सम्मानित किया। वही 21 पुरोहित शामिल हुए। मुख्य पुजारी आचार्य शिवकुमार पांडे ने कहा की चंदन के लकड़ी के घर्षण आग्नि उत्पन्न से यज्ञ कुंड में प्रवेश कराकर जहां भगवान विष्णु, माता गोरी माता दुर्गा सहित ब्रह्मदेव के सभी देवी देवताओं को आमंत्रित कर स्थापित की गई। तत्पश्चात सभी पुरोहित द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच घर्षण किया। वहीं श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी, वहीं यज्ञ के शुभारभ मात्र से ही वातावरण भक्तिमय हो गया। वहीं श्रद्धालुओं ने हर हर महादेव ओम नारायण नमः, जय श्री राम, अन्य नारे से जयकारे से गूंज उठा। वही यज्ञ कुंड के बाहर श्रद्धालुओं की परिक्रमा लगाकर अपने मनोकामनाएं मांगी। इधर 11 दिविसिय महारुद्र यज्ञ के साथ-साथ मेले का भी आयोजन किया गया है। वहीं मेले में ब्रेक डांस, तारा मची, झूला, रेलगाड़ी, के अलावा अन्य मनोरंजक साधन लगाए गए हैं। वहीं रात्रि में लोग पहुंच कर मेले का आनंद उठा रहे हैं। मौके पर यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष। अध्यक्ष चंद्रशेखर साह, उपाध्यक्ष विपिन कुमार गुप्ता, सचिव अजय कुमार भगत, उप सचिव रूपक कुमार मित्र, कोषाध्यक्ष धीरज कुमार मोदी, सोमनाथ शील, दीपक दुकानिया, निरंजन भगत, शिवानंद शाह, अन्य कमेटी के सदस्य के अलावा अन्य मौजूद थे।

### फुसरो मे मदरसा गुलशन-ए-अजमेर में इफ्तार पार्टी का आयोजन

बेरमो। फुसरो पुराना बीडीओ आफिस रजा नगर स्थित मदरसा गुलशन-ए-अजमेर में बुधवार को इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जा रहा है। यहां दर्जनों रोजेदारो सहित अन्य लोग भी शामिल होकर सामुहिक रूप से इफ्तार किया। इफ्तार से पहले मस्जिद के इमाम कारी सादिक हुसैन सभी रोजेदारों के साथ अल्लाह बतारक व ताला के बारगाह में हांथ उठाकर मुल्क में अमन चैन की दुआएं मांगी। मगरिब की आजना के बाद सभी ने एक साथ रोजा खोला। बीजेपी जिला महामंत्री विक्रम पांडेय ने कहा कि दावत-ए-इफ्तार से एकता व भाईचारा को बढ़ावा मिलता है। इससे सामाजिक समरसता झलकती है।

# चौबीसों घंटे अलर्ट मोड़ पर पुलिस की तैनाती : एसपी गोड्डा

**अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट पर सुरक्षा और गहन चेकिंग का निर्देश**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** लोकसभा चुनाव को लेकर जिले के सीमावर्ती इलाकों में अंतर्राज्यीय एवं अंतर्जिला चेकपोस्ट बनाया गया साथ ही अंतरराज्यीय सीमा पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। प्रत्येक चेक पोस्ट पर मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बलों को 24 घंटे के लिए तैनात किया गया है। आज गोड्डा पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीना एवं जय प्रकाश नारायण चौधरी, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, गोड्डा ने बसंतराय एवं पथरगामा थाना क्षेत्र में पड़ने वाले अंतरराज्यीय चेकपोस्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान बसंतराय के कोरियाना एवं पथरगामा के उर्कुशिया चेकपोस्ट के पंजी का अवलोकन किया और मौके पर मौजूद मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी/कर्मियों को चुनाव को लेकर शराब की तस्करी, नगदी, मादक पदार्थ, हथियार की जप्ती को लेकर चेकनाकों पर सख्ती से जांच करने का निर्देश दिया गया है। बाघाकोल, पथरगामा इत्यादि बूथो का भौतिक सत्यापन किया। चुनाव के मद्देनजर बसंतराय एवं पथरगामा थाना के सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी के साथ बैठक किया गया एवं चुनाव से संबंधित तैयारी का समीक्षा किया गया तथा सेक्टर पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी को निम्नांकित दिशा निर्देश दिया गया।

1. सभी सेक्टर पदाधिकारी अपने साथ प्रतिनियुक्ति मजिस्ट्रेट के साथ सेक्टर में निरंतर भ्रमणशील रहेंगे।
2. स्थाई वारंटी व फिरारियो की गिराफ्तारी सुनिश्चित करेंगे तथा इस्तिहार व कुर्की का निष्पादन सुनिश्चित करेंगे।
3. चुनाव में बाधा उत्पन्न करने वाले सभी लोगों पर निरोधात्मक कार्यवाही करेंगें।
4. बूथों का रूट चार्ट तैयार करें।
5. सभी संवेदन शील बूथों पर जाकर प्रभावित वोटर से मिलकर भयमुक्त होकर वोट डालने हेतु प्रेरित करें।
6. अपने अपने क्षेत्र के सोशल मीडिया पर निगरानी रखें।
7. कांडो में वांछित अपराधियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाही करे।
8. बगैर नंबर वाले मोटर साइकिल और वाहनों को रोक कर उनके कागजात की जांच करें।
9. भारी बैग के साथ या समान के साथ बॉर्डर क्रोस करने वाले यात्रियों के सामानों की जांच करें इस तरह के कई आवश्यक और गुप्त निर्देश भी दिए गए।

# डीएसपी व एसडीपीओ के नेतृत्व में तेनुघाट जेल में छापेमारी



बेरमो/तेनुघाट कोर्ट। अनुमंडल पदाधिकारी अशोक कुमार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह के संयुक्त नेतृत्व में सुबह चार बजे तेनुघाट जेल में छापामारी की गई। छापेमारी दल में गोमिया पुलिस नरीक्षक महेश कुमार सिंह, पेटरवार प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार महतो, अंचल अधिकारी अशोक कुमार राम, कार्यपालक दंडाअधिकारी प्रवीण कुमार, ओपी पभारी तेनुघाट अजीत कुमार सहित कई अधिकारी एवं पुलिस बल शामिल थे। अनुमंडल पदाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि उपायुक्त बकारो के निर्देशानुसार तेनुघाट जेल में औचक निरीक्षण कर छापेमारी की गई है। किसी प्रकर की आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई है। यह रूटीन जांच है, चुनाव को देखते हुए इस तरह का छापेमारी चलते रहता है।

# एआरओ नोडल पदाधिकारियों को आइटी एप्लीकेशन का दिया गया प्रशिक्षण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** डीईओ सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर समाहरणालय सभागार में गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्रों एवं बोकारो जिला अंतर्गत धनबाद लोकसभा क्षेत्र में आने वाले विधानसभा क्षेत्रों के एआरओ एवं विभिन्न विभागों/कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों को इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एप्लीकेशन का प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर डीडीसी संदीप कुमार एआरओ गिरिडीह सह सीओ गिरिडीह विशाल दीप खालखो एआरओ डुमरी सह सीओ मो सहजात परवेज एआरओ गोमिया सह अपर समाहर्ता बोकारो मो मुमताज अंसारी एआरओ बेरमो सह सीओ बेरमो अशोक कुमार एआरओ बोकारो सह सीओ चास ओम प्रकाश गुप्ता एआरओ चंदनकियारी सह भूमि सुधार उपसमाहर्ता चास प्रभास दत्ता एआरओ बाघमारा सह निदेशक डीआरडीए धनबाद राजीव रंजन एवं एआरओ टुंडी सह भूमि सुधार उप समाहर्ता धनबाद जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रतिभा कुजूर आदि उपस्थित थे। बतौर प्रशिक्षक डीआइओ धनंजय कुमार ने कहा कि लोकसभा आम निर्वाचन में कार्यों के निष्पादन में आइटी एप्लीकेशन की अहम भूमिका है। उन्होंने विस्तार से एनकोर नोडल एप के संबंध में बताया। मौके पर अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जैन साध्वियों का बोकारो में एक महीने तक चलेगा प्रवचन

**बोकारो।** गुरुदेव आचार्य श्री महाश्रमण जी की विशेष अनुकंपा से जैन साध्वियों का समूह समणी मधुर प्रज्ञाजी समणी शुभ प्रज्ञाजी तथा समणी मनन प्रज्ञाजी का चास बोकारो आगमन हो गया।उनके आगमन पर जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा महिला मंडल और तेरापंथ युवक परिषद के सदस्यों ने भव्य स्वागत किया। एक महीने तक समणीवृंद जैन धर्म और मानवता और सफल जीवन के मर्म समझाएंगी। प्रतिदिन चास स्थित श्री मानक चंद छल्लाणी जी निवास स्थान में प्रातः और संध्याबेला में प्रवचन चलेगा। अपने प्रवचन सत्र में समणी मधुर प्रज्ञाजी ने जैन धर्म की विशेषता और महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। जैन धर्म अहिंसा को अपनी सर्वोच्च महत्ता मानता है। यहां जीव के प्रति संवेदनशीलता और समरसता का आदर्श प्रदर्शित किया जाता है जिससे हर जीवन को सम्मान दिया जा सके।

# श्री श्री रामचरित मानस नवाह्न परायण पाठ एवं यज्ञ को लेकर अंगवाली में निकली कलश यात्रा

**बेरमो /फुसरो।** पेटरवार प्रखंड के अंगवाली उत्तरी पंचायत स्थित मैथान टुंगरी से श्री श्री राम चरित मानस यज्ञ समिति अंगवाली के द्वारा श्री श्री राम चरित मानस नवाह्न परायण पाठ एवं यज्ञ को लेकर गुरुवार को गाजे-बाजे के कलश यात्रा निकाली गयी।

# सांसद निधि से सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**साहिबगंज।** राजमहल प्रखंड क्षेत्र के गुनिहारी पंचायत में वार्ड न.10 में गंगा रिखियाशन के घर से मजार तक पीसीसी ढलाई का कार्य किया जा रहा है कार्य में काफी अनियमितता देखी जा रही है। उक्त कार्य में पीसीसी ढलाई की मोटाई 6 इंच तथा चौड़ाई 10 फीट बतायी जा रही है, जबकि जमीनी हकीकत देखा जाए तो पीसीसी ढलाई की चौड़ाई को डस्ट भरते हुए 2 इंच से 3 इंच ही मात्र ढाली जा रही है। कथित संवेदक सद्दाम से पूछा गया तो संवेदक ने बताया हमारे पास कोई भी इस्टीमेट नहीं है जो भी जानकारी लेना हो कनीय अभियंता अजीत कुमार से संपर्क कर सकते हैं। सूत्रों की माने तो संवेदक के दबंग होने से कोई भी ग्रामीण कार्य में के बारे में कुछ भी बोलने से इनकार कर रहे है संवेदक से कार्य की गुणवत्ता के बारे में पूछा गया तो संवेदक का कहना है कि सांसद निधि का कार्य है, आपको जो उचित लगता है छाप दे, कुछ नहीं होने वाला है। कथित संवेदक (जो खुद को जे एम एम कार्यकर्ता बता रहा है) के द्वारा इतना घटिया काम करवाया जा रहा है इससे सांसद का छवि को धुमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में सांसद विजय हांसदा को फोन किया गया तो उन्होंने व्यस्तता के कारण फोन रिसिव नहीं किया। कार्यस्थल में किसी भी प्रकार का बोर्ड और ना ही किसी प्रकार का इस्टीमेट को दशार्या गया। उक्त कार्य के कनीय अभियंता अजीत कुमार का कहना है कि कार्य अभी पूर्ण नहीं हुई है कार्य पूर्ण होते-होते बोर्ड को लगा दिया जाएगा। मुखिया सुखवा उरांव का कहना है कि गुनीहारी पंचायत में अगर किसी भी प्रकार का कोई पीसीसी सड़क का ढलाई हो रहा है, मुझे इसकी जानकारी नहीं है।


**शपथ पत्र**



मैं जयप्रकाश चौधरी उम्र 34 वर्ष, पिता- श्यामदेव चौधरी, ग्राम जपला धरहरा, पोस्ट जपला, थाना- हुसैनाबाद, जिला- पलामू (झारखंड) शपथ पत्र संख्या 137 दिनांक 27.5.23 के माध्यम से सूचित करता हूं कि मेरा नाम जयप्रकाश चौधरी पिता श्यामदेव चौधरी है। आधार कार्ड संख्या 514086186363 एवं पैन नम्बर BZJPC9342J में मेरा नाम जयप्रकाश चौधरी दर्ज है। मेरा भारतीय जीवन बीमा निगम के पॉलिसी संख्या 515843871 में मेरा पुकारू नाम डब्लू कुमार दर्ज है। मैं जयप्रकाश चौधरी एवं डब्लू कुमार दोनों नाम का एक ही व्यक्ति हूं। भारतीय जीवन बीमा निगम के पॉलिसी संख्या 515843871 में नाम सुधार कर जयप्रकाश चौधरी दर्ज किया जाय।

**शपथ पत्र**



मैं ओमप्रकाश चौधरी उम्र 38 वर्ष, पिता- श्यामदेव चौधरी, ग्राम जपला धरहरा, पोस्ट जपला, थाना- हुसैनाबाद, जिला- पलामू (झारखंड) शपथ पत्र संख्या 138 दिनांक 27.5.23 के माध्यम से सूचित करता हूं कि मेरा नाम ओमप्रकाश चौधरी पिता जी श्यामदेव चौधरी एवं शामदेव चौधरी दोनों नाम से जाने जाते हैं। आधार कार्ड संख्या 658152823299 एवं पैन नम्बर BCDPC0577L में मेरा नाम ओमप्रकाश चौधरी पिता जी का नाम श्यामदेव चौधरी दर्ज है। मेरा भारतीय जीवन बीमा निगम के पॉलिसी संख्या 515843872 में मेरा पुकारू नाम पप्पू कुमार दर्ज है। मैं ओमप्रकाश चौधरी एवं पप्पू कुमार दोनों नाम का एक ही व्यक्ति हूं। भारतीय जीवन बीमा निगम के पॉलिसी संख्या 515843872 में नाम सुधार कर ओमप्रकाश चौधरी दर्ज किया जाय।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया
**Email ID: eedwsd.jhumaritellaiya@gmail.com**

### आम सूचना

एतद् द्वारा आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि आगामी आसन्न ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए पेयजल समस्या के निदान एवं नलकूपों के साधारण मरम्मति हेतु पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया अंतर्गत जिलास्तरीय नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है जो निम्नवत है :-

जिलास्तरीय नियंत्रण कक्ष के कर्मचारी / सदस्य जो निम्न है:-

(1) श्री भोला पासवान, प्रधान लिपिक, मो0 – 9835946570
(2) श्री विशाल कुमार, निम्न वर्गीय लिपिक मो0 – 7269057933
(3) श्री अनिल कुमार निम्न वर्गीय लिपिक, मो0 – 6299093017

अवर प्रमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष के कर्मचारी / सदस्य जो निम्न है:-

| क्र0 स0 | प्रभारी का नाम / पदनाम | अपेक्षित प्रखण्ड | मोबाईल नम्बर |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री विकाश कुमार मिश्रा, निम्न वर्गीय लिपिक | कोडरमा, डोमचाँच एवं सतगावाँ | 7903724526 |
| 2 | श्री दिनेश गोप, निम्न वर्गीय लिपिक | चंदवारा, जयनगर एवं मरकच्चो | 9835930450 |

(1) इसके अतिरिक्त कनीय अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल के अधिन निम्नलिखित दुरभाष नम्बर पर सम्पर्क कर भी शिकायत दर्ज कराया जा सकता है जो निम्न प्रकार है:-

| क्र0 स0 | नोडल पदाधिकारी का नाम | नाम | पदनाम | प्रखण्ड / प्रशाखा | मोबाईल नम्बर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सुरज कुमार दास, सहायक अभियंता, झुमरीतिलैया 7762886716 | श्री ओम प्रकाश, | कनीय अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रशाखा, जयनगर | जयनगर | 7033773207 |
| 2 | | श्री प्रमोद कुमार सिन्हा | कनीय अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रशाखा, चंदवारा | चंदवारा | 8969448444 |
| 3 | | श्री जहेन्द्र भगत | कनीय अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रशाखा, मरकच्चो | मरकच्चो | 8084416065 |
| | | श्री दिपक कुमार | कनीय अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रशाखा, झुमरीतिलैया (शहरी जलापूर्ति योजना) | झुमरीतिलैया | 7352463445 |
| 4 | श्री राम नरेश पासवान, सहायक अभियंता, कोडरमा 8709948506 | श्री देव आन्नद | कनीय अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रशाखा, डोमचाँच | डोमचाँच | 9891265309 |
| 5 | | श्री अमित कुमार | कनीय अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रशाखा, सतगावाँ | सतगावाँ | 7250105348 |
| 6 | | श्री विकाश कुमार दास | कनीय अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रशाखा, कोडरमा | कोडरमा | 9471329527 |

(2) पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, झुमरीतिलैया एवं कोडरमा तथा सभी प्रखंड कार्यालय में शिकायत पंजी संधारित किया गया है। जिसमें चापाकल मरम्मति की शिकायत दर्ज करायी जा सकती है।

(3) शिकायकर्ता जिला नियंत्रण कक्ष / प्रखण्ड / संवेदक को निम्न सूचना के साथ शिकायत देना चाहेंगे ताकि साधारण मरम्मति कर चालू करने के उपरांत आपके मोबाइल पर सूचना दी जा सके :-

(क) प्रखण्ड का नाम :- ..................
(ख) पंचायत का नाम :- ..................
(ग) ग्राम का नाम :- ..................
(घ) टोला / निकटवर्ती व्यक्ति का नाम :- ..................
(ङ) ग्रामीण जलापूर्ति योजना का नाम :- ..................
(च) शिकायतकर्ता का नाम :- ..................
(छ) मोबाईल नं0 / दूरभाष नं0 (यदि हो) :- ..................

(4) ग्रामीण जनता को सूचित किया जाता है कि नलकूप मरम्मति के दौरान किसी भी नलकूप मिस्त्री द्वारा मरम्मति हेतु राशि की माँग की जाती है तो उक्त संबंधित प्रखण्ड के कनीय अभियंता / सहायक अभियंता एवं नियंत्रण कक्ष, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के मोबाईल / दूरभाष पर तुरन्त सूचित करें।

(ई0 अभय टोप्पो)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल झुमरीतिलैया

PR 323420 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी
## (जिला शस्त्र शाखा)

### आदेश

लोक सभा चुनाव-2024 को स्वच्छ शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से सम्पन्न कराने हेतु शस्त्र अधिनियम-1959 के धारा-9, 14 एवं 21 के तहत् खूँटी जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के अनुज्ञप्ति एवं उसपर धारित शस्त्रों का भौतिक सत्यापन कराना आवश्यक है।

अतः शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के अनुज्ञप्ति / शस्त्रों का भौतिक सत्यापन करने हेतु निम्नलिखित पदाधिकारियों को उनके नाम के सम्मुख अंकित थाना / प्रखण्ड क्षेत्र के लिए दण्डाधिकारी के रूप में प्राधिकृत किया जाता है। संबंधित थाना क्षेत्र के थाना प्रभारी अपने थाना / ओ0पी0 क्षेत्र के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को सूचित करते हुए उनके अनुज्ञप्ति एवं उस पर धारित शस्त्रों का भौतिक सत्यापन कराना सुनिश्चित करेंगे। वैसे अनुज्ञप्तिधारी जिनके शस्त्र किसी थाना / दुकान आदि मे पूर्व में जमा हो तो शस्त्र जमा करने संबंधी कागजात प्रस्तुत करेंगे साथ ही वैसे अनुज्ञप्तिधारी जो जमानत पर है अथवा जिनका अपराधिक इतिहास रहा हो अथवा गत चुनाव दंगे वगैरह फैलाने में संलिप्ता रहा हो वैसे सभी अनुज्ञप्तिधारियों दिनांक 04.04.2024 तक किसी लाईसेंसी दुकान / संबंधी थाना में जमा कराना सुनिश्चित करेंगे। इसे संबंधित थाना प्रभारी जिला खूँटी सुनिश्चित करेंगे। अंचल एवं थानावार शस्त्र सत्यापन की तिथि एवं स्थान निम्न प्रकार से निर्धारित किया जाता है।

| क्र0 | दण्डाधिकारी का नाम / पदनाम | थाना / प्रखण्ड क्षेत्र | शस्त्र सत्यापन का स्थान | शस्त्र सत्यापन की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती जयाशंखी मुर्मु, अंचल अधिकारी, खूँटी | 1 खूँटी थाना | खूँटी थाना | 28.03.2024 |
| | | 2 मरंगहादा थाना | मरंगहादा थाना | 29.03.2024 |
| 2 | श्रीमती बंदना भारती, अंचल अधिकारी, कर्रा | 1 कर्रा थाना | कर्रा थाना | 28.03.2024 |
| | | 2 जरियागढ़ थाना | जरियागढ़ थाना | 29.03.2024 |
| 3 | श्री पूजा बिन्हा, अंचल अधिकारी, तोरपा | 1 तोरपा थाना | तोरपा थाना | 28.03.2024 |
| | | 2 तपकरा थाना | तपकरा थाना | 29.03.2024 |
| 4 | श्री शंकर विद्यार्थी अंचल अधिकारी, मुरहू | 1 मुरहू थाना | मुरहू थाना | 28.03.2024 |
| | | 2 सायको थाना | सायको थाना | 29.03.2024 |
| 5 | श्री प्रशांत डांग, अंचल अधिकारी, रनियाँ | 1 रनियाँ थाना | रनियाँ थाना | 28.03.2024 एवं 29.03.2024 |
| 6 | श्री गणेश महतो, अंचल अधिकारी, अड़की | 2 अड़की थाना | अड़की थाना | 28.03.2024 एवं 29.03.2024 |

उपरोक्त प्राधिकृत सभी दण्डाधिकारी संबंधित थाना प्रभारी के साथ समन्वय स्थापित कर शस्त्रों का भौतिक सत्यापन निर्धारित तिथि तक करते हुए संयुक्त हस्ताक्षर से सत्यापन प्रतिवेदन दिनांक-30.03.2024 तक इस कार्यालय को संलग्न विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

निर्धारित तिथि तक सत्यापन नहीं कराने वाले अनुज्ञप्तिधारियों के विरूद्ध शस्त्र अधिनियम / नियमावली के तहत् शस्त्र अनुज्ञप्ति को निलंबित / रद्द करने की कार्रवाई की जायेगी।

उपायुक्त,
खूँटी

PR 323412 District(23-24).D

# बिन पानी सब सून

**भा**रतीय कृषि अनुसंधान परिषद का एक शोध चार साल पहले ही चेतावनी दे चुका है कि सन् 2030 तक हमारे धरती के तापमान में 0.5 से 1.2 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि अवश्यंभावी है। जान लें कि तापमान में एक डिग्री बढ़ोतरी का अर्थ है कि खेत में 360 किलो फसल प्रति हेक्टेयर की कमी आ जाना। इस तरह जलवायु परिवर्तन के चलते खेती के लिहाज से 310 जिलों को संवेदनशील माना गया है। इनमें से 109 जिले बेहद संवेदनशील हैं जहां आने वाले एक दशक में ही उपज घटने, पशु धन से लेकर मुर्गी पालन व मछली उत्पाद तक कमी आने की संभावना है।सामने दिख रहा है कि संकट अकेले पानी का ही नहीं है, असल संकट है पानी के प्रबंधन का। अलग-अलग किस्म का पानी, अलग-अलग इस्तेमाल के लिए कैसे छांटा जाए, इस बारे में तंत्र विकसित करना और सबसे बड़ी बात इसके लिए जागरूकता फैलाना अनिवार्य है। खासकर ग्रामीण अंचल में यह बात समझाना जरूरी है कि भूगर्भ से उलीच कर निकाला जा रहा पानी अनंत नहीं है और यह एक बार समाप्त हुआ तो लौट कर आने वाला नहीं है।भारत में जिस साल कम बरसात होती है, उस साल भी इतनी कृपा बरसती है कि सारे देश की जरूरत पूरी हो सकती है, लेकिन हमारी असली समस्या बरसात की हर बूंद को रोक रखने के लिए हमारे पुरखों द्वारा बनाए तालाब-बावड़ी या नदियों की दुर्गति होना भी है। बारिश कुछ हिस्सा तो भाप बनकर उड़ जाता है और कुछ समुद्र में चला जाता है। हम यह भूल जाते हैं कि प्रकृति जीवनदायी संपदा यानी पानी हमें एक चक्र के रूप में प्रदान करती है और इस चक्र को गतिमान रखना हमारी जिम्मेदारी है। इस चक्र के थमने का अर्थ है हमारी जिंदगी का थम जाना। प्रकृति के खजाने से हम जितना पानी लेते हैं उसे वापस भी हमें ही लौटाना होता है।

# बढ़ती असमानता

**अं**तरराष्ट्रीय संस्था थामस पिकेटी व तीन अर्थशास्त्रियों द्वारा तैयार रिपोर्ट चौंकाने वाले निष्कर्ष पेश करती है कि भारत में वर्ष 2022-23 में देश के शीर्ष एक फीसदी अमीरों की देश की संपत्ति में 40 फीसदी हिस्सेदारी है। वहीं उनकी आय में हिस्सेदारी 22.6 फीसदी है। देश में अरबपतियों के उदय का खुलासा करने वाली रिपोर्ट निश्चिय ही संपन्न तबके के वर्चस्व को दशार्ती है। यानी हमारी धन केंद्रित आर्थिकी के चलते देश में आर्थिक असमानता की ओर ही इशारा करती है। दरअसल, देश में आर्थिक असमानता में 1980 के दशक में गिरावट देखी गई थी। लेकिन वैश्वीकरण व उदारीकरण के दौर में उदार आर्थिक नीतियों ने आय में असमानता को ही बढ़ावा दिया है। निश्चित रूप से यह स्थिति हमारी आयकर प्रणाली की विसंगतियों को भी दशार्ती है। लंबे समय से मांग की जाती रही है कि देश के कर ढांचे में सुधार किया जाए। संपन्न वर्ग की आय व संपत्ति पर यह कर लगाया जाए। इससे होने वाली आय का निवेश कालांतर स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण की स्थिति सुधारने के लिये किया जाए। लेकिन इस सुझाव की तरफ गंभीरता से विचार नहीं किया गया। जिसके चलते संसाधनों के निर्मम दोहन का सिलसिला यूं ही चलता रहा। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि वित्तीय वर्ष 2023 में देश के सबसे 167 अमीर परिवारों की कुल संपदा पर दो फीसदी का सुपर टैक्स लगाया गया होता तो इससे राष्ट्र की कुल आय में 0.5 फीसदी की वृद्धि होती। निश्चित तौर पर इस प्रयास से देश में लगातार चौड़ी होती असमानता की खाई को पाटने में मदद मिलती। विडंबना यह है कि देश में जारी आर्थिक असमानता के संकट को सत्ताधीशों ने गंभीरता से नहीं लिया।

निश्चित रूप से किसी भी देश में लगातार गहरी होती असमानता की खाई कालांतर सामाजिक अशांति की वाहक बन सकती है।

# अनंत प्रस्थान पर स्वामी स्मरणानंद




**लोकसभा** चुनाव के महापर्व की भागदौड़ के बीच एक ऐसी खबर आई, जिसने मन-मस्तिष्क में कुछ पल के लिए एक ठहराव सा ला दिया। भारत की आध्यात्मिक चेतना के प्रखर व्यक्तित्व श्रीमत स्वामी स्मरणानंद जी महाराज का समाधिस्थ होना, व्यक्तिगत क्षति जैसा है। कुछ वर्ष पहले स्वामी आत्मास्थानंद जी का महाप्रयाण और अब स्वामी स्मरणानंद का अनंत यात्रा पर प्रस्थान कितने ही लोगों को शोक संतप्त कर गया है। मेरा मन भी करोड़ों भक्तों, संत जनों और रामकृष्ण मठ एवं मिशन के अनुयायियों सा ही दुखी है।

इस महीने की शुरूआत में, अपनी बंगाल यात्रा के दौरान मैंने अस्पताल जाकर स्वामी स्मरणानंद जी के स्वास्थ्य की जानकारी ली थी। स्वामी आत्मास्थानंद जी की तरह ही, स्वामी स्मरणानंद जी ने अपना पूरा जीवन आचार्य रामकृष्ण परमहंस, माता शारदा और स्वामी विवेकानंद के विचारों के वैश्विक प्रसार को समर्पित किया। ये लेख लिखते समय मेरे मन में उनसे हुई मुलाकातें, उनसे हुई बातें, वो स्मृतियां जीवंत हो रहीं हैं।

जनवरी 2020 में बेलूर मठ में प्रवास के दौरान, मैंने स्वामी विवेकानंद जी के कमरे में बैठकर ध्यान किया था। उस यात्रा में मैंने स्वामी स्मरणानंद जी से स्वामी आत्मास्थानंद जी के बारे में काफी देर तक बात की थी।

आप जानते हैं कि रामकृष्ण मिशन और बेलूर मठ के साथ मेरा कितना आत्मीय संबंध रहा है। आध्यात्म के एक जिज्ञासू के रूप में, पांच दशक से भी ज्यादा के समय में, मैं भिन्न-भिन्न संत-महात्माओं से मिला हूं, अनेकों स्थलों पर रहा हूं। रामकृष्ण मठ में भी मुझे आध्यात्म के लिए जीवन समर्पित करने वाले जिन संतों का परिचय प्राप्त हुआ था, उसमें स्वामी आत्मास्थानंद जी एवं स्वामी स्मरणानन्द जी जैसे व्यक्तित्व प्रमुख थे। उनके पावन विचारों और उनके ज्ञान ने मेरे मन को निरंतर संतुष्टि दी। जीवन के सबसे महत्वपूर्ण कालखंड में ऐसे ही संतों ने मुझे जन सेवा ही प्रभु सेवा का सत्य सिद्धांत सिखाया।

स्वामी आत्मास्थानंद जी एवं स्वामी स्मरणानन्द जी का जीवन, रामकृष्ण मिशन के सिद्धांत 'आत्मनो मोक्षार्थ जगद्धिताय च' का अमिट उदाहरण है।



**-नरेन्द्र मोदी**

> 1978 में जब बंगाल में बाढ़ की विभिषिका आई, तो रामकृष्ण मिशन ने अपनी निस्वार्थ सेवा से सभी का हृदय जीत लिया था। मुझे याद है, 2001 में कच्छ के भूकंप के समय स्वामी आत्मास्थानंद उन सबसे पहले लोगों में से एक थे, जिन्होंने मुझे फोन करके ये कहा कि आपदा प्रबंधन के लिए रामकृष्ण मिशन से हर संभव मदद करने के लिए तैयार है।

रामकृष्ण मिशन द्वारा, शिक्षा के संवर्धन और ग्रामीण विकास के लिए किए जा रहे कार्यों से हम सभी को प्रेरणा मिलती है। रामकृष्ण मिशन, भारत की आध्यात्मिक चेतना, शैक्षिक सशक्तिकरण और मानवीय सेवा के संकल्प पर काम कर रहा है। 1978 में जब बंगाल में बाढ़ की विभिषिका आई, तो रामकृष्ण मिशन ने अपनी निस्वार्थ सेवा से सभी का हृदय जीत लिया था। मुझे याद है, 2001 में कच्छ के भूकंप के समय स्वामी आत्मास्थानंद उन सबसे पहले लोगों में से एक थे, जिन्होंने मुझे फोन करके ये कहा कि आपदा प्रबंधन के लिए रामकृष्ण मिशन से हर संभव मदद करने के लिए तैयार है। उनके निदेर्शों के अनुरूप, रामकृष्ण मिशन ने भूकंप के उस संकट काल में लोगों की बहुत सहायता की।

बीते वर्षों में स्वामी आत्मास्थानंद जी एवं स्वामी स्मरणानंद जी ने विभिन्न पदों पर रहते हुए सामाजिक सशक्तिकरण पर बहुत जोर दिया। जो भी लोग इन महान विभूतियों के जीवन को जानते हैं, उन्हें ये जरूर याद होगा कि आप जैसे संत मॉर्डर्न लर्निंग, स्किलिंग और नारी सशक्तिकरण के प्रति कितने गंभीर रहते थे।

स्वामी आत्मास्थानंद जी के विराट व्यक्तित्व की जिस विशिष्टता से मैं सबसे अधिक प्रभावित था, वो थी हर संस्कृति, हर परंपरा के प्रति उनका प्रेम, उनका सम्मान। इसका कारण था कि उन्होंने भारत के अलग अलग हिस्सों में लंबा समय गुजारा था और वो लगातार भ्रमण करते थे। उन्होंने गुजरात में रहकर गुजराती बोलना सीखा। यहां तक कि मुझसे भी, वो गुजराती में ही बात करते थे। मुझे उनकी गुजराती बहुत पसंद भी थी।

भारत की विकास यात्रा के अनेक बिंदुओं पर, हमारी मातृभूमि को स्वामी आत्मास्थानंद जी, स्वामी स्मरणानंद जी जैसे अनेक संत महात्माओं का आशीर्वाद मिला है जिन्होंने हमें सामाजिक परिवर्तन की नई चेतना दी है। इन संतों ने हमें एक साथ होकर समाज के हित के लिए काम करने की दीक्षा दी है। ये सिद्धांत अब तक शाश्वत हैं और आने वाले कालखंड में यही विचार विकसित भारत और अमृत काल की संकल्प शक्ति बनेंगे।

मैं एक बार फिर, पूरे देश की ओर से ऐसी संत आत्माओं को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मुझे विश्वास है कि रामकृष्ण मिशन से जुड़े सभी लोग उनके दिखाए मार्ग को और प्रशस्त करेंगे।

ओम शांति।

**(*लेखक भारत के प्रधानमंत्री हैं।)**

## खास बात

## देश के साथ यूएन का दोहरा व्यवहार

**कश्मीर** मुद्दे पर चुप रहता है यूएन, भारत को बदनाम करनेवाली झूठी रिपोट्स पर भी चुप्पी !

वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र में 193 राष्ट्र सम्मिलित हैं। इसकी संरचना में महासभा, सुरक्षा परिषद, आर्थिक और सामाजिक परिषद, सचिवालय, अन्तरराष्ट्रीय न्यायालय और संयुक्त राष्ट्र न्यास परिषद सम्मिलित है। एक तरह से आप इसे वैश्विक न्याय संस्था भी कह सकते हैं। किंतु आप देखिए, यह दुनिया की न्याय बॉडी कैसे भारत को टॉर्गेट कर रही है? भारत में घटी छोटी-छोटी घटनाओं को यहां अनेकों बार बहुत बड़ा करके प्रस्तुत किया जाता रहा है। कश्मीर मुद्दे पर यह पाकिस्तान के सामने चुप नजर आती है। जबकि विश्व जानता है कि उसने भारत की 78 हजार वर्ग किलोमीटर जमीन पर कब्जा जमा रखा है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स जैसी तमाम रिपोर्ट्स में जानबूझकर भारत को कमजोर, गलत और अत्याचार करनेवाला बताया जाता है, जबकि यह भारत की सच्चाई नहीं है, इस पर यूएन कभी इस प्रकार की झूठी रिपोर्ट तैयार करनेवाली अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और उन देशों को लताड़ नहीं लगाता, जहां भारत को कमजोर तरीके से प्रस्तुत करने का षड्यंत्र होता है। भारत को विश्व भर में बदनाम करने के प्रयास होते हैं।

दुनिया के कई ईसाई और इस्लामिक देश खुल कर मानवाधिकारों का हनन कर रहे हैं, वह भी यूएन को आज दिखाई नहीं देता, उन पर यूएन की कोई एक टिप्पणी नहीं आती है । चीन की वुहान लैब में क्या हुआ, यह आज पूरा विश्व जानता है। पूरे विश्व ने एक भयंकर त्रासदी (कोविड-19) वायरस संक्रमण की कम से कम पांच वर्ष लगातार झेली। अनेकों ने अपने परिवार जनों को बिना किसी कारण के गंवाया है और आज भी दुनिया के तमाम देशों में कोरोना का प्रभाव बना हुआ है और मौतें अब भी हो रही हैं ।पाक खुलकर एक बार कह दे कि इस सब के लिए चीन पूरी तरह से दोषी है। दुनिया के कई देशों में जो अब तक लाखों जानें गईं वह चीन के कारण से गई हैं !यह भी देखिए कि कैसे चीन में "उइगर मुसलमानों" की धीरे-धीरे पहचान तक समाप्त की जा रही है।

**जातो** हि को यस्य पुनर्न जन्म।
को वा मृतो यस्य पुनर्न मृत्युः।।
किसका जन्म सराहनीय है?
जिसका फिर जन्म ना हो।
किसकी मृत्यु सराहनीय है?
जिसकी फिर मृत्यु ना हो।
**- पूर्णिमा नीरज सिंह, विधायक**

## रोचक ट्वीट

**राजनैतिक** दलों को तोड़ने, विधायकों को डराने- धमकाने व लालच देकर सरकारें गिराने, मीडिया पर कब्जे तथा कंपनियों से वसूली के बाद अब विपक्ष के मुख्यमंत्रियों की गिरफ्तारी आम बात हो गई है।

**- चंपई सोरेन, सीएम**





सभ्यता और एक समृद्ध इतिहास के धनी बिहार ने सदियों से भारत का ज्ञान पुंज बन कर देश को दिशा दिखाई है।

**- राहुल गांधी**


# मौन

## धर्म-प्रवाह

**श्रीराम शर्मा आचार्य**

**अगर** आप अपनी इच्छा से कुछ समय के लिए बोलना छोड़ दें, मौन धारण कर लें तो इससे आपको बहुत फायदे हो सकते हैं। मौन के लाभमौन की शुरु आत जुबान के चुप होने से होती है। धीरे-धीरे जुबान के बाद आपका मन भी चुप हो जाता है। मन में चुप्पी जब गहराएगी तो आंखें, चेहरा और पूरा शरीर चुप और शांत होने लगेगा। तब आप इस संसार को नए सिरे से देखना शुरू कर पाएंगे। बिल्कुल उस तरह से जैसे कोई नवजात शिशु संसार को देखता है। जरूरी है कि मौन रहने के दौरान सिर्फ श्वासों के आवागमन को ही महसूस करते हुए उसका आनंद लें। मौन से मन की शक्ति बढ़ती है। शक्तिशाली मन में किसी भी प्रकार का भय, क्रोध, चिंता और व्यग्रता नहीं रहती। मौन का अभ्यास करने से सभी प्रकार के मानसिक विकार समाप्त हो जाते हैं। मौन के सात महत्त्वपूर्ण फायदे हैं। कुछ न बोलना यानी अपनी एक सुविधा से मुंह मोड़ना। जो आपके मन में चल रहा होता है, उसे आप तुरंत बोल देते हैं। लेकिन मौन रहने से चीजें बिल्कुल बदल जाती हैं। मौन अभाव में भी खुश रहना सिखाता है। जब आप सिर्फ लिखकर बात कर सकते हैं तो आप सिर्फ वही लिखेंगे जो बहुत जरूरी होगा। कई बार आप बहुत बातें करके भी कम कह पाते हो। इस तरह से आप अपने आपको अच्छी तरह से व्यक्त कर सकते हैं। प्रशंसा हमारे बोल पाने की वजह से हमारा जीवन आसान हो जाता है, मौन रहने से आप दूसरों को ध्यान से सुनते हैं। मौन आपको ध्यान भटकाने वाली चीजों से दूर करता है।

## कॉर्टून वर्ल्ड




# शिक्षा में राष्ट्रवाद और तुष्टीकरण से बचाना ही होगा

**प्रशांत झा**

## शिक्षा

कुछ वर्षो से शिक्षा की बहस को राष्ट्रवाद की बहस में बदल गई। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, जो किसी शैक्षणिक संस्थान के निर्माण में अहम हिस्सा है, खतरे में है। ऐसे में भेदभाव, शोषण जैसे मुद्दे सामने ही नहीं आएंगे। केंद्रीकरण तथा निजीकरण द्वारा सरकार इन मुद्दों को टालती हुई प्रतीत होती है। असंवेदनशील संस्थान डिग्री बांटने के स्थान तो हो सकते हैं पर ज्ञानार्जन, राष्ट्र और नागरिक निर्माण में भूमिका नहीं निभा सकते को मानवीय मूल्यों के निर्माण एवं विकास में सबसे अहम कड़ी माना जाता है। शिक्षण संस्थानों पर इन मूल्यों को विद्यार्थियों और शिक्षकों में जाग्रत करने की जिम्मेदारी रहती है। पर जब शिक्षण संस्थान मनुष्य को बांटने वाले मूल्यों पर आधारित व्यवस्था, जैसे जाति प्रथा, को संरक्षण देने लगें तो इस व्यवस्था पर सवाल उठना लाजिमी है। मुंबई में मेडिकल की गायनोकोलॉजी डिपार्टमेंट की द्वितीय वर्ष की छात्रा पायल द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना ने शिक्षण संस्थानों में व्याप्त भेदभावपूर्ण व्यवस्था पर पुनः सवाल खड़े कर दिए हैं। पायल को उसके सीनियर्स द्वारा जातिगत भेदभाव का सामना करना पड़ रहा था। इसी दबाव में आकर पायल ने स्वयं की जान ले ली। आंकड़े बताते हैं कि देश में हर घंटे एक विद्यार्थी आत्महत्या करता है। यह दर तकनीकी संस्थानों यथा आईआईटी में सर्वाधिक है। राज्य सभा में मार्च, 2018 में एक प्रश्न के उत्तर में सरकार ने जानकारी दी कि 2014 से 2016 के बीच करीब 26500 विद्यार्थियों ने आत्महत्या की। आत्महत्या की दर विद्यार्थियों में सबसे अधिक महाराष्ट्र में है। इसके बाद पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और मध्य प्रदेश आते हैं। 2016 में हैदराबाद विविद्यालय में रोहित वेमुला ने भेदभाव से परेशान होकर आत्महत्या कर ली थी। आईआईटी, कानपुर में पिछले दिनों एक दलित अध्यापक के साथ हुए जातिगत दुर्व्यहार का भी मामला सामने आया था। कुछ दिन पहले जेएनयू के एक छात्र ने भी आत्महत्या कर ली थी। संस्थानों में काम का दबाव, अभिभावकों की अपेक्षाएं, सामाजिक पहचान आदि कारक विद्यार्थियों पर मानसिक दबाव का प्रमुख कारण हैं। कमजोर तबकों से आने वाले विद्यार्थियों के लिए तो दबाव दोगुना होता है। ऐसे में शिक्षा संस्थान शिक्षा प्रदान करने के कम और सुसाइड स्पॉट अधिक बन गए हैं। सवाल है कि शिक्षण संस्थान विद्यार्थियों में जीने का उत्साह पैदा करने की बजाय प्रेशर कुकर क्यों बन रहे हैं? सामाजिक संरचना में रचे-बसे जाति प्रधान मूल्य और उनसे जुड़े पूर्वाग्रह न केवल विद्यार्थियों (खास तौर पर तकनीकी और मेडिकल संस्थानों में आने वाले पुरु ष विद्यार्थियों में) पर खासा प्रभाव रखते हैं, बल्कि शिक्षक वर्ग का व्यवहार भी उससे निर्धारित होता है। इसी प्रकार शैक्षणिक संस्थानों में प्रशासन का रवैया भी ऐसा ही रहता है। ऐसे में इन वगरे से आने वाले विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए इन संस्थानों में काम करना और शोध पर ध्यान केंद्रित करना अत्यंत कठिन हो जाता है। महिला विद्यार्थियों के लिए तो स्थिति और भी दयनीय है। सर्वाधिक चिंतनीय परिदृश्य यह है कि इस प्रकार के बर्ताव को इन संस्थानों में मेरिट के नाम पर जायज ठहराया जाता है। अधिकतर संस्थानों में प्रकार के भेदभाव रोकने के लिए या तो संस्थागत इंतजाम हैं ही नहीं और अगर हैं भी तो अपनी कार्यवाही में वो तकनीकी और नौकरशाही रवैया अधिक अपनाते हैं, मानवीय और संवेदनशील व्यवहार कम। शिक्षण संस्थानों में सीमित प्रतिनिधित्व का चरित्र जहां कुछ वगरे के छात्रों और शिक्षकों में गुणात्मक बेहतरी का दंभ पैदा करता है, वहीं कमजोर वगरे से आने वाले छात्रों के लिए यह बेहद चुनौतीपूर्ण होता है। ऐसे में शिक्षण संस्थान ज्ञानार्जन और पारस्परिक बहस का केंद्र न बनकर रची-बसी अन्य बुराइयों का एक्सटेंशन मात्र बनकर रह जाते हैं।

## लेटर टू एडिटर

### प्रियंका पर भरोसा

युवा पीढ़ी को तो यह बात समझनी चाहिए कि उनके वोट का कितना ज्यादा महत्त्व है?वर्तमान में कांग्रेस अपने सर्वाधिक संकट काल से गुजर रही है। खास तौर से उत्तर प्रदेश में उसके सम्मुख पार्टी के अस्तित्व को बचाने की चुनौती है। इस चुनौती से निपटने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रियंका गांधी को मैदान में उतार दिया। उन्हें पार्टी महासचिव बनाकर पूर्वी उत्तर प्रदेश की जिम्मेदारी दी गई है। आगे क्या होता है? **-मणिकांत, गढ़वा**

### भारत को धमकी

भारत द्वारा एंटी सैटेलाइट मिसाइल के परीक्षण के बाद पाकिस्तान ने इस परीक्षण युद्ध को अंतरिक्ष तक पहुंचाने वाला करार दिया। पाकिस्तान ही नहीं चीन भी बौखलाया हुआ है। उसने सधे हुए अंदाज में अंतरिक्ष में शांति बनाए रखने की वकालत की। चीन 2007 में एंटी सैटेलाइट मिसाइल का परीक्षण कर चुका है, जिसके बाद पूरे विश्व में उसकी आलोचना हुई थी। अमेरिका ने भारत को चेतावनी दे डाली है। **-सुधाकर , बोकारो**

# कश्मीर में अमन से गुलजार होता गोवा

**आर.के. सिन्हा**

## सामयिक

अब गोवा के करीब आता जा रहा है कश्मीर। हो सकता है कि यह बात अविश्सनीय लगे, पर सच तो यही है। कश्मीर घाटी से हजारों लोगों का गोवा घूमने के लिए जाना बताता है कि दोनों राज्य करीब आ रहे हैं। ये दोनों राज्य न केवल भारत बल्कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पर्यटन स्थलों में शामिल हैं। गोवावासी तो लंबे समय से छुट्टियां बिताने कश्मीर जाते ही रहे हैं, लेकिन कुछ साल पहले तक कश्मीरियों के लिए ऐसा सपने में भी नहीं सोचा जा सकता था। हालात अब तेजी से बदल रहे हैं और घाटी के लोग बड़ी तादाद में छुट्टियां बिताने गोवा जा रहे हैं। दिल्ली-गोवा फ्लाइट में सफर करने वाले इसे आसानी से समझ सकते हैं। अगर आपने हाल के दौर में कभी राजधानी के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से गोवा का सफर किया है तो आपने कश्मीरियों को सपरिवार गोवा जाते देखा ही होगा। इससे इस बात की पुष्टि भी होती है कि कभी अशांत रहे कश्मीर की फिजा अब तेजी से बदल रही है। श्रीनगर की अपनी हालिया यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा भी था कि अब कश्मीर आर्थिक रूप से बदल रहा है। कश्मीर के लोगों ने जिस गर्मजोशी से उनका स्वागत किया, कुछ साल पहले तक यह अकल्पनीय था। प्रधानमंत्री ने श्रीनगर के बख्शी मैदान में आयोजित रैली में कहा, "मैं आपका दिल जीतने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा हूं।" कश्मीरियों के छुट्टियां मनाने गोवा जाने के पीछे बड़ी वजह कश्मीर घाटी में शांति और स्थिरता भी है। चूंकि श्रीनगर से गोवा के लिए सीधी उड़ान नहीं है, इसलिए कश्मीरियों को पहले दिल्ली जाना पड़ता है। दिल्ली से वह गोवा के लिए फ्लाइट पकड़ते हैं। जब कश्मीर में हाड़ कंपाने वाली ठंडी पड़ती है, तो वह गोवा का रुख करने लगे हैं। आप कह सकते हैं कि कश्मीरियों को गोवा घूमने और रहने के हिसाब से नवंबर से जनवरी तक का महीना मुफीद लगता है।

अन्य पर्यटकों की तरह ही कश्मीरियों को भी गोवा का खुशनुमा और समावेशी समाज आकर्षित करता है। गोवा के कलंगुट, बागा, अंजुना और कैडोलिम सरीखे प्रसिद्ध समुद्र तटों पर कश्मीरियों की भीड़ को आसानी से देखा जा सकता है। यदि आप गोवा में कश्मीरी पर्यटकों से बात करेंगे तो वे निश्चित रूप से आपको दो बातें बताएंगे। पहला,वे घाटी की लंबे समय की अशांति से थके हुए थे। अब जैसे-जैसे उनके राज्य में चीजें बेहतर होती जा रही हैं, वे विकास के साथ-साथ शांति का भी अनुभव कर रहे हैं। वे गोवा को आराम करने के लिहाज से एक बेहतर जगह मानते हैं।

दूसरा, कश्मीरी पर्यटक गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत की जमकर तारीफ करते मिलेंगे। कश्मीरियों का कहना है कि गोवा सरकार के गंभीर प्रयासों से पर्यटकों के हितों का ख्याल रखा जा रहा है।

सरकार की कार्यनीति के कारण गोवा आने वाले पर्यटक अपने को सुरक्षित महसूस करते हैं। यह गोवा सरकार की बहुत बड़ी प्रशंसा है। गोवा सरकार अब 'क्वालिटी टूरिस्ट्स' यानी ज्यादा से ज्यादा खर्च करने वाले पर्यटकों को आकर्षित करने की कोशिश कर रही है। गोवा के ऊजार्वान मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने हाल ही में कहा भी था कि उनकी सरकार गोवा में क्वॉलिटी टूरिस्ट को आकर्षित करने के लिए कई कदम उठा रही है। ऐसे पर्यटकों से होटल मालिकों से लेकर टैक्सी आपरेटरों तक सबका लाभ होगा। उन्होंने कहा, अगर हम क्वॉलिटी टूरिस्ट चाहते हैं तो हमें सुविधाएं भी वैसी ही प्रदान करनी होंगी। गोवा में वैसे तो पूरे साल भर पर्यटक आते ही रहते हैं।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### गंभीर बीमारी से पीड़ित है बच्ची पिता ने लगायी मदद की गुहार



**कुजू।** कुजू निवासी चरणजीत सिंह के आठ माह की बच्ची मनप्रीत कौर गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। पिता ने लोगों से मदद की गुहार लगायी। उन्होंने बताया कि जन्म से ही बच्ची इस गंभीर बीमारी पित्त संबंधी अट्रेसिया से ग्रसित है। रूप को इलाज के लिए रेला हास्पिटल चेन्नई ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने एक माह के अंदर रूप के लीवर ट्रांसप्लांट की सलाह देते हुए कुल खर्च 24 लाख रुपया बताया है। खर्च सुनकर माता-पिता मजबूरन बिना इलाज के ही रूप को लेकर कुजू लौट गए हैं। उन्होंने आमलोगों से मदद की गुहार लगाई है। पिता चरणजीत सिंह का फोन पे नंबर 8789849235 व केनरा बैंक कुजू का एकाउंट नंबर 110067474768 है। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा सहयोग करने का आग्रह किया है।

### कुरसे में सरहुल को ले हुयी बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कुरसे स्थित सरना स्थल में गुरूवार को सरहुल पूजा समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता फुलेश्वर राम एवं संचालन जगन्नाथ मुंडा ने किया। बैठक में सरहुल की तैयारियों पर चर्चा की गई। 11 अप्रैल को सरना स्थल में पूरे विधि-विधान एवं पारंपरिक तरीके से पाहन द्वारा सरहुल पूजा की जायेगी। साथ ही 13 अप्रैल को धूमधाम व गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली जायेगी। जिसमें सैंकड़ो महिला-पुरूष शामिल होंगे। शोभा यात्रा का शुभारंभ कुरसे सरना स्थल होगा। शोभा यात्रा मतकमा चौक, बिरसा चौक, भुरकुंडा बाजार आदि क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए भुरकुंडा थाना मैदान पहुंचेगी। पूजा की सफलता को लेकर विजय मुंडा को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं सरहुल पूजा की तैयारियों पर दर्जनो लोग जुटे हैं। मौके पर जनार्दन मुंडा, रामदास बेदिया, सचिन साहु, शिवलाल बेदिया, जयलाल सिंह, अनिल स्वर्णकार, सुरेन्द्र मुंडा, कौलेशवर बेदिया, अजय तुरी, जगदीश मुंडा, तुलसी बेदिया, रविन्द्र बेदिया, सुनील करमाली, राजमोहन मुंडा, कृष्णा बेदिया, महेश सिंह, अजय बेदिया, राजेन्द्र बेदिया, विरेन्द्र मुंडा, राजेश्वर सिंह, कपूर, हरिचरण करमाली, बिनोद करमाली, भुनेश्वर बेदिया , ईश्वर मुंडा, बंधन पहान आदि मौजूद थे।

### मुद्दों के आधार पर दें वोट : संजीव



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** देश में व्याप्त भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी जैसी गंभीर मुद्दों के लिये कांग्रेस और बीजेपी बराबर की जिम्मेदार है। कांग्रेस और भाजपा ने देश की सत्ता पर शासन किया है परंतु आज भी जनता बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रही है। उक्त बातें झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के वरिष्ठ नेता संजीव साहू ने गुरूवार को प्रेस बयान जारी कर कही। उन्होंने कहा कि दोनों राष्ट्रीय पार्टी ने देश को जमकर लुटने का काम किया है। पूंजीपतियों को बढ़ावा दिया है और किसान नौजवानो के नाम पर राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम करते आई है। ग्रामीण क्षेत्र की जनता शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत आवश्यकताओं से आज भी वंचित है। श्री साहू ने कहा की महंगाई बेरोजगारी कोई आज की समस्या नही है दशकों से बनी हुई है परंतु विगत कुछ वर्षों में ये समस्या विकराल रूप धारण करते जा रही है, जो कि देश के लिये चिंता का विषय है। आज भी सरकारी कार्यालय में भ्रष्टाचार व्याप्त है।

### बड़की डूंडी में महायज्ञ को ले भूमि पूजन



**कुजू।** श्री श्री 1008 श्री हनुमंत लला प्राण प्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ को लेकर बड़की डूंडी में गुरुवार को भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन मेंआजसू नेता तिवारी महतो, जिप सदस्य तापेश्वर महतो, छोटकी डूंडी पंचायत के मुखिया रामसेवक महतो, पंचायत समिति सदस्य रीना कुमारी शामिल थे। इस दौरान पुरोहित मदन तिवारी की देखरेख में पंडित अमरकांत शास्त्री, अनिल शास्त्री, श्रवण कुमार, जनार्दन तिवारी ने यजमान बने वासुदेव महतो, लालधारी महतो, झूबर महतो, अवधेश महतो, संतोष कुमार, कुलेश्वर महतो सपत्नीक को पूजा अर्चना कराया। बाद में श्रद्धालु गाजे- बाजे के साथ महावीरी झंडे का नगर भ्रमण कराया। बाद में यज्ञ स्थल पर पहुंचकर वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच महावीरी झंडे का ध्वजारोहण किया गया। भूमि पूजन में वीरू महतो, भोलेश्वर महतो, गोपाल महतो, मथुरा साव, मुचरू मांझी, देवेंद्र दांगी, गणेश महतो, बिहारी लाल महतो, जीवलाल महतो, नेवालाल कुमार, अमेरिका प्रसाद, चुरामन महतो, विष्णु देव महतो, रामनंदन महतो, कृष्णा कुमार महतो, प्रकाश महतो, घनश्याम महतो, लुटेश्वर महतो, हीरालाल महतो, शांति देवी, मनीता देवी, बृजलाल महतो, रघुनंदन प्रसाद, छेदी महतो, शिवनारायण महतो, दशरथ साव फूलचंद महतो समेत अन्य लोग शामिल थे।

### रुद्र महायज्ञ को ले भूमि पूजन आज

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** शिवनगर कॉलोनी बीटीटीआई में होने वाले पांच दिवसीय श्रीश्री 108 रुद्र महायज्ञ प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शुक्रवार को भूमि पूजन व ध्वजारोहण होगा। यज्ञ समिति के लोगों ने बताया कि 20 से 25 अप्रैल तक चलने वाले महायज्ञ के प्रथम दिन 24 को कलश यात्रा के साथ श्रीश्री 108 रुद्र महायज्ञ प्राण प्रतिष्ठा का शुभारंभ होगा। इस दौरान पंचांग पूजन, प्रवेश पूजन, मंडप पूजन, यज्ञ मंडप की परिक्रमा सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान होंगे।

# 48 वोटर अवेयरनेस फोरम गठित

## हेल्पलाइन एप से मतदाताओं को जानकारी दें सदस्य : उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** लोकसभा चुनाव को लेकर रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभा कक्ष में वोटर अवेयरनेस फोरम की हुई बैठक।

उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता ने उपायुक्त को जानकारी देते हुए बताया कि मतदाता जागरूकता हेतु 48 वोटर अवेयरनेस फोरम का गठन किया गया है, जो मतदाता प्रतिशत में वृद्धि हेतु लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने का काम कर रही है। उपायुक्त ने उपस्थित सभी वोटर अवेयरनेस फोरम के सदस्यों को मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया साथ ही उपायुक्त ने वोटर अवेयरनेस फोरम के सदस्यों को वोटर हेल्पलाइन एप के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि अधिक से अधिक मतदाताओं के बीच वोटर हेल्पलाइन एप के संबंध में जानकारी देने का निर्देश दिया।

**प्रतियोगिता, कार्यक्रम कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करें सभी सदस्य**

उपायुक्त ने वोटर अवेयरनेस फोरम के सभी सदस्यों को वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से मतदाता सूची में किसी भी मतदाता तथा उनके परिजनों के नाम की जांच करने हेतु प्रोत्साहित करने और जो मतदाता किसी अन्य राज्य के हैं और संबंधित लोकसभा क्षेत्र में रह रहे हैं जिनका मतदाता पहचान पत्र संबंधित लोकसभा क्षेत्र में नहीं बना है वह वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से फार्म 6 भर कर निवास कर रहे लोकसभा क्षेत्र में अपना मतदाता पहचान पत्र बनवा सकते हैं साथ ही किसी मतदाता परिवार के किसी सदस्य का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है तो उन्हें तत्काल वोटर हेल्पलाइन के माध्यम से प्रपत्र 6 भरकर मतदाता के रूप में उन्हें निबंध करने हेतु प्रेरित करने का अपील किया गया ।

उपायुक्त चंदन कुमार ने उपस्थित सभी वोटर अवेयरनेस फोरम के सदस्यों व पदाधिकारी को मतदाता जागरूकता शपथ भी दिलाई गई।



उपायुक्त ने निर्वाचन के दौरान सरकारी अथवा गैर सरकारी संस्थानों में कार्य कर रहे कर्मियों का अपने मताधिकार का प्रयोग करना सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने संचालकों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही जानकारी देते हुए कहा कि कोई भी संस्थान सरकारी या गैर सरकारी मतदान के लिए छुट्टी में गए कर्मियों के वेतन में कटौती नहीं कर सकती है । अगर ऐसी सूचना प्राप्त होती है तो संबंधित संस्थान पर ईसीआई के निर्देशानुसार सेक्शन 135बी के तहत कार्रवाई की जाएगी। स्वीप नोडल पदाधिकारी कनक तिर्की ने उपस्थित सभी वोटर अवेयरनेस फोरम के सदस्यों को सक्षम ऐप के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि सक्षम ऐप के माध्यम से वैसे दिव्यांग मतदाता जो मतदान केंद्र जाने में सक्षम नहीं है उन सभी मतदाताओं के लिए सक्षम ऐप में फॉर्म भरने के उपरांत उन सभी मतदाताओं के लिए मतदान केंद्र पहुंचाने हेतु विभिन्न प्रकार के उपकरणों या संसाधनों से मतदान केंद्र तक पहुंचाया जाएगा। अगर कोई भी मतदाता जो मतदान केंद्र जाने में सक्षम नहीं हो तो उस मतदाता का डिटेल सक्षम ऐप में भरने की अपील की।

## भाजपा प्रत्याशी ने चलाया तूफानी जनसंपर्क अभियान, कहा

# मोदी सरकार के कोई भी मंत्री पर भ्रष्टाचार का दाग नहीं लगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने गुरुवार को एक भाजपा मंडल में एक दिनका सघन जनसंपर्क अभियान की शुरूआत रामगढ़ जिले के बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पतरातु प्रखंड स्थित भदानीनगर मंडल क्षेत्र से की। यह क्षेत्र कोल बेल्ट क्षेत्र है। जहां करीब डेढ़ दर्जन प्रमुख स्थलों का दौरा कर स्थानीय समस्याओं से अवगत हुए। जायसवाल ने अपने दौरे की शुरूआत रामगढ़ के टायर चौक से की। तत्पश्चात भदानीनगर मंडल क्षेत्र के कंडेर, पीरी, डूडगी, मसमोहना, कडरू, वारीडीह, जुमरा, साकी, सुदी, पाली, चिकोर, लादी, मतकमा, देवरिया, कुरसे, लबगा, रसदा सहित करीब एक दर्जन पंचायतों के डेढ़ दर्जन स्थानों में जनसंपर्क अभियान चलाया। मौके पर उन्होने कहा कि कहा जाता है कि भ्रष्टाचार ऊपर से नीचे की ओर आता है लेकिन जब ऊपर से ही भ्रष्टाचार सफाई का प्रारंभ हो जाए तो नीचे भ्रष्टाचार का सवाल ही नहीं उठता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार की जननी रही है लेकिन मोदी सरकार में पिछले करीब 10 सालों में उनके मंत्रिमंडल में कोई भी भ्रष्टाचार का दाग नहीं लगा।



कई राज्यों में भ्रष्टाचार का आतंक है उसे समाप्त करने के लिए केंद्रीय एजेंसियां नकेल कस रही है और उसी का नतीजा है की आज कई झारखंड, दिल्ली के सीएम, कई राज्यों के मंत्री, कई आईएएस और अन्य नेता जेल के सलाखों के पीछे हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त भारत के निर्माण के लिए तीसरी बार मोदी सरकार बनाएं और अपना बहुमूल्य वोट भाजपा को ही दें।

मौके पर झारखंड भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व बीस सूत्री उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, रामगढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व भाजपा प्रत्याशी सह सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, भाजपा जिला मंत्री संजीव कुमार बावला, भाजपा एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष कुमेल उरांव, भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सन्नी कुशवाहा, भदानीनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष सागर दांगी, रंजित पांडेय, सुरेंद्र करमाली, सोनू कुशवाहा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

### ब्राह्मण महासंघ के युवा उपाध्यक्ष को पितृ शोक

**टाटीझरिया ।** अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के झारखंड प्रदेश युवा उपाध्यक्ष हजारीबाग जिला के नगवा निवासी आचार्य बिरेंद्र कुमार पांडेय के पिता जगदीश पांडेय जी का निधन लगभग 8:00 बजे बुधवार को शेख भिखारी अस्पताल हजारीबाग में हो गया । प्रदेश उपाध्यक्ष ने बताया कि पिता का स्वास्थ्य विगत तीन चार दिनों से खराब था उन्हें इलाज के अस्पताल लाया गया था। चिकित्सकों ने बचाने के लिए काफी प्रयास किया लेकिन भगवान के लेख को कोई मिटा नही सकता आखिरकार उन्होंने 27 अप्रैल को अस्पताल परिसर में अंतिम सांस ली।

मृतक अपने पीछे दो पुत्र प्रथम आचार्य बिरेंद्र कुमार पांडेय और द्वितीय पुत्र सैलेंद्र पांडेय समेत पत्नी , बहु ,बेटी, नाती पौता सगे संबंधी पूरा भरा पूरा परिवार छोड़ गए। मृतक के पार्थिव शरीर को स्थानीय शमशान घाट में बड़े पुत्र ने मुखाग्नि आचार्य पुरोहितो द्वारा वैदिक रीति रिवाजों के अनुसार किया । मौके पर जीवलाल पांडेय,कामदेव पांडेय, निरज पांडेय,रूपेश पांडेय,बैजनाथ पांडेय, विनय पांडेय,मुकेश पाण्डेय,नीतीश पांडेय,रंजित पांडेय सहित कई लोग उपस्थित थे।

## लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा की बैठक

**बड़कागांव ।** लोकसभा भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के बड़कागांव स्थित आवास पर पश्चिमी मंडल भाजपा कार्यकताओं की बैठक मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन महामंत्री नरसिंह प्रसाद एवं इंद्र भूषण ने संयुक्त रूप से किया। बड़कागांव पश्चिम मंडल के 12 पंचायत को 4 कलेक्टर में विभक्त कर सर्वेक्षण दल का गठन किया गया। यह सर्वेक्षण दल पूर्व से किए गए बूथ स्तरीय कमेटी का पुर्ननिरीक्षण किया जाएगा। पहला कलस्टर चेपाकला, सिंदुआरी, डाडीकला पंचायत को मिलाकर एक कलेक्टर बनाया गया है। दूसरा कलस्टर में सिकरी, सिरमा, कांडतरी पंचायत को शामिल किया गया है। तीसरा कलस्टर में बड़कागांव पश्चिम, मध्य एवं पूर्वी पंचायत शामिल है। चौथा कलस्टर में सांढ, चंदौल एवं महुगाईकला पंचायत शामिल है। पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि सभी कार्यकर्ता निष्ठा पूर्वक अपने-अपने कार्यों का निर्वहन में लग जाए। बैठक में टुकेश्वर प्रसाद, अवधेश मिश्रा, पुष्कर अग्रवाल, कैलाश साव,बैजनाथ कुमार साव, अवध किशोर यादव, ज्ञानेश्वर शर्मा, गणेश साव,शिव शंकर मेहता, कैलाश साव, अनुज यादव, रामचंद्र महतो, रामेश्वर चौरसिया, खेमानी साव, रीता देवी, प्रदीप कुमार दांगी,नंदलाल महतो, भोला प्रसाद दांगी, राजकुमार राणा, ललित कुमार, स्वरूप नारायण महतो उपस्थित थे।

**सभी कार्यकर्ता निष्ठा पूर्वक अपने-अपने कार्यों में लग जायें : लोकनाथ महतो**



बैठक में भाजपा कार्यकर्ता।

# रामगढ़ में श्री श्री रामनवमी महासमिति का कार्यालय खुला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ चट्टी बाजार स्थित मारवाड़ी धर्मशाला में गुरूवार को श्री रामनवमी पूजा महासमिति कार्यालय का उद्घाटन दर्जनों रामभक्तों की उपस्थिति में नवनियुक्त अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने किया। दीपक मिश्रा ने कमिटी विस्तार करते हुए सभी पदाधिकारियों की सूची जारी करते हुए कहा कि इस बार कमिटी में महा रामनवमी पूजा के तहत रामगढ़ में आयोजित होने वाले मंगला जुलूस एवं शोभा यात्रा में जिले के सभी अखाड़ों एवं पूजा समितियों एवं मातृशक्ति प्रमुख के रूप में मधु गुप्ता,सिंधु झा,गीता मेहता सहित सभी रामभक्तों का समन्वय किया गया है । अगर कुछ नाम छूट गए होंगे तो उन्हे भी आगे चलकर समाहित कर लिया जाएगा। अध्यक्ष द्वारा जारी की गई 141 सदस्यीय सूची में महासमिति के अध्यक्ष दीपक मिश्रा,मुख्य संरक्षक राजेश ठाकुर,छोटू सिंह, छोटू वर्मा , उपाध्यक्ष विशाल जायसवाल, ब्रजेश पाठक,अरुण महतो, प्रवीण सोनू, बीजू गोयनका, शिवकुमार महतो,प्रभात अग्रवाल, विनय शर्मा, रवि मिश्रा, सौरव जयसवाल, आनंद बरेलिया, सुरेंद्र महतो,दीपक साव,विक्की चंद्रवंशी, पंकज भारती,ओमप्रकाश कुशवाहा,सचिन चंद्रवंशी महासचिव के रूप में तुलेश्वर पासवान,संतोष नायक सचिव के रूप में विनोद राम,तरुण साव,अंकित सिंह,नीरज मंडल,जितेंद्र मिश्रा,भीम सिंह,राहुल पासवान,टिंकू सिंह,दिवाकर चक्रवर्ती,सरोज पासवान,शंकर यादव,सुमित राम,सोनू यादव, ललन लहरी,डब्लू साव,नीरज गोयल,रंजित कुमार, महेंद्र प्रसाद,ब्रजेश पाठक, निखिल कुमार,टिंकू सिंह,जिमी राम,लाल बाबू,आकाश यादव,प्रदीप जयसवाल,दिलीप पासवान को जगह दी गई है। कोषाध्यक्ष के रूप में रूपेश कुशवाहा,सह कोषाध्यक्ष यश वर्मा कार्यालय प्रभारी मनोज सिंह का नाम एवं प्रिंट एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया से समन्वय स्थापित करने हेतु सत्यजीत चौधरी को मीडिया प्रमुख का दायित्व दिया गया है। साथ ही सोशल मीडिया हेतु आनंद पांडे,अमन राजा एवं आईटी सेल प्रमुख के रूप में गौतम कुमार महतो को जगह दी गई है। मधु गुप्ता, सिंधु झा एवं गीता मेहता के नामों की घोषणा की गई है जिन्हे अन्य महिलाओं को मातृशक्ति से जोड़ने का दायित्व सौंपा गया है। महासमिति की तरफ से चिकित्सा प्रभारी के रूप में भी डॉक ऋतुराज,डॉक राजीव झा एवं डॉक वेद प्रकाश पाठक को समिति में रखा गया है। अखाड़ों के बीच समन्वय स्थापित करने हेतु आलोक शर्मा,मणिशंकर ठाकुर, शुभम गिरी,मोनू गुप्ता,अविनाश गुप्ता,मुकेश यादव, शुभम सिंह, सुमित वर्मा,दिलीप नायक को शोभा यात्रा प्रमुख का दायित्व दिया गया है। यातायात प्रमुख के रूप में अमित ठाकुर,शशि शेखर सिंह,गौतम सिंह,राहुल गुप्ता,शुभम कुमार,सोनू पंडित को दायित्व सौंपा गया है।

**▸▸ महासमिति के अध्यक्ष बने दीपक मिश्रा और मुख्य संरक्षक राजेश ठाकुर, छोटू सिंह व छोटू वर्मा**



## एक नजर में

### नृसिंह भगवान मंदिर में जेपी पटेल ने की पूजा



**कटकमदाग।** हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने सपरिवार खपरियावा के नृसिंह भगवान मंदिर में पूजा अर्चना करने पहुंचे। मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जय शंकर पाठक भी साथ में उपस्थित थे।मंदिर में पूजा अर्चना कर बाबा का आशीर्वाद मांगा। महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर कटकमदाग बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील कुमार ओझा शशि मोहन सिंह कोग्रेस के वरिष्ठ नेता विरेन्द्र कुमार सिंह विनय कुमार सिंह असगर अली सहित कई लोग मौजूद थे।

### गंगादोहर में रामनवमी पूजा समिति गठित

**बड़कागांव।** गंगादोहर में रामनवमी की बैठक हुई, जिसमे सर्वसमिति से निर्णय लिया गया कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर नवमी के दिन प्रत्येक वर्ष कि तरह इस वर्ष भी धुमधाम से झांकी जुलूस के साथ हरली मेला टांड शांतिपूर्वक निकाला जाएगा। बैठक में पुजा समिति का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद दांगी, सचिव पवन कुमार,कोषाध्यक्ष महेंद्र महतो,झांकी निर्माण प्रभु दयाल कुशवाहा,मिडिया प्रभारी नंदकिशोर मेहता,पुजारी कृष्ण कुमार कौशल, कार्यकारिणी सदस्य राजुकमार मेहता,सुबोध कुमार,रंजीत कुमार, अरविन्द कुमार,रोबिन कुमार,अजीत महतो,रामवृक्ष प्रसाद,गुलाबी महतो, हिरालाल,प्रवीण महतो,आनंद महतो, विवेक कुमार,भोला कुमार,दिनेश कुमार शामिल हैं।वही बैठक में दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### रुद्र महायज्ञ को ले भूमि पूजन व ध्वजारोहण

**दारू।** इरगा पंचायत के ग्राम बड़वार के हरिजन टोला में नव निर्मित शिव मंदिर में आयोजित होने वाले श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ को लेकर गुरुवार को भूमि पूजन सह ध्वजारोहण किया गया। आचार्य पंडित अनुग्रह नारायण शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन कार्य कराया। भूमि पूजन कार्य मे नरेश राम सहपत्नी मुख्य पुजारी बने। यज्ञ समिति के अध्यक्ष रामशरण राम, सचिव सुखदेव राम और कोषाध्यक्ष धानेश्वर राम ने बताया कि आगामी 20 अप्रैल से 26 अप्रैल तक कार्यक्रम रखा गया है। 20 अप्रैल जल एंव कलश यात्रा के साथ महायज्ञ प्रारंभ होगी। 21 अप्रैल मंडप एंव स्तम्भ प्रवेश, 22अप्रैल वेदीपुजन एंव अग्निअस्थापन, 23 अप्रैल जलाधिवास अन्नाधिवाश, 24 अप्रैल पुष्पाधिवास एंव फलाधिवास , 25 अप्रैल नगर भर्मण, 26 अप्रैल मंगलस्नान प्राणप्रतिष्ठा हवन पूणार्हुति महाभंडारा एंव भव्य जागरण समारोह के साथ कार्यक्रम को सम्पन्न किया जाएगा। भूमिपूजन ओर ध्वजारोहण के दौरान यज्ञ समिति के सदस्य विकाश कुमार, संतोष यादव, सचिन राम सहित सैकड़ों की संख्या में बड़वार ग्रामीणों की उपस्थित रही।

### गैस सिलिंडर में आग से दीवाल क्षतिग्रस्त

बरकट्ठा। प्रखंड के तुर्कबाद राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के रसोई घर मे गैस सिलिंडर ब्लास्ट होने की घटना प्रकाश में आया है। गलिमत रही की किसी प्रकार की बड़ी घटना होने से टल गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार गैस का पाइप से रिसाव के कारण सिलिंडर में आग लगी। जिस कारण जोरदार धामके के साथ सिलिंडर फटने से रसोई घर की एक तरफ की दीवाल व बर्तन क्षतिग्रस्त हो गया ।वहीं रसोई घर मे बना एमडीएम तीतर बितर होकर बर्बाद हो गया ।हालांकि किसी तरह की जान का खतरा नही हुआ ।रसोईया भी रसोई घर से सुरक्षित बाहर निकल गयी ।धमाका इतना जोर था कि विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी मच गयी ।इस दौरान बच्चे रसोई घर मे के समीप नहीं थे।

### चरही : सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत

**चरही।** थाना क्षेत्र के एनएच 33 ओवर ब्रिज के समीप बुधवार देर रात करीब 9 बजे बाइक को कार ने पीछे से चपेट में ले लिया। जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर चरही पुलिस मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को मांडू सरकारी अस्पताल ईलाज के लिए भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार बजाज बॉक्सर बाईक चुरचू थाना क्षेत्र के ग्राम चिचिकला निवासी दशरथ मुर्मू अपने पुत्र बहादुर मुर्मू के साथ चुरचू से अपने ससुराल फुसरी सिंगाड़ाटोला जा रहा रहा था। उसी दौरान चरही ओवर ब्रिज के समीप हजारीबाग कि ओर से आ रहे मारुति ने दोनों बाईक सवार को पीछे से जोरदार टक्कर मारते हुए चपेट में ले लिया। जिससे दोनों बाईक सवार दूर जाकर गिर पड़े। और दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर चरही पुलिस मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को ईलाज के लिए मांडू सादर भेज दिया गया। जहां पर डॉक्टरों ने घायलों की स्थित को गंभीर देखते हुए रामगढ़ सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। ईलाज के दौरान बहादुर मुर्मू मौत हो गई। जबकी उसके पिताजी दशरथ मुर्मू रामगढ़ के किसी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### कटकमदाग प्रखंड में मतदाता जागरूकता अभियान

**कटकमदाग।** प्रखंड के बेंदी एवं विभिन्न स्थानों में कटकमदाग अंचल अधिकारी प्रशांत कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी एकता वर्मा के द्वारा स्वयं सहायता समूह के दीदियों एवं विभिन्न मतदाताओं के बीच मे मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसे लोक तंत्र को मजबूत बनाने हेतु क्षेत्र में शतप्रतिशत मतदाताओं को मतदान सुनिश्चित करने मे समाज के अधिक अधिक मतदाताओं के लिए उत्साहित करने के लिये लोगों को अभियान का मुख्य उद्देश्य लोक सभा चुनाव के दौरान मतदाताओं को जागरूक करना है। मौके पर बीपीएस प्रदीप खालखो सिकन्दर कुमार दास, सुजीत कुमार कई सखी मंडल के महिला पुरुष मौजूद थे।

### टाटीझरिया भाजपा मंडल अध्यक्ष बने कैलाशपति



टाटीझरिया। चुनाव में नेताओं और कार्यकर्ताओं को आने -जाने का सिलसिला लगातार जारी है। इस क्रम में टाटीझरिया भाजपा का मंडल अध्यक्ष का पद भी रिक्त हो चुका था। जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने बुधवार को टाटीझरिया मंडल का कार्यवाहक मंडल अध्यक्ष का मनोनयन किया है। पूर्व मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह को प्रखंड भाजपा की कमान सौंपी गई है। मनोनीत अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि उन्हें जो कार्यभार सौंपा गया है,वे बखूबी निर्वहन करेंगे ।सभी कार्यकताओं के मान - सम्मान ,मतदाताओं से संपर्क करने का कार्य करेंगे। कहा कि वर्तमान समय में उनका एक ही लक्ष्य ,लोकसभा चुनाव में हजारीबाग से मनीष जायसवाल और कोडरमा से अन्नपुर्णा देवी को भरी मतों से जीत दर्ज करवाना है। अध्यक्ष बनाए जाने पर मिथलेश पाठक,संतोष मंडल,राजू यादव,महेश अग्रवाल,उपेंद्र पांडेय,दशरथ नारायण सिंह,ज्योतिष पंडा,सुरेंद्र राणा,रामप्रसाद कुशवाहा,कृष्ण साव,सहदेव यादव, कौलेश्वर मिश्रा,विजय पांडेय,बजरंगी साव,रंजित तिवारी,राजेश यादव,सुरेंद्र प्रसाद,कन्हाई राम,लोकनाथ गोप,रजनीकांत चौधरी,प्रकाश गंझू,होपन सिंह,राजेंद्र मंडल,डोमन गुप्ता,शंकर बर्मन,अनिल प्रसाद,अरुण सिंह,प्रवील प्रसाद,मनीष यादव,संतोष कुमार,दिलीप शर्मा समेत अन्य शामिल हैं।

# शत प्रतिशत मतदान करने को लेकर मतदाताओं को करें प्रेरित : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में वोटर अवेयरनेस फोरम को लेकर बैठक संपन्न हुआ। बैठक में जिला अंतर्गत सरकारी कार्यालय/ विभाग/ संस्थान सहित निजी व्यवसायिक कंपनी/संगठन, बैंक आदि संस्थानों से नामित नोडल के द्वारा भाग लिया गया। वोटर अवेयरनेस फोरम की बैठक में बताया गया कि सेक्शन 135(बी) आरप़ी एक्ट-1951 के तहत मतदान तिथि को सभी संस्थाओं में सवैतनिक अवकाश का प्रावधान है, ताकि समस्त वोटर अपने-अपने मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताािकार का प्रयोग कर सके। इसके साथ ही फोरम के नोडल अपने अपने कार्यालय संस्थान अंतर्गत सभी जन का मतदाता सूची में निबंधन करवाने हेतु उनका प्रपत्र-6 भरवाने के लिए उन्हें प्रेरित करें। इसके अलावा अपने सलंग्न मतदान केंद्र पर आवश्यक मिनिमम सुविधा का भी अवलोकन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा बैठक में जिला अंतर्गत शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने से संबंधित विभिन्न विषय वस्तु पर विस्तार पूर्वक चर्चा भी किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि 20 मई 2024 का वृहद रूप से प्रचार करें, अधिकाधिक मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित करें। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित करें। अपने शॉपिंग मॉल, सिनेमा हॉल इत्यादि में सेल्फी प्वाइंट और हस्ताक्षर बोर्ड लगाकर नैतिक मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करें। वहीं उपायुक्त ने कहा कि वोटर हेल्पलाइन एप्प के माध्यम से मतदाता सूची से अपना नाम सत्यापित करें और बूथ अवेयरनेस फोरम के सभी नोडल अपने-अपने संस्थानों, बैंकों, कंपनी इत्यादि सभी वोटर हेल्पलाइन एप्प को डाउनलोड करेंगे और नेमचेक अभियान चलाते हुए मतदाता सूची में अपना नाम का सत्यापन करेंगे। बैठक में आये सभी लोगों को वोटर हेल्पलाइन एप्प डाउनलोड कराया गया और सभी ने एप्प के मायम से अपना नाम मतदाता सूची से सत्यापित किये।

**दिलाया गया नैतिक मतदान की शपथ :** उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा नैतिक मतदान करने का शपथ दिलाया गया। हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर र्मि, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।'' मौके पर डीडीसी ऋतुराज, एसडीओ रिया सिंह, सीएस डॉ. अनिल कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस कुजूर, डीएसडब्लूओ शिप्रा सिन्हा समेत अन्य मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### दो समुदायों के बीच हुई मारपीट, 6 गिरफ्तार

**चतरा।** जिले के इटखोरी थाना क्षेत्र के धनखेरी में होली खेलने को लेकर बीते मंगलवार को दो समुदायों के बीच विवाद हो गया, जिसके चलते जमकर मारपीट हुई। इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से स्थानीय थाना में मामला दर्ज किया गया है। इटखोरी थाना पुलिस ने कांड संख्या 33/24 के आरोपी निखिल कुमार यादव, अजीत कुमार, वीरेंद्र कुमार यादव, एवं इटखोरी थाना कांड संख्या 34/24 के आरोपी मोहम्मद फिरोज, मोहम्मद अरबाज, मोहम्मद क्यूम मियां सभी धनखेरी निवासी को गिरफ्तार कर चतरा जेल भेज दिया गया है।

### पुलिस ने दो अफीम तस्कर को किया गिरफ्तार

**चतरा।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दो अफीम तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों की निशानदेही पर चार तस्करों के घरों में छापेमारी की गई, जिसमें बड़ी मात्रा में अफीम में प्रयुक्त होने वाले केमिकल और ब्राउन शुगर बनाने का सामान जब्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय ने गुरुवार को थाना का निरीक्षण किया और थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता के साथ बैठक कर कई दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने शुक्रवार को प्रेस वार्ता के माध्यम से सभी जानकारी सार्वजनिक करने की बात कही है। पुलिस मामले की अनुसंधान कर रही है और इस कार्रवाई से अफीम और ब्राउन शुगर तस्करों में हड़कंप मच गया है।

### इफ्तार पार्टी का आयोजन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत करबला नगर स्थित गुलशने मदीना मस्जिद परिसर में बुावार की शाम 16वें रमजान के मौके पर नौजवान कमेटी के द्वारा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमे सैकड़ों रोजेदार उपस्थित होकर रोजा इफ्तार पार्टी का आनन्द उठाया। रोजा इफ्तारी पार्टी के पूर्व मस्जिद के ईमाम मौलाना ईकबाल अहमद ने सभी रोजेदारों के साथ अल्लाह तबारक व ताला के बारगाह में हाथ उठाकर देश व दुनिया में अमन चैन कि दुआ मांगी। ईफ्तार पार्टी में मुस्लिम समाज के बूढ़े बुजुर्ग नौजवान व बच्चे बड़ी संख्या में शिरकत किया।

### बस्ता रहित प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यशाला का समापन

**कोडरमा।** जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में दो दिवसीय पूर्व व्यवसायिक अंतर्गत बस्ता रहित प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यशाला का समापन किया गया। कार्यशाला समापन के अवसर पर संस्थान के प्राचार्या सरिता कुमारी ने राज्य स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर के द्वारा बताए गए विभिन्न गतिविायिां जो पूर्व व्यावसायिक शिक्षा से संबंाित थे, उसे विद्यालय स्तर पर बताया जाए एवं बच्चों को शिल्प एवं कौशल आाारित शिक्षण से उन्हें अवगत कराया जाए ताकि वह अपने पसंदीदा क्षेत्र में अपने कौशल को उभार सके। वहीं प्रभारी प्राचार्य विजय कुमार ने कहा की शिल्प एवं कौशल परक शिक्षा ही उनके भविष्य को संवारने का काम कर सकता है। इसलिए पूर्व व्यवसायिक शिक्षण के मायम से विद्यालय में 10 दिवसीय बस्ता रहित कक्षा का आयोजन वर्ष भर में किया जाए। वहीं संस्थान के संकाय सदस्य अजीत कुमार आजाद ने पूर्व व्यावसायिक शिक्षण से संबंाित बातों को अपने गीत के मायम से पेश किया और पूर्व व्यावसायिक शिक्षण को विद्यालय स्तर पर बढ़ावा देने पर जोर दिया।

### डीसी ने की मतपत्र कोषांग को लेकर समीक्षा बैठक

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में मतपत्र कोषांग को लेकर समीक्षात्मक बैठक किया गया। बैठक में रेलवे, बीएसएनएल, पोस्ट ऑफिस, फायर सर्विस, स्वास्थ्य विभाग, एंबुलेंस सेवा इत्यादि के प्रतिनिधि शामिल हुए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि उक्त सर्विस में कार्यरत कर्मचारियों का मतदान करने हेतु पोस्टल बैलेट बनाया जाना है, सभी अपने अपने स्तर पर अपने पदाधिकारी व कर्मियों का आकलन करेंगे और उसकी सूची मतपत्र कोषांग में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

## एक नजर में

### मामूली विवाद में मारपीट, महिला की मौत, दो आरोपी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



मृतक अंजू का फाइल फोटो

**कुंदा।** थाना क्षेत्र के ककनातू गांव में दो पक्षों में आपसी रंजिश को लेकर मारपीट हुई, जिसमें 30 वर्षीय अंजू देवी की मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार, होली के दिन घरेलू विवाद को लेकर अंजू का अपने चचेरे भाई से विवाद हो गया था, जिसके बाद दोनों पक्षों में धक्का-मुक्की और मारपीट हुई। मारपीट के दौरान अंजू की हालत बिगड़ने पर उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए आनंद फानन में सदर भेजा गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। दोनों पक्षों ने इस मामले की जानकारी थाने को दी, जिसके बाद कुंदा थाना प्रभारी ने घायल अंजू को इलाज के लिए भेजा। इस मामले में जोरी थाना क्षेत्र बारा गांव निवासी 20 वर्षीय आशीष कुमार और 22 वर्षीय टिंकू कुमार को हिरासत में लिया गया है। कुंदा थाना प्रभारी नीतीश कुमार प्रसाद ने बताया कि दोनों पक्षों ने आवेदन देकर काउंटर केस किया है। मृतक अंजू देवी के पुत्र विकाश कुमार ने 13 लोगों पर मामला दर्ज किया है, जबकि द्वितीय पक्ष नरेश चौधरी ने चार लोगों पर मामला दर्ज किया है। मृतक अंजू के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी और जल्द ही उन्हें न्यायालय के हिरासत में भेजा जाएगा।

### सड़क दुर्घटना में एक गंभीर

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत वीरकुंवर सिंह चौक के समीप गुरुवार सुबह करीब ग्यारह बजे सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार 75 वर्षीय कामेश्वर लाल पिता स्व चुमन लाल कर्ण मडुआटांड़ निवासी अपने बेटे के साथ मोटरसाइकिल से वीरकुंवर सिंह चौक के समीप से गुजर रहे थे, इसी दौरान मोटरसाइकिल असंतुलित होकर गिर गया। उसी दौरान बगल से गुजर रहे एक ट्रक के चपेट में आ गया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

## सड़क हादसे में मौत पर हंगामा, पुलिस पर हमला, तीन घायल




खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवारा (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मदनगुंडी में बुधवार की रात करीब आठ बजे ऑटो व कार की टक्कर में एक की मौत हो गयी एवं आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार ऑटो संख्या जेएच12जी/1465 तिलैया से जामू खाड़ी जा रही थी, इसी दौरान मदनगुंडी के समीप विपरीत दिशा से आ रही आईटेन कार ने टक्कर मार दी, जिसमें ऑटो सवार जामुखाड़ी चंदवारा निवासी 50 वर्षीय फूलांगी सिंह पिता बुधन सिंह, 50 वर्षीय मेघनी देवी पति कन्हाई सिंह, 45 वर्षीय बुधनी देवी पति रामेश्वर सिंह, 40 वर्षीय बिरजू सिंह पिता कारू घटवार, 40 वर्षीय यशोदा देवी पति अर्जुन सिंह, 40 वर्षीय सुदामा देवी पति फुलंगी सिंह, 50 वर्षीय रामेश्वर सिंह पिता बुधन सिंह, इंदरवा कोडरमा निवासी 17 वर्षीय सपना कुमारी पिता महंगी सिंह व कार सवार ढाबथाम खांडी निवासी 30 वर्षीय प्रदीप रविदास पति महावीर रविदास गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद चंदवारा थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बिरजू सिंह, रामेश्वर सिंह एवं फुलांगी सिंह को रिम्स रेफर कर दिया। वहीं रांची ले जाने के क्रम में फुलांगी सिंह की मौत रास्ते में ही हो गई। इसी को लेकर गुरूवार को मृतक के परिजनों ने शव के साथ जामुखांडी गांव के समीप मुआवजे की मांग को लेकर एनएच मुख्य मार्ग को घंटों जाम कर दिया।

वहीं सड़क जाम के दौरान ग्रामीणों द्वारा पत्थर बाजी में चंदवारा थाना प्रभारी अरविंद कुमार, सीओ अशोक कुमार भारती व तीन आरक्षी घायल हो गए जिनका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। वहीं घटना की सूचना पाकर कोडरमा पुलिस उपाधीक्षक पुरुषोत्तम कुमार सिंह घटनास्थल पर पंहुचर सड़क मार्ग को सुचारू रूप से चालू करवाया।

## विभिन्न कांडों के सात आरोपित गिरफ्तार, भेजे गए जेल



खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** हंटरगंज पुलिस ने सोमवार को विभिन्न मामलों में सात अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। डटमी गांव के रवि कुमार यादव और उपेंद्र कुमार पर होली मिलन समारोह में उपद्रव कर पुलिस पर पत्थरबाजी करने और दो पुलिसकर्मियों को घायल करने का आरोप है। जबड़ा गांव से दो अवैध शराब तस्कर चनेश यादव और टूनेश यादव को गिरफ्तार किया गया है। खूंटीकेबाल गांव के नीरज कुमार और बेला गांव के टिल्लू विश्वकर्मा पर एक महिला के साथ छेड़छाड़ का आरोप है। शेरघाटी थाना क्षेत्र के चाली गांव के मंझर हुसैन को साइबर क्राइम के मामले में गिरफ्तार किया गया है। छापामारी दल में हंटरगंज थाना प्रभारी सनोज कुमार चौधरी, एसआई अमित कुमार, प्रिंस कुमार सिंह, दिलीप यादव, भोला साह और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस की इस कार्रवाई से अपराधियों में दहशत का माहौल है।

## राजपुर पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर, राजपुर पुलिस ने एसपी विकास पांडे के निर्देश पर बीके हाई स्कूल के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान में गाड़ी के हेलमेट और वाहन के कागजात की जांच की गई और जिन वाहनों के कागजात और हेलमेट नहीं पाए गए, उनका चालान काटा गया। इस अभियान में एएसआई एसके चातर के साथ थाना के जवान भी शामिल थे।

### अवैध शराब के खिलाफ चला छापामारी अभियान

**सतगावां (कोडरमा)।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध विशेष अभियान चलाने का निर्देश के पश्चात् थाना प्रभारी विजय गुप्ता के द्वारा गुरुवार को सतगावां थाना अंतर्गत ग्राम राजाबर, बरकठी जंगल में अवैध शराब के विरूद्ध छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमें 180 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया एवं दो हजार किग्रा. जावा महुआ विनिष्ट किया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि मामले को लेकर अग्रतर करवाई की जा रही है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी विजय गुप्ता, अवर निरीक्षक कृष्णकांत कुमार, आरक्षी पवन कुमार, भूषण सिंह एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

### सहिया ने महिला को निजी क्लीनिक में करवाया प्रसव

**चतरा।** संहियाओं को गर्भवती महिलाओं को बेहतर चिकित्सकीय सेवा उपलब्ध कराने के लिए तैनात किया गया है, लेकिन कुछ सहिया विभाग की छवि खराब कर रही हैं और जच्चा-बच्चा के जीवन से खिलवाड़ कर रही हैं। लावालौंग थाना क्षेत्र में एक सहिया ने गर्भवती महिला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाने के नाम पर बिना लाइसेंस के क्लीनिक में ले जाकर उसका प्रसव करवाया, जिससे कमजोर बच्चे का जन्म हुआ और उसे बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग ले जाया गया। क्लीनिक संचालक ने बच्चे की मां को तब तक नहीं जाने दिया जब तक उसका पूरा भुगतान नहीं हो गया। सहिया का कहना है कि होली के कारण अस्पताल में कोई नहीं था इसलिए वह महिला को क्लीनिक ले गई, जबकि क्लीनिक संचालक ने मीडियाकर्मियों के साथ अभद्रता करते हुए कहा कि वह किसी को अपने क्लीनिक में नहीं बुलाता है और मरीज को सहीया लेकर आई है तो सहीया ही जवाब देगी। चिकित्सा प्रभारी का कहना है कि होली के मद्देनजर अस्पताल में दो चिकित्सकों और कई स्वास्थ्यकर्मियों की 24 घंटे ड्यूटी लगाई गई थी, लेकिन उन्हें अस्पताल बंद होने और प्राइवेट क्लीनिक में प्रसव होने की जानकारी नहीं है।

## भाजपा ने की कोर कमिटी के साथ विचार विमर्श



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** भारतीय जनता पार्टी कोडरमा विधानसभा की कोर कमिटी, मंडल प्रभारी एवं सभी मंडल अध्यक्षों एवं महामंत्री की बैठक सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी के आवास पर की गयी। बैठक में मुख्य रूप से सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी एवं विाायक डॉ. नीरा यादव, कोडरमा विाानसभा प्रभारी अभिमन्यु प्रसाद उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनूप जोशी तथा संचालन जिला महामंत्री शिवेन्द्र नारायण सिन्हा ने किया। बैठक में कोडरमा विधानसभा कोर कमिटी विचार विमर्श किया। वहीं अन्नपूर्णा देवी ने कहा सभी मंडल अध्यक्षों को अभी से बुथ अध्यक्षों के साथ एवं शक्ति केन्द्र के प्रभारी के साथ बैठक करें और बुथ सम्मेलन एक सप्ताह के अन्दर करें तथा मोदी जी का संदेश घर घर पहुंचाएं। वहीं डॉ. नीरा यादव ने कहा कि सभी मंडल अध्यक्ष आज से ही सभी घरों में जाकर नरेन्द्र मोदी जी के विकास कार्यों के बारे में जानकारी दें।

वहीं जिला प्रभारी अभिमन्यु ने कहा कि भाजपा को 400 प्लस सीटों पर जीत दिलाकर मोदी जी के हाथों को मजबूत करने के लिए अन्नपूर्णा देवी को भारी मतों से विजयी बनावें। वहीं जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि मंडल के प्रभारी मंडल अध्यक्ष के साथ समन्वय कर बूथ अध्यक्षों की बैठक हर पंचायत में करें और पन्ना प्रमुख बनाकर पन्ना प्रमुख को दायित्व दें कि वह अपने पन्ने में जितने मतदाता हैं उनके घरों में जाकर उनसे संपर्क करें और मोदी जी का संदेश दें और कोडरमा लोकसभा को 6 लाख से ज्यादा मतों से जीत कर अबकी बार 400 पार का नारा बुलंद करें।

## चतरा में 138 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तस्कर गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** जिले के गिद्धौर पुलिस ने तीन लाख रुपये की ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान पंकज दांगी के रूप में हुई है। उसके पास से 138 ग्राम ब्राउन शुगर और एक लूना बाइक जब्त की गई है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सिमरिया एसडीपीओ अजय कुमार केसरी के नेतृत्व में वाहन जांच अभियान अंतर जिला चेकनाका बलबल के पास चलाया जा रहा था। इस दौरान ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर को पकड़ा गया। इस संबंध में गिद्धौर थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है। ब्राउन शुगर की तस्करी में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो गंभीर



खबर मन्त्र संवादाता

**कुन्दा।** थाना क्षेत्र के चाया गाँव के समीप रोहनिया मोड़ के पास एक सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। मोटरसाइकिल सवार ने दूसरे खड़े मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे चाया गाँव निवासी रामदेव उरांव की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए प्रतापपुर स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

## सबानो में रुद्र महायज्ञ को लेकर हुआ ध्वजारोहण



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** प्रखंड के सबानो गांव में गुरुवार को रुद्र महायज्ञ को लेकर ध्वजारोहण अनुष्ठान किया गया। इस महायज्ञ का आयोजन नवनिर्मित मंदिर में प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए किया जा रहा है। यह यज्ञ 10 अप्रैल से 16 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें भजन-कीर्तन, प्रवचन और भंडारे का भी आयोजन होगा। संपूर्ण सबानो गांव के ग्रामीण इस महायज्ञ के संचालन में सहयोग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि काफी दिनों से मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा था और अब मंदिर बनकर तैयार हो गया है। इसलिए, ग्रामीणों ने आपस में बैठकर यज्ञ के साथ इसमें प्रतिमा का प्राण-प्रतिष्ठा का निर्णय लिया है। ग्रामीणों ने समस्त श्रद्धालुओं से यज्ञ में शामिल होकर पुण्य का भागी बनने की अपील की है। इस अवसर पर विधायक किशुन दास, जिप सदस्य देवनन्दन साहू, झामुमो नेता मनोज चंद्रा, यज्ञ समिति अध्यक्ष प्रेम राणा, सचिव विकास राणा, कोषाध्यक्ष प्रदीप साहू, उपाध्यक्ष प्रेम साहू, अमित साहू, मिडिया प्रभारी अशोक कुमार साहू, गोपाल कुमार राणा, नागेंद्र कुमार साहू, ईश्वरी राणा, शिबू राणा, वकील प्रसाद साहू, भैरों राणा, आसेश्वर राणा, प्रमोद राणा, काली साहू, सुनील कुमार साहू, अर्जुन राणा, कोमल साहू, मुकेश साहू, रामदेव यादव, रामदेव राणा सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### नौ दिवसीय महायज्ञ को लेकर किया गया ध्वजारोहण



**चतरा।** टंडवा प्रखंड के ग्राम सिसई टोला खैलहा में श्री राम जानकी मंदिर और हनुमंत लल्ला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही नौ दिवसीय महायज्ञ के आयोजन के लिए ध्वजारोहण कार्यक्रम किया गया। यह महायज्ञ 9 से 17 अप्रैल 2024 तक चलेगा। ध्वजारोहण कार्यक्रम में यज्ञाधिष्ठ अवधेश जी महाराज, भाजपा नेता ईश्वर दयाल पांडेय, उदय कुमार पांडेय, यज्ञ समिति अध्यक्ष जगदीश महतो, संतोष कुमार, दुभन महतो, अशोक महतो, प्रभु महतो सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे। इस महायज्ञ में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा और भगवान राम और हनुमान जी की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी।

### मीडिया सर्टिफिकेशन, मॉनिटरिंग कमिटी एवं मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट से संबंधित बैठक

**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देशानुसार एसडीओ रिया सिंह की अध्यक्षता में गुरूवार को मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमिटी एवं मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट से संबंधित समीक्षा बैठक हुई। बैठक में सोशल मीडिया पर नजर रखना, जिले में आदर्श आचार संहिता का शतप्रतिशत अनुपालन करवाने, सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार के लिए मापदंड, विज्ञापनों के प्रमाणीकरण की प्रक्रिया, आवेदकों के द्वारा समर्पित विज्ञापन सामग्री की स्कूटनी, निष्पादन की समयावधि, प्रमाणीकरण प्रमाण पत्र निर्गत करने, विज्ञापन में आने वाले व्यय कोषांग को भेजते हुए खर्चों को उम्मीदवार या पार्टी के व्यय में जोड़ने सहित आयोग को भेजे जाने वाले दैनिक एवं साप्ताहिक प्रतिवेदन आदि के प्रेषण के बारे में चर्चा की गई।

## स्पीड न्यूज

### सड़क सुरक्षा टीम ने चलाया जागरूकता अभियान, लोगों को दिलाया गया शपथ



गुमला। जिला परिवहन पदाधिकारी गुमला राकेश कुमार गोप के निर्देशानुसार मोटरयान निरीक्षक एवम सड़क सुरक्षा टीम के द्वारा गुरूवार को पालकोट रोड स्थित के ओ कॉलेज के समीप में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना हेलमेट पहने 70-80 लोगो को सड़क सुरक्षा संबंधित जानकारी दी गई। मोटरयान निरीक्षक अजय रोबिन सिंह एवं सड़क सुरक्षा के कर्मियों के द्वारा बिना हेलमेट पहने सफर कर रहे लोगों पर और क्षमता से अधिक चल रहे लोगों पर ऑनलाइन कार्यवाई करते हुए कुल 94000 का चालान निर्गत किया गया। जागरुकता अभियान के माध्यम से बतलाया गया कि वाहन चलाते समय हेलमेट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से कैसे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है। वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करना कितना खतरनाक हो सकता है के बारे में जानकारी दी। अभियान के क्रम में यातायात नियम का कड़ाई से पालन करने के लिए हेलमेट न पहने सभी लोगो को यातायात शपथ ग्रहण करवाया गया। उन्होंने बताया थोड़ी सी चूक सड़क दुर्घटना का कारण होती है। कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा प्रबंधक कुमार प्रभाष, रोड इंजीनियरिंग एनेलिस्ट प्रणय कांशी, सूचना प्रौद्योगिकी सहायक मंटू रवानी अन्य शामिल थे।

### ऑटो पलटने से एक की मौत, 1 घायल



चैनपुर। चैनपुर थाना अंतर्गत मड़ईकोना गांव के पास सफी नदी पुल में गुरुवार को 1:30 बजे के करीब ऑटो पलटने से सवार लॉरबा गांव निवासी 39 वर्षीय नरेश लोहरा पिता देवनाथ लोहार की मौके पर ही मौत हो गई एवं निर्मल लोहरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने नरेश लोहार के शव को अपने कब्जे में लेकर परिजनों से पूछताछ के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया। वहीं घायल निर्मल लोहरा को बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूरा परिवार अपने ही ऑटो से चैनपुर बाजार आ रहे थे। ऑटो में कुल 11 लोग सवार थे। इसी दौरान मड़ईकोना गांव के सफी नदी पुल की चढ़ाई में तीखा मोड और तेज गति होने के कारण ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई। वहीं अन्य कई लोगों को हल्की चोटें आई है। नरेश लोहार के परिजनों का रोकर बुरा हाल है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

गुमला। गुमला थाना क्षेत्र के करमटोली निवासी 21 वर्षीय राहुल उरांव पिता सुखनाथ भगत ने बुधवार की रात्रि घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार राहुल बुधवार की रात परिवार के सदस्यों के साथ बैठकर भोजन किया। जिसके बाद वह अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह परिजन उसे नहीं उठाये। बाद में जब उसके दोस्त आये तो उनके आवाज देने पर दरवाजा नहीं खोला गया तो फिर दरवाजा तोड़कर कक्ष में प्रवेश परिजनों ने किया। कक्ष में प्रवेश करते ही राहुल को फांसी पर झुलते पाया गया। जिसके बाद घटना की सूचना गुमला थाना को दी गई। पुलिस घटनास्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### मधुमक्खी पालन विषय पर दो दिवसीय जिलास्तरीय सेमिनार 29 से

गुमला। कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशनपुर के द्वारा 29 मार्च से दो दिवसीय जिला स्तरीय वैज्ञानिक तरीके से मधुमक्खी पालन विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया है। कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉक्टर संजय कुमार ने बताया कि इस सेमिनार के माध्यम से गुमला जिले के विभिन्न प्रखंडों के 150 किसान भाग लेंगे। जिससे इस जिले में आने वाले दिनों में मधुमक्खी पालन के प्रति किसानों का रूझान बढ़ेगा। साथ ही गुमला जिला शहद उत्पादन में आत्मनिर्भर भी बनेगा एवं झारखंड के जहां तक बात की जाए यहां की मधु की मांग बाहर के बाजारों में काफी है। जिससे किसानों की आमदनी में भी बढ़ोतरी होगी और फसल उत्पादन मैं वृद्धि के साथ-साथ जैव विविधता के संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

### लोहरदगा से सुखदेव भगत को टिकट मिलने पर कांग्रेसियों में हर्ष

गुमला। कांग्रेस से लोहरदगा लोकसभा से पूर्व विधायक सुखदेव भगत को टिकट मिलने पर क्षेत्र के कांग्रेसियों ने राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रति आभार जताया है। कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार ने कहा कि सुखदेव भगत को लोकसभा प्रत्याशी बनाने पर क्षेत्र में कांग्रेस एक मजबूत पार्टी बनकर उभरेगी। उन्होंने कहा कि सुखदेव भगत की लोहरदगा से जीत फाइनल है। पार्टी कार्यकर्ता भी उम्मीदवार के जीत के लिए कार्य करना आरंभ कर दिये है। इधर सुखदेव को उम्मीदवार बनाये जाने पर अकील रहमान, राजनील तिग्गा, राम निवास प्रसाद, संतोष कुमार गुप्ता, हेमावती लकड़ा, अमृता उरांव, जय सिंह, दीपक कुमार विश्वकर्मा, अमर प्रदीप टोप्पो, गुलाम सरवर, भैया राम उरांव आदि ने बधाई दी है।

### वृद्धि महिला के लिये किया रक्तदान



गुमला। लाइफ लाइन संस्थान गुमला के तत्वाधान में आकाश गौरव ने रक्तदान कर एक वृद्धि महिला की जान बचायी। यह उनका पहला रक्तदान है। आकाश गौरव का कहना है कि हीमोग्लोबिन कम होना और एनीमिक पेशेंट लोगो को रक्त कि जरूरत पड़ती है उनको हर महीना रक्त चढ़ाना होता है। पर उनके परिजन लोग रक्तदान करने में घबराते है। जबकि रक्तदान महादान कहलाता है। प्रत्येक व्यक्ति को हर तीन माह में रक्तदान करना चाहिए। मौके पर लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार, सगिता कुजूर, मंजू किंडो, मनीष सिंह, रोहित खंडेलवाल मौजूद थे।

### केंद्रीय सरहुल संचालन समिति की बैठक 31 मार्च को

गुमला। केंद्रीय सरहुल संचालन समिति की बैठक 31 मार्च को उरांव क्लब दुन्दुरिया में आहुत की गई है। बैठक में सरहुल मोहत्सव व सांस्कृतिक जुलूस की तैयारी पर चर्चा की जाएगी। यह जानकारी सरहुल संचालन समिति के सचिव दीपनारायण उरांव ने दी है। बैठक में गत वर्ष के सांस्कृतिक जुलूस में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सरहुल नगर गुमला, द्वितीय स्थान पर रहने वाले उरांव छात्रावास दुन्दुरिया व तीसरे स्थान पर रहने वाले आदिवासी बालिका छात्रावास गुमला को पुरस्कृत किया जाएगा। इनका चयन निर्णायक मंडली के द्वारा किया गया था।

### अंबेरा में प्राकृतिक पर्व सरहुल संपन्न



भंडरा। प्रखंड के अंबेरा गांव में गुरुवार को प्रकृति पर्व और पेड़-पौधे, नई फसल के सम्मान का पर्व सरहुल धूमधाम से संपन्न हुआ। गांव के आदिवासी समुदाय के महिला पुरुष नाच-गान के साथ ढोल-मांदर और नगाड़े बजाकर त्योहर को पूरे हर्षोल्लास के मनाया। चैत माह में पेड़ पौधों में नई कलियां और रंग बिरंगे फूल खिलते हैं। प्रकृति के इस अनमोल उपहार की सरहुल में आदिवासी श्रद्धा से पूजा करते हैं। मुखिया परमेश्वर महली ने कहा कि आदिवासियों की भाषा, संस्कृति और परंपराओं के अनुसार सरहुल फलतः धरती और प्रकृति से बेहतर फसल व फल प्राप्ति का त्योहार माना जाता है। सदियों से चली आ रही परंपरा के अनुसार आदिवासी समुदाय के लोग साल फूल और नये पत्ते को भक्ति भाव से जंगल से लाकर घर के पूजा स्थल पर पवित्रता से रखते हैं।

### आग लगी से घर जलकर हुआ खाक

कैरो। प्रखंड मुख्यालय स्थित कुम्हार टोली निवासी गोबर्धन महतो के मकान में आग लग जाने से घर जल कर राख हो गया। वहीं घर के अंदर मशरूम का करीब 10 बंडल जिससे मशरूम की खेती हुआ करती थी व अन्य सामग्री का नुकसान हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार घर के पड़ोस में एक विक्षिप्त महिला द्वारा मक्के का सूखा टहनी को जलाया गया जिसका असर गोबर्धन के घर तक पहुंच गया व देखते देखते घर धु धु कर जल उठा।

# पौधरोपण से पर्यावरण का संतुलन बना रहेगा : राजू कच्छप

**प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में मनाया गया दादी जानकी की पुण्य स्मृति दिवस**

खबर मंत्र संवाददाता



गुमला। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय शाखा गुमला में पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी जानकी का चौथी पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया। जिसमें संस्थान के सैकड़ो भाई बहनों ने दादी जी के प्रेरणादाई जीवन से प्रेरणा लेते हुए दादी जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर सदर अस्पताल में कल्पतरु प्रोजेक्ट के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें पारिजात और गुलमोहर का पौधा लगाया गया है। मौके पर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी राजू कच्छप, फूड इंस्पेक्टर लव कुमार गुप्ता, डॉ प्रेमचंद कुमार भगत, डॉ डॉली किस्पोटा, डॉ सुरजीत लकड़ा, पवन अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, संजय अग्रवाल, सीनियर सॉफ्टवेयर इंजीनियर मयंक अग्रवाल एवं शिखा अग्रवाल, पूजा कुमारी प्रबंधक हेल्थ टूर चैनल, राजयोगिनी शांति दीदी, पंकज कुमार, प्रवीण एक्का, रोहित राज, हरि जी, ममता बहन, सुचिता बहन गीता बहन, मंगल भाई उपस्थित थे। मौके पर सिविल सर्जन कच्छप ने कहा की ब्रह्मकुमारी के साथ मिलकर पौधारोपण का जो कार्यक्रम किया जा रहा है वह निश्चित ही सराहनीय है और इसके द्वारा पर्यावरण में संतुलन बनाए रखने में मदद मिलेगी। निश्चित ही वृक्ष से हमें बहुत कुछ मिलता है और वृक्षों हमें देते रहने की प्रेरणा भी मिलती है। दादी जी ने अपने जीवन काल में सभी को श्रेष्ठ जीवन जीने की राह दिखाई है। आज हम सभी यह स्मृति करते हुए उनसे प्रेरणा भी लेते हैं। इस अवसर पर दादी जी की अविस्मरणीय यादों को ताजा करते हुए शांति दीदी ने कहा कि दादी जी मात्र चौथी कक्षा तक पढ़ीं। 46 हजार बहनों की अलौकिक मां, 103 साल की उम्र में भी 12 घंटे विश्व की सेवा में सक्रिय रहीं। ऐसे अद्भुत व्यक्तित्व की धनी हैं दादी मां जानकी जी। दुनियाभर के 140 देशों में फैले प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी जानकी जी का जीवन आध्यात्म का प्रेरणापुंज है। यही नहीं विश्व की सबसे स्थिर मन की महिला का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी दादीजी के नाम है।

# सुखदेव भगत को इंडिया गठबंधन का प्रत्याशी बनाये जाने पर जीत सुनिश्चित: आलोक साहू

**जनता को विश्वास है कि सुखदेव लोकसभा में भी मुखर होकर जनसमस्याओं को उठायेंगे**

खबर मंत्र संवाददाता



लोहरदगा। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा, राजद, कम्युनिस्ट पार्टी के इंडिया गठबंधन की ओर से सुखदेव भगत को इंडिया गठबंधन का संयुक्त प्रत्याशी बनाए जाने पर उन्हें बधाई देते हुए पूर्व कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, झारखंड के प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ,विधायक दल के नेता आलमगीर आलम का आभार प्रकट करते हैं कि इस क्षेत्र के कद्दावर लोकप्रिय नेता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक सुखदेव भगत को कांग्रेस पार्टी से उम्मीदवार बनाऐ। लोहरदगा लोकसभा से सुखदेव भगत को टिकट मिलने से इंडिया गठबंधन दलों के नेता कार्यकर्ता एवं आम जनता काफी उत्साहित है। लोगों को विश्वास है कि जिस प्रकार विधानसभा में जनसमस्याओं को लेकर मुखर होकर बात को उठाते थे उसी प्रकार संसद में भी सुखदेव भगत इस क्षेत्र के समस्याओं को लेकर मुखर होकर आवाज उठाएंगे। विदित हो कि लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पढ़ने वाले सभी पांचो विधानसभा में इंडिया गठबंधन दल के विधायक है। इस चुनाव में सुखदेव भगत को सभी वर्गों का व्यापक जन समर्थन मिलेगा। लोहरदगा लोकसभा से सुखदेव भगत की जीत सुनिश्चित है।

# चमरा लिंडा के लोहरदगा से उतरने पर कांग्रेस को होगी क्षति : डॉ रामेश्वर उरांव

खबर मंत्र संवाददाता



लोहरदगा। कांग्रेस ने झारखंड के हजारीबाग, खूंटी और लोहरदगा तीन सीटों पर लोकसभा प्रत्याशी की घोषणा कर दिया है जिसके बाद से राज्य में राजनीति सरगर्मी तेज है। वही लोहरदगा से इंडी गठबंधन की ओर से कांग्रेस के प्रत्यासी के रूप में सुखदेव भगत को उम्मीदवार बनाया गया है। लोकसभा चुनाव क्षेत्र में जेएमएम से विशुनपुर विधायक चमरा लिंडा का भी चर्चा जोरों पर हैं। उम्मीद जताई जा रही है चमरा लिंडा भी चुनाव मैदान में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में उतरने वाले हैं। विशुनपुर से 3 बार से विधायक रहे चमरा लिंडा ने 2009 में पहली बार निर्दलीय लोकसभा चुनाव लोहरदगा से लड़ा था और दूसरे नंबर पर रहकर 136345 वोट प्राप्त किया था। वही 2014 में लोकसभा चुनाव में चमरा लिंडा ने फिर से तृणमूल कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा और तीसरे नंबर पर रहे जहां 118355 वोट मिले थे जिससे कांग्रेस के समीकरण बदल गया था और फिर से बीजेपी ने जीत दर्ज किया था। वही चमरा लिंडा के चुनाव लड़ने की चर्चा पर कांग्रेस के दिग्गज नेता और राज्य के वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा विशनपुर विधायक चमरा लिंडा के लोकसभा चुनाव लड़ने की संभावना के सवाल पर वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि चमरा लिंडा शुरू से लड़ते रहे हैं लेकिन कभी जीते नहीं है। लोहरदगा सीट पर वे कांग्रेस को काफी नुकसान पहुंचाते हैं। अगर वो नही लड़ते है तो कांग्रेस का रास्ता साफ रहता। शुरू से ही चमरा लिंडा कांग्रेस को डैमेज पहुंचाते आए है। अखबारों में चर्चा है कि वो चुनाव लड़ेंगे इससे ज्यादा हमको कुछ मालूम नही है। वही बीजेपी के प्रवक्ता डॉ अरुण उरांव ने दावा पेश करते हुए कहा चुनाव मैदान में कोई भी आए बीजेपी की जीत सुनिश्चित है। न सिर्फ लोहरदगा झारखंड की सभी 14 सीट पर एनडीए बीजेपी की जीत होगी।

**लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर गुमला, सिमडेगा, लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र की हुई बैठक**

# सीमाओं पर सुरक्षा व्यवस्था रहेगी पुख्ता

**रिसीविंग सेंटर में संबंधित एसी के ही कर्मियों की प्रतिनियुक्त पर हुई चर्चा**

खबर मंत्र संवाददाता



बैठक में शामिल तीनों जिलों के डीसी, एसपी व अन्य पदाधिकारी।

गुमला। लोकसभा चुनाव के निमित गुरुवार को गुमला समाहरणालय स्थित सभागार में गुमला, लोहरदगा व सिमडेगा के गुमला जिले में पड़ने वाले विधानसभा क्षेत्र व सीमावर्ती क्षेत्र अंतर्गत किए गए चुनावी तैयारियों एवं विधि व्यवस्था को लेकर एक विशेष बैठक उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी गुमला कर्ण सत्यार्थी एवं उपायुक्त लोहरदगा वाघमारे प्रसाद कृष्णा के संयुक्त तत्वाधान में हुई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक गुमला, लोहरदगा व सिमडेगा सहित तीनों जिलों के वरीय अधिकारी भी मौजूद रहें। बैठक में क्लस्टर, मतदान केंद्रों, रूट चार्ट, इंटरमीडिएट स्ट्रॉन्ग रूम, बूथ लिस्ट, पोस्टल बैलेट, मतदान एवं क्लस्टर में विशेष विधि व्यवस्था आदि संबंधित विशेष बिंदुओं पर परिचर्चा हुई। सिमडेगा, लोहरदगा एवं गुमला के सीमांतों में भी विशेष सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने हेतु आवश्यक सुझाव दिए गए। बैठक से पूर्व सभी एआरओ के द्वारा गुमला पॉलीटेक्निक कॉलेज में बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम का अवलोकन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी गुमला ने सभी संबंधित जिलों के एआरओ को गुमला अंतर्गत बनाए जाने वाले मतदान केंद्रों में यदि किसी प्रकार के बदलाव की आवश्यकता हो तो उसकी भी जानकारी देने की बात कही। जिला निर्वाचन पदाधिकारी गुमला व लोहरदगा द्वारा रूट चार्ट तैयार करने पर विशेष फोकस करने हेतु निर्देश दिए गए। इसके अलावा चुनावी तैयारियों से जुड़ी कई बिंदुओं पर परिचर्चा करते हुए बैठक में आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक में डीडीसी गुमला, अपर समाहर्ता गुमला, परियोजना निदेशक आईटीडीए, अनुमंडल पदाधिकारी लोहरदगा, एसडीओ चैनपुर, उप निर्वाचन पदाधिकारी गुमला, निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सिसई, गुमला, विशुनपुर, सिमडेगा, सहायक निर्वाचन पदाधिकारी भांडरा, सेन्हा, पेशरार, थाना प्रभारी भांडरा, सेन्हा, पेशरार, घाघरा, विशुनपुर, पालकोट, गुरदरी, सेरंगदाग सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

### पीडीजे ने किया जेल का निरीक्षण, सीजीएम और डालसा सचिव भी रहे मौजूद



लोहरदगा। मंडल करा लोहरदगा का निरीक्षण गुरुवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा अधिकार राजेंद्र बहादुर पाल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक सह एसडीओ अमित कुमार, जेलर सुबोध कुमार, सीजीएम डॉक्टर चंदन एवं डालसा सचिव राजेश कुमार भी अपस्थित रहे। पीडीजे ने जेल के वीभिन्न वार्ड का निरीक्षण किया। साथ ही साथ पाकशाला में जाकर खाने की गुणवत्ता की भी मुआयना किया। महिला बंदियों से रूबरू होते हुए पीडीज ने उनके समस्याओं को भी सुना। वर्तमान पीडीजे सह डालसा अध्यक्ष का कार्यकाल 31 मार्च 2024 तक की है। अतः उन्हें जेल के अधीक्षक अमित कुमार ने शाल एवं बुके प्रदान कर उनका सम्मान किया।

## चलंत लोक अदालत सह जागरूकता अभियान चला

खबर मंत्र संवाददाता



लोहरदगा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर पाल के आदेशानुसार चलंत लोक अदालत सह विधिक जागरूकता अभियान कानूनी साक्षरता के कार्यक्रम में गुरुवार को सेन्हा प्रखंड के अंतर्गत विभिन्न पंचायत के सुदूर ग्रामीण इलाकों में अधिवक्ता लाल धर्मेंद्र देव, फून्नी साहू पीएलबी प्रियांशु कुमार, मंजु खाखा, दुखिता मिंज के द्वारा कानुनी जानकारी दी गई। अधिवक्ता लाल धर्मेंद्र देव द्वारा ग्रामीणों को दुर्घटना मुआवजा, डायन बिसाही, कानून को अपने हाथ में नहीं लेने तथा प्राधिकार द्वारा सरकारी खर्च पर निःशुल्क अधिवक्ता निःशुल्क कागजात निःशुल्क कोर्ट फीस के लिए खर्च अभिलेखों को तैयार करने का खर्च गवाहों को आने-जाने का खर्च मुकदमे से संबंधित अन्य जरूरी खर्च के विषय में बताया। वही अधिवक्ता पुन्नी साहू के द्वारा ग्रामीणों को शराब का सेवन न करने घरेलू हिंसा न करने बिना हेलमेट के वाहन का प्रयोग नहीं करने लाइसेंस बनवाने आदि के संबंध में बताया गया।

इस कार्यक्रम में जिसके अंतर्गत बूटी डूमर टोली, भड़गांव, जोगना झकरा आदि के ग्रामीण उपस्थित थे।

### 50 महिला किसानों के बीच ओल बीज वितरित



भंडरा। भंडरा भौंरो मोड़ स्थित क्लस्टर भवन में गुरुवार को जेएसएलपीएस संस्था द्वारा 50 महिला किसानों के बीच ओल बीज का वितरण किया गया। मौके पर बीपीएम अभिलाषा कुमारी ने कहा कि महिला किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से शत-प्रतिशत अनुदान में ओल बीज का वितरण किया गया है। भंडरा प्रखंड के उदरंगी, भीठा, भौंरो, मसमानो, गडरपो, जमगाई पंचायत के 50 स्वयं सहायता आजीविका समूह से जुड़ी महिला किसानों के बीच एक-एक बोरा ओल बीज का वितरण किया गया है। एफटीसी भरत राम ने कहा कि महिला किसान को ओल खेती करने के लिए जेएसएलपीएस संस्था द्वारा प्रशिक्षण दिया गया है। ओल खेती के माध्यम से महिला किसानों की आर्थिक स्थिति में बदलाव होगा।

### सीओ ने अवैध मिट्टी खनन कर रहे जेसीबी व हाइवा को किया जब्त



भंडरा। भंडरा लाल बहादुर शास्त्री विद्यालय स्थित फायरिंग रेंज के समीप अवैध मिट्टी खुदाई कर रही जेसीबी व एक हाइवा को सीओ दुर्गा कुमार व थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने जब्त किया है। सीओ दुर्गा कुमार ने बताया कि भंडरा-आकाशी सड़क निर्माण कार्य करा रहे संवेदक द्वारा अवैध रुप से मिट्टी की कटाई की जा रही थी। इसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा अंचल कार्यालय को दी गई। इसके बाद भंडरा थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह के साथ छापेमारी कर एक जेसीबी व एक हाइवा को जब्त किया है। सीओ ने बताया कि इसकी सूचना खनन विभाग को दी गई है।

### पूर्व मंत्री स्व भुखला भगत का 10वीं पुण्यतिथि आज

लोहरदगा। स्व भुखला भगत पूर्व मंत्री वन एवम पर्यावरण मंत्री बिहार सरकार का 10 वी पुण्यतिथि शुक्रवार को उनके पैतृक आवास जुरिया सेमर टोली लोहरदगा में मनाया जाएगा। विदित हो की स्व भूखला भगत का जन्म 11 जून 1942 की हुआ था वही उनका निधन 29 मार्च 2014 को हो गया था। स्व भुखला भगत विशुनपुर से तीन बार विधायक रह चुके थे। 1980 में विशुनपुर विधानसभा से पहली बार कांग्रेस के टिकट से विधायक चुने गए थे। वही बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री बिंदेश्वरी दुबे के मंत्री परिषद में कैबिनेट मंत्री बनाए गए थे। कार्यक्रम में उनके परिजनों के अलावा ग्रामीण और समर्थक मौजूद रहेंगे।

### कुडू पुलिस ने किया वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश, तीन गिरफ्तार

कुड़ू, लोहरदगा। कुडू थाना क्षेत्र में आए दिन लगातार वाहनों की चोरी की घटना से आम लोग परेशान थे। चोरों द्वारा भीड़भाड़ वाले इलाकों से दिनदहाड़े बाइक एवं रात के अंधेरे में टेंपो एवम पिकअप वाहन चोरी किए जा रहे थे। लगातार हो रहे चोरी की घटना को देखते हुए लोहरदगा एसपी हारिस बीन जमा के निर्देश पर पुलिस टीम गठित की गई एव छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने सबूतों के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। मौके पर से चोरी किए गए वाहन भी बरामद किए गए। पकड़े गए चोरों में से सेन्हा के भड़गांव निवासी शमशाद अंसारी है, जिनके निर्देश पर वाहनों की चोरियां हुआ करती थी। इनके साथ इनके दो सहयोगी कुडू शिंजो निवासी आरिफ खान एवं सलमान खान को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि समसाद खान का ससुराल कुडू में है एवं इनके ससुराल वाले एक राजनीतिक पार्टी के रशुकदार नेता है।

## बालाखटंगा नदी घाट से अवैध बालू के उठाव पर ग्रामीणों में आक्रोश

**सीओ व थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर बालू के अवैध उठाव पर रोक लगाने की मांग की**

खबर मंत्र संवाददाता



घाघरा। घाघरा प्रखंड में नदियों का दोहन का मामला शांत नहीं हो रहा है। प्रखंड के सभी नदियों से लगातार ट्रैक्टर व अन्य माध्यम से बालू का उठाव हो रहा है। विशेषकर दक्षिणी कोयल नदी घाघरा से बालू का लगातार अवैध उठाव जारी है। जिसको लेकर प्रखंड के बालाखटंगा गांव के ग्रामीणों ने गुरुवार को घाघरा सीओ और थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर बालाखटंगा कोयल नदी से बालू के अवैध उठाव पर रोक लगाने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि मौजा बालाखटंगा थाना घाघरा खाता संख्या 36 प्लॉट नंबर 568 एवं 569 कोयल नदी बालू घाट का क्षेत्र है तथा इसी क्षेत्र में मौजा बालाखटंगा का श्मशान घाट है। साथ ही वर्तमान में इसी क्षेत्र पर ग्रामीण जलालपूर्ति योजना का इंटेक वेल व प्लांट बना हुआ है। परंतु बालू माफियाओं के द्वारा इस क्षेत्र में अवैध बालू का उठाव किया जा रहा है। जबकि ग्राम सभा द्वारा किसी भी व्यक्ति या एजेंसी को बालू उठाव हेतु लिखित अनुमति नहीं दी गई है।

## शहीद नीलांबर पीतांबर के आर्दशों को आत्मसात करना ही सच्ची श्रद्धांजलि: मंगल

**शहीद नीलांबर पीतांबर के आर्दशों को आत्मसात करने का लिया संकल्प**

खबर मंत्र संवाददाता

गुमला। श्री मंगल फाउंडेशन कार्यालय में गुरुवार को अमर शहीद नीलांबर पीतांबर का 165 वां शहादत दिवस मनाया गया। खरवार भोगता समाज विकास संघ के जिला अध्यक्ष जीतू प्रधान और महासचिव भरत प्रधान के नेतृत्व में शहीद नीलांबर पीतांबर के प्रतिमा की पूजा की गई। माल्यार्पण व पुष्पार्चन किया गया और शहीद के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। खरवार भोगता समाज विकास संघ दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के अध्यक्ष मंगल सिंह भोगता ने कहा कि शहीद नीलांबर पीतांबर के आदर्शों को आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने सामाजिक विकास के लिए समाज को शिक्षित और संगठित होने की आवश्यकता पर बल दिया। शहादत दिवस कार्यक्रम में संगठन सचिव बलराम प्रधान, सचिव भरत प्रधान, शिव शंकर सिंह भोगता, भानु प्रताप सिंह भोगता, हीरा प्रधान, देवकी देवी, रीझैन देवी आदि ने शहीद के तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया और उनके आर्दशों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

**प्रत्याशी अपना कूनबा समेट चुनावी समीकरण बनाने में जुटे, भाजपा व कांग्रेस से प्रत्याशी हो चुके हैं घोषित**

# मतदाताओं से मिलते ही प्रत्याशी देने लगे हैं जादू की झप्पी




**चुनाव जीतने के बाद हो जाता है हम आपके हैं कौन वाली बात, यह अगल बात है कि लोकसभा में राहुल गांधी ने भी नरेंद्र मोदी को दी थी जादू की झप्पी**

**भाजपा व कांग्रेस का समीकरण बिगाड़ने एक दमदार उम्मीदवार भी कूदने वाला है चुनावी रण में, अभी पर्दे के पीछे से भांप रहा है चुनावी समीकरण**

खबर मंत्र संवाददाता

गुमला। लोकतंत्र के महापर्व का बिगुल बज चुका है। प्रत्याशी मतदाताओं से मिलते ही उन्हें जादू की झप्पी भी देने लगे हैं। परंतु चुनाव खत्म होने के बाद जादू की झप्पी देने वाले नेता हम आपके हैं कौन के तर्ज पर मुंह घूमाकर निकल जाते हैं।

हालांकि लोकसभा में इसी तरह की जादू की झप्पी कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने देश के प्रधानमंत्री को दी थी। मगर उसका उद्देश्य क्या था यह पता नहीं चल सका। लेकिन वर्तमान परिस्थिति में प्रत्याशियों को जादू की झप्पी कुछ और ही बयां कर रही है। यही कारण है कि आम जनता से लेकर कार्यकर्ता को बिना हिचके प्रत्याशी जादू की जोरदार झप्पी दे रहे हैं।

चुनाव बिगुल के साथ अब भाजपा व कांग्रेस जैसी पार्टी मैदान में अपना प्रत्याशी उतार चुके हैं। भाजपा से समीर उरांव हैं तो कांग्रेस से पूर्व विधायक सुखदेव भगत पार्टी प्रत्याशी है। दोनों उम्मीदवार क्षेत्र भ्रमण पर जुटे हैं और लेगों को अपने पक्ष में करने का भी प्रयास कर रहे हैं और बीच-बीच में लोगों से मिलते ही उन्हें जादू की झप्पी भी दे रहे हैं। वहीं मैदान में एक दूसरे से जोर आइजमाईस कर रहे इन दोनों नेताओं का खेल बिगाड़ने तीसरे प्रत्याशी के जल्द ही मैदान में उतरने का कयास है।

जो दमदार भी है और भाजपा व कांग्रेस के चुनावी समीकरण को तोड़ भी सकते हैं। फिलहाल वे पर्दे के पीछे से भाजपा व कांग्रेस की चाल देख रहे हैं। मैदान में कूदते ही वे अपने कूनबे के साथ मतदाताओं तक पहुंचने का प्रयास आरंभ कर देंगे। इधर लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी से सुखदेव भगत को टिकट मिलते ही सभी अटकलों में विराम लग गया। अब सुखदेव भगत अपने बिखरे कुनबे को समेट कर पूरे ताकत से मैदान में उतरने को व्याकुल हैं। क्योंकि वे पूर्व में लोकसभा चुनाव में मात खा चुके हैं और कहते हैं कि दूध का जला छांछ भी फूंक-फूंक पीता है।

इसलिए वे विशेष रणनीति के साथ इस बार मैदान में उतरेंगे और अपने विरोधियों को एक तीर से साधने का प्रयास करेंगे। इससे पूर्व कांग्रेस के भीतर खाने में चल रहे अंतंकलाह को वे दूर करने का प्रयास करेंगे। इधर भाजपा प्रत्याशी लगातार पूर्व लोकसभा में बूथ स्तरीय सम्मेलन कर कार्यकर्ताओं में जोश भरने में जुटे हैं।

# चुनाव आचार संहिता का सख्ती से करे पालन : सीओ दुर्गा कुमार

खबर मंत्र संवाददाता

भंडरा। सीओ सह प्रखंड निर्वाचन अधिकारी दुर्गा कुमार ने गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित सभा भवन प्रखंड में चल रही लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने आचार संहिता का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए। मौके पर उन्होंने अब तक की गई चुनावी तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशाा-निर्देश दिए। सीओ ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर प्रखंड स्तर पर सभी तैयारी समय पर पूरी की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सभी बूथों का निरीक्षण करके वहां पर बिजली, रैंप आदि की आवश्यक सुविधाएं कराएं। वेब कास्टिंग को लेकर कैमरों की स्थापना का कार्य चुनाव आयोग के तय दिशा-निर्देशों के अनुसार ही किया जाए। सीओ ने स्वीप गतिविधियों में तेजी लाने के भी निर्देश दिए ताकि अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष की उम्र पूरी कर चुके युवाओं को वोट बनवाने के लिए प्रेरित किया जाए। इसके लिए उच्च शिक्षण संस्थानों को शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि चुनाव का पर्व देश का गर्व थीम के साथ चुनाव आयोग लोकसभा 2024 का आयोजन करवा रहा है, जिसके तहत पूरी ऊर्जा के साथ चुनाव की तैयारियां की जा रही हैं। आदर्श आचार संहिता को प्रभावी ढंग से लागू करें और सी विजिल एप पर आने वाली शिकायतों का तत्काल निवारण करें। बैठक में गौरीश गौरव, धर्मदास भगत, बिनीता कुमारी, माया देवी, अनिता उरांव सहित सभी बीएलओ व प्रवेक्षक मौजूद थे।

### श्री महावीर मंडल की बैठक आयोजित, पुनः अध्यक्ष बने कंचन, महिला मंडली का भी हुआ गठन

# भव्य तरीके से मनेगा रामनवमी महिला मंडली निकालेगी शोभा यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** श्री महावीर मंडल की बुधवार को मझिआंव मोड़ पर कंचन साहू के आवास के समीप श्री महावीर मंडल की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में नये पदाधिकारियों का चयन किया गया। साथ ही महिला मंडल का भी गठन किया गया। सर्वसम्मति से कंचन साहू को श्री महावीर मंडल का पुनः अध्यक्ष बनाया गया। जबकि पवन जायसवाल को उपाध्यक्ष, सुनील केषरी को सचिव एवं उपेंद्र ठाकुर को कोषाध्यक्ष बनाया गया। साथ ही नवगठित महिला मंडल में डेजी गुप्ता को अध्यक्ष बनाया तथा प्रतिभा सौर्य को सचिव बनाया गया। बैठक में धूमधाम से रामनवमी पूजा मनाने एवं महिला मंडली के नेतृत्व में शोभा यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया।


बैठक करते पदाधिकारी गण।


महिला मंडली की पदाधिकारी व सदस्य।

बैठक में श्री रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल सहित अन्य अखाड़ों के साथ समन्वय स्थापित कर एक साथ भव्य रामनवमी जुलूस निकालने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार पूरे शहर को एलईडी लाइट एवं महावीरी झंडा से सजाया जाएगा। साथ ही 16 अप्रैल को महिला मंडली के द्वारा मंगलवारी शोभा यात्रा निकाली जाएगी। यह शोभा यात्रा चिनियां मोड़ स्थित काली मंदिर परिसर से निकलकर मेन रोड होते हुए रामलला मंदिर में संपन्न होगी। जबकि 17 अप्रैल को विभिन्न अखाड़ों और समितियों द्वारा जुलूस, झांकी आदि का आयोजन किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से उक्त सहित रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल के संरक्षक मुरली श्याम सोनी, अध्यक्ष उमेश कश्यप, नंदकुमार गुप्ता, ज्ञान प्रकाश केषरी, पीएन गुप्ता, दीपक तिवारी, सरदार रणवीर सिंह, मंटू मालाकार, पूनम कांस्यकार, अनिल सोनी, राजकुमार गुप्ता सहित श्री महावीर मंडल के सभी सदस्य गण मौजूद थे।

## भंडरिया में मनाया गया नीलांबर पीतांबर का 165वां शहादत दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरिया।** खरवार आदिवासी एकता संघ के बैनर तले गुरुवार को भंडरिया क्षेत्र के अंडा महुआ में स्थापित वीर शहीद नीलांबर पीतांबर की प्रतिमा पर खरवार आदिवासी एकता संघ के लोगों ने माल्यार्पण कर नीलांबर पीतांबर का 165वां शहादत दिवस मनाया। साथ ही प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव के बैगा पाहन व नीलांबर पीतांबर के वंशजों के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना करने के उपरांत अंडा महुआ स्थित वीर शहीद नीलांबर पीतांबर खरवार धाम की स्थापना की गई। वहीं भव्य मेले का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में खरवार समाज के लोगों के द्वारा भंडरिया प्रखंड के नौका गांव स्थित परभन बाबा देव स्थल से अंडा महुआ तक चार पहिया व दो पहिया वाहन से शोभायात्रा निकाली गयी। शोभा यात्रा में लोगों के द्वारा वीर शहीद नीलांबर पीतांबर अमर रहे आदि नारे लगाए जा रहे थे। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथियों का स्वागत बघवार उच्च विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गान गाकर वह संघ के कार्यकताओं के द्वारा शहीद नीलांबर पीतांबर के प्रतिमा पर फूल माला पहनाकर किया।


नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा।

मौके पर वक्ताओं ने वीर शहीद नीलांबर पीतांबर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए अंग्रेजों के द्वारा षड़यंत्र रच कर दोनों भाईयों को 1859 ईसवी में फांसी दिए जाने की विस्तृत जानकारी दी। वहीं झारखंड राज्य में शाहिद नीलांबर पीतांबर के नाम से बने अनेको विश्वविद्यालय समेत उद्यानों का भी जानकारी उपस्थित लोगों को दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत शिक्षक कुंवर सिंह ने की। मौके पर खरवार आदिवासी एकता संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अरविंद सिंह खरवार, रामकिशन सिंह खरवार, सहदेव सिंह, मंगरु खरवार, बंधन सिंह, ठाकुर प्रसाद महतो, ओमप्रकाश केषरी, उमा देवी, हिरवंती देवी, विजय सिंह, नंदकुमार सिंह, संजय सिंह, लव कुमार सिंह, अरुण सिंह, अर्जुन सिंह, तिलेश्वर सिंह, रामवृक्ष सिंह, भरदुल सिंह, भारत सिंह, राजू रंजन सिंह समेत छत्तीसगढ़, बिहार, उत्तर प्रदेश के खरवार आदिवासी एकता संघ के सदस्य उपस्थित थे।

### नवादा पुलिस पर हमले में थानाध्यक्ष सहित 4 पुलिसकर्मी घायल,15 गिरफ्तार

**नवादा।** नवादा पुलिस पर गुरुवार को हमले में थानाध्यक्ष समेत चार पुलिस कर्मी जख्मी हो गए है। 9 पुरुष 6 महिला हमलावरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार कर लिया है। शराब की सूचना पर छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर शराब कारोबारियों ने किया हमला। नवादा में शराब माफियाओं का हौसला बुलंद है शराब माफियायो ने शराब की तस्करी और भंडारण की सूचना पर छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर हमला कर दिया है। इस हमले में काशीचक थाना के थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार समेत चार पुलिसकर्मी जख्मी हो गए है। इस बाबत थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने 9 पुरुष और 6 महिला हमलावरों को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस पर हमला मामले में पुलिस ने 30 नामजद व 80 अज्ञात लोगों को आरोपित किया गया है। पुलिस अन्य हमलावरों की गिरफ्तारी में जुट गई है। घटना काशीचक थाना क्षेत्र के मधेपुर गांव के पासवान टोला की बताई जाती है। जहां पुलिस शराब की तस्करी और भंडारण की सूचना पर छापेमारी करने पहुंची थी।

## पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने तोड़वाया अनशन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के सहिजना मोड़ स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समीप गत 21 दिन से अनषन पर बैठे गुलाम जिलानी को पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने जूस पिलाकर अनषन तोड़वाया। ज्ञात हो कि नूरसबा वीबी की हत्या की जांच की मांग को लेकर पिछले छह मार्च से गुलाम जिलानी अनशन पर था। पूर्व विधायक श्री तिवारी ने कहा कि उन्होंने एसपी दीपक पांडेय से इस संबंध में बात कर मामले से अवगत कराया है। एसपी ने यथाषीघ्र मामले की जांच कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा दिया है। उन्होंने कहा कि नूरसबा बीबी के पति की दुर्घटना में मौत हो गई थी। इसके तीन मासूम बच्चे हैं। नूरसबा की हत्या कर उसे आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया गया है। याकुब इकबाल ने कहा कि नूरसबा की पति की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इसका मुआवजा 16 लाख रुपए मिलना है। उसी के लालत में घर वालों ने नूरसबा की भी हत्या कर दी है। मौके पर आजसू के जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा, और केंद्रीय सचिव शंकर प्रताप विश्वकर्मा, विवेकानंद तिवारी, कृष्णा चंद्रवंशी आदि लोग उपस्थित थे।


जूस पिलाते पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी।

## टिकट नहीं दिए जाने पर राजपूत समाज में आक्रोश

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** राजपूत समाज से राज्य में भाजपा द्वारा लोकसभा का एक भी टिकट नहीं दिए जाने पर समाज में तीव्र आक्रोश है। इस कारण राजपूत समाज भाजपा को वोट नहीं देने के फैसले की ओर बढ़ रहा है। क्षत्रिय करणी सेना के गढ़वा जिलाध्यक्ष नीरज कुमार सिंह ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि यह भाजपा की सोची समझी साजिश है। जिसने क्षत्रियों को जान बूझकर नीचा दिखाने की कोशिश की है। कहा कि भाजपा में शामिल क्षत्रिपों पर उन्हें तरस आता है। जिन्हें अपने समाज की थोड़ी भी चिंता नहीं है। उनमें से किसी ने भी राष्ट्रीय नेतृत्व को झारखंड में क्षत्रिय को एक भी टिकट देने का दबाव नहीं बनाया। वे लोग ऐसी उपेक्षा के बाद भी भाजपा का झंडा लगाए बड़े शान से घूम रहे हैं। सवालिया लहजे में जिलाध्यक्ष ने कहा कि जो समाज का नहीं हुआ वह राज्य का कभी नहीं हो सकता। झारखंड का संपूर्ण क्षत्रिय समाज आज ठगे जाने से आक्रोशित हैं। श्री सिंह ने कहा कि भाजपा ने क्षत्रिय मुक्त झारखंड बना दिया है तो हमारा क्षत्रिय समाज ने भी भाजपा मुक्त झारखंड बनाए जाने के लिए संकल्प कर लिया है। कहा कि भाजपा मुक्त झारखंड बनाए जाने की दिशा में इस समाज के कदम बढ़ चुके हैं। शीघ्र ही प्रखंड, जिला व प्रमंडल से लेकर प्रदेश स्तर पर इस अति महत्वपूर्ण विषय को लेकर बैठकों का आयोजन किया जाएगा। मौके पर नीरज कुमार सिंह, श्रवण सिंह एवं अमरदीप सिंह उपस्थित थे।


जानकारी देते जिलाध्यक्ष।

### विवेक की जीत सुनिश्चित, चार सौ पार बनेगी मोदी सरकार : गिरिराज सिंह

**नवादा।** नामांकन दाखिल किए जाने के बाद गुरुवार को नवादा के श्री कृष्णा मेमोरियल कॉलेज परिसर में एनडीए की सभा का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ,सांसद रामकृपाल यादव ,सांसद शंभू शरण पटेल ने नवादा के प्रत्याशी विवेक ठाकुर की जीत का आह्वान किया है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विवेक ठाकुर की सांसद के रूप में नवादा से जीत सुनिश्चित है। इस बार 400 पार मोदी की सरकार बन कर रहेगी। उन्होंने कहा कि हर कीमत पर देश में तीसरी बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार का गठन होगा। केंद्रीय गृहमंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि मोदी ने देश को बहुत कुछ दिया है। इतना आज तक किसी प्रधानमंत्री ने नहीं दिया। इस कारण 80% आबादी मोदी का कट्टर समर्थक बन चुकी है। इस कारण नवादा लोकसभा सीट से विवेक ठाकुर की जीत सुनिश्चित है। सभा को सांसद रामकृपाल यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि हर कीमत पर विवेक ठाकुर की नवादा से जीत सुनिश्चित है। पूरे देश में नरेंद्र मोदी की सरकार को स्थापित कर विकसित भारत के सपना को साकार करने के लिए ही विवेक ठाकुर को प्रत्याशी बनाया गया है।

# जीतनराम मांझी ने गया सीट से किया नामांकन

एजेंसी

**पटना/गया।** बिहार के पूर्व सीएम और हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के सुप्रीमो जीतन राम मांझी ने गया लोकसभा संसदीय सीट से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार के तौर पर गुरुवार को अपना नामांकन दाखिल कर दिया । पहले चरण के लोकसभा चुनाव के लिए आज नामांकन की अंतिम तिथि थी । जीतन राम मांझी के नामांकन के दौरान बिहार राजग के तमाम बड़े नेता मौजूद रहे। राजग गठबंधन में शामिल जीतन राम मांझी की पार्टी हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा को लोकसभा चुनाव में गया की एक सीट मिली है। मांझी की मांग पर भाजपा ने गया सीट हम को दे दी थी। इस सीट से पूर्व सीएम जीतन राम मांझी राजग के साझा उम्मीदवार के तौर पर चुनाव मैदान में उतरे हैं। जीतन राम मांझी ने गया स्थित समाहरणालय में अपना नामांकन दाखिल किया। मांझी के नामांकन में भाजपा की तरफ से प्रदेश अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जदयू से मंत्री श्रवण कुमार, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा और लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान समेत गठबंधन के तमाम दलों के कई नेता मौजूद रहे और सभी ने 400 पार के लक्ष्य को हर हाल में पूरा करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को दोहराया। गया में राजग उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल करने के बाद जीतन राम मांझी समाहरणालय से निकलकर गांधी मैदान पहुंचे हैं।




### पूर्णिया से एनडीए उम्मीदवार ने किया नामांकन

**पटना।** पूर्णिया के वर्तमान सांसद संतोष कुशवाहा ने एनडीए उम्मीदवार के रूप में गुरुवार को नामांकन पर्चा दाखिल किया। मौके पर उनके साथ बिहार सरकार के मंत्री विजय चौधरी, लेसी सिंह, पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकेश्वर प्रसाद मौजूद रहे। संतोष कुशवाहा ने इससे पूर्व अपनी मां का आशीर्वाद लिया। पूर्णिया के मंदिर में पूजा-अर्चना की और इसके बाद समाहरणालय पहुंचकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी कुन्दन कुमार के समक्ष पर्चा दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के बाद कुशवाहा ने कहा कि विकास और सुशासन के नाम पर जनता के पास जाएंगे और जो काम बचा हुआ है उसको पूरा करेंगे।

## स्पीड न्यूज

### नदी में डूबने से एक की मौत

**पटना।** राजधानी पटना के गंगा नदी में गुरुवार को स्नान के दौरान तीन दोस्त डूब गये, जिसमें एक दोस्त की मौत हो गयी जबकि दो दोस्तों ने तैर कर अपनी जान बचायी। घटना मोकामा प्रखंड के हाथीदह गंगा घाट की है। तीनों दोस्त मरांची गंगा के महादलित परिवार के रहने वाले हैं। ये लोग गंगा नदी में स्नान करने पहुंचे थे तभी गहरे पानी में जाने से तीनों लोग डूबने लगे। दो युवक तो तैरकर अपनी जान बचा लिए लेकिन एक युवक की डूबने से मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही मोकामा सीओ मौके पर मौजूद पहुचे। सिमरिया घाट से एसडीआरएफ की टीम लगातार लापता युवक को गंगा नदी में तलाश रही है। लोकल गोताखोर की टीम भी तलाशी अभियान में जुट गयी है। हादसे की सूचना मिलते ही घाट पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जुटे है।

### विदेशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**भागलपुर।** जिले के औद्योगिक प्रक्षेत्र थाना क्षेत्र से 360 .9 लीटर विदेशी शराब के साथ 01 व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उक्त आशय की जानकारी गुरुवार को एसएसपी आनंद कुमार ने एक प्रेस वार्ता के दौरान दी। एसएसपी ने बताया कि बीते 27 मार्च को भागलपुर पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक डाक पार्सल वाहन के छत पर गुप्त तहखाना बनाकर विदेशी शराब का खेप औद्योगिक प्रक्षेत्र थाना क्षेत्र से गुजरने वाला है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक नगर के निगरानी एवं पुलिस उपाधीक्षक नगर के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया। गठित टीम औद्योगिक प्रक्षेत्र थाना क्षेत्र में वाहनों की जांच कर रही थी।

### शराब के साथ दो गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिले के जितना थाना पुलिस ने गुरुवार को गश्ती के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए 120 बोतल नेपाली शराब के साथ दो तस्कर को जितना छठ घाट के समीप से गिरफ्तार किया है। पकड़े गये दोनों तस्कर जितना थाना क्षेत्र के झंझरा गांव निवासी तेजा राय एवं चन्दन साह है। दोनों को आवश्यक पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### चारा घोटाला मामले में 89वें गवाह का बयान कलमबंद

**पटना।** बिहार के बहुचर्चित करोड़ो रुपये के चारा घोटाला से जुड़े एक मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने आज विशेष अदालत में अपने 89वें गवाह का बयान कलमबंद करवाया। चारा घोटाला मामलों की सुनवाई कर रही विशेष अदालत के न्यायाधीश महेश कुमार की अदालत में सीबीआई ने 89वें गवाह के रूप में बिहार विधानसभा के एक पूर्व अधिकारी फूल झा को पेश किया था। गवाह का मुख्य परीक्षण पूरा हुआ और बचाव पक्ष के द्वारा प्रति परीक्षण किया गया। अदालत ने मामले में 03 अप्रैल 2024 की अगली तिथि निश्चित की है।

### अरुण ने छोड़ा चिराग का साथ

**पटना।** लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने से नाराज लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा-रामविलास) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद अरुण कुमार ने आज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान पर धोखा देने का आरोप लगाते हुए दल से नाता तोड़ लिया और कहा कि वह माला जपने वाले हिमालय के साधु नहीं हैं। श्री कुमार ने गुरुवार को संवाददाताओं से बातचीत में कहा, श्री पासवान कहने पर हमने अपनी पार्टी का विलय तक कर लिया। आखिर हम लोग माला जपने वाले हिमालय के साधु नहीं हैं। हम तो जन सुविधाओं के लिए और जनता को ताकत के लिए 40 वर्षों से राजनीति कर रहे हैं, इसलिए मैंने अपने आपको उनसे अलग कर लिया है।

### कांग्रेस को मांगने पर भी सीटों का दान नहीं दे रहा राजद : जदयू

**पटना।** बिहार में सत्तारूढ़ जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए आज कहा कि केंद्र में सरकार बनाने के चक्कर में गांधी परिवार ने प्रदेश में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सामने जिस तरह से आत्मसमर्पण किया है कि वह कांग्रेस को मांगने पर भी मनचाही सीटों का दान तक नहीं दे रहा। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने गुरुवार को कहा कि गांधी परिवार की गुलामी के कारण कांग्रेस की बिहार में इतनी खस्ता हालत हो गयी है कि वह मनचाही सीटों पर चुनाव तक नहीं लड़ सकती।

## खबर एक नजर में

### तालाब में डूबने से दो मासूम बच्चों की मौत

**बिहारशरीफ।** जिले में तेलमर थाना क्षेत्र इलाके के जीवनपुर गांव में तालाब में नहाने के दौरान डूबने से दो बच्चियों की मौत हो गई। बच्चियों की पहचान जीवनपुर गांव के निवासी मुनेंद्र पासवान की बेटी अनुष्का कुमारी और बिंदेश्वर पासवान की बेटी मुस्कान कुमारी के रूप में हुई है। घटना स्थल पर मौजूद लोगों के मुताबिक जीवनपुर गांव में मछली पालन को लेकर तालाब की खुदाई की गई थी। इसी तालाब में होली खेलने के बाद अनुष्का कुमारी और मुस्कान कुमारी दोनों अपनी अन्य सहेलियों के साथ नहाने की लिए गई थी। नहाने के दौरान पैर फिसलने से दोनों बच्ची गहरे पानी में चली गई। वहां पर मौजूद बच्चियों के द्वारा शोर मचाने पर ग्रामीणों के द्वारा बचाने का प्रयास किया गया लेकिन तब तक दोनों बच्चियों की डूबने से मौत हो गई थी। इस घटना के बाद पूरे गांव में कोहराम मच गया जहां एक ही गांव की दो बच्चियों ने अपनी जिदंगी से हाथ धो दिया है।

### चौदह मोबाइल के साथ दो गिरफ्तार

**भागलपुर।** जिले के एसएसपी आनंद कुमार ने गुरुवार को बताया कि छिनतई एवं चोरी की गई 14 मोबाईल के साथ 02 व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त 01 पल्सर बाईक भी बरामद किया गया है। एसएसपी ने बताया कि बीते 27 को गुप्त सूचना मिली की शाह मार्केट में चोरी का मोबाईल बेचा जा रहा है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक नगर के निगरानी तथा पुलिस उपाधीक्षक नगर के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया। गठित टीम द्वारा छापेमारी करते हुए चोरी की गई कुल 14 मोबाईल जब्त किया गया तथा एक बाईक जब्त किया गया। इस मामले में 02 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में ईशाकचक थाना में सुसंगत धाराओं में कांड पंजीकृत कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

### बेतिया में मरीज की ऑत कटने के कारण इलाज के दौरान मौत, बवाल

**बेतिया।** बेतिया में एक निजी क्लीनिक में ऑपरेशन के दौरान मरीज की ऑत कटने के कारण इलाज के दौरान हुई मौत के बाद परिजनों ने गुरुवार की सुबह लाश रखकर बवाल काटा। बेतिया कालीबाग पुलिस ने आक्रोशित परिजनों को समझाकर शव का पोस्टमार्टम करवाया। परिजनों का आरोप था कि चिकित्सक ने गर्भाशय के ऑपरेशन के दौरान मीरा देवी की आंत काट दी थी। बेतिया कालीबाग की पुलिस ने बताया कि पश्चिम चंपारण जिला स्थित बैरिया के बेलबनवा निवासी मीरा देवी की गोरखपुर में इलाज के दौरान मौत हुई है। परिजनों का आरोप था कि गर्भाशय के ऑपरेशन के दौरान चिकित्सक ने महिला की आंत काट दी थी। जिसके चलते उनकी मौत हो गयी है। लाश को पोस्टमार्टम के लिए बेतिया जीएमसीएच भेज दिया गया है। मृतक के परिजनों की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। मृतक के पुत्र सिपाही राम ने बताया कि उनकी मां मीरा देवी का ऑपरेशन तीन जनवरी की संध्या किया गया। आठ दिन बाद उन्हें छुट्टी दे दी गयी। घर जाने पर पेट में दर्द होने लगा। दुबारा लाया गया तो चिकित्सक ने पुनः ऑपरेशन किया। उसने बताया कि गंदा निकल रहा है। आपलोग गोरखपुर लेकर जाइए। तीन फरवरी को गोरखपुर ले गए। वहां पर इलाज शुरू हुआ। 19 फरवरी को डिस्चार्ज कर दिया गया। दुबारा परेशानी होने पर उन्हें फिर से गोरखपुर ले जाया गया। वहां इलाज के क्रम में बुधवार की देर शाम मौत हो गयी।

### नीतीश ने प्रभु यीशु मसीह को किया नमन

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुड फ्राइडे के अवसर पर प्रभु यीशु मसीह के बलिदान को स्मरण करते हुये उन्हें नमन किया। श्री कुमार ने गुरुवार को यहां कहा कि प्रभु यीशु मसीह ने अपने जीवन और बलिदान के माध्यम से संपूर्ण मानवता को प्रेम, दया और करुणा के भाव का संदेश दिया था।

### पटना में हुआ रवि किशन की फिल्म महादेव का गोरखपुर का प्रीमियर

**पटना।** भोजपुरी सिनेमा के मेगा स्टार रवि किशन की मल्टीलैंग्वेज फिल्म महादेव का गोरखपुर का प्रीमियर पटना में किया गया। फिल्म महादेव का गोरखपुर के निमार्ता प्रीतेश शाह और सलिल शंकरन हैं।सह-निमार्ता अरविंद सिंह और अमरजीत दहिया हैं। कार्यकारी निमार्ता शंकर नारायणन हैं और राजेश मोहन ने फिल्म का निर्देशन किया है। इस फिल्म में रवि किशन दो अलग अलग महादेव के भक्त के रूप में महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। रवि किशन अभिनीत यह फिल्म देश विदेश में बड़े पैमाने पर सिनेपॉलिस द्वारा रिलीज की जा रही है।

### अबोध के साथ दुष्कर्म मामले में दोषी को 20 वर्षों की कठोर कैद की सजा

**पटना।** बिहार में पटना की विशेष अदालत ने एक चार वर्षीय अबोध बालिका से दुष्कर्म के मामले में एक 45 वर्षीय व्यक्ति को आज 20 वर्षों के सश्रम कारावास की सजा के साथ 15 हजार रुपये का जुमार्ना भी किया। बच्चों का लैंगिक अपराध से संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की विशेष अदालत के न्यायाधीश कमलेश चंद्र मिश्रा ने मामले में सुनवाई के बाद पटना जिले के मनेर थाना क्षेत्र स्थित छितनावा गांव के स्थाई निवासी रघुनंदन पासवान को भारतीय दंड विधान और पॉक्सो अधिनियम की अलग-अलग धाराओं में दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है। विशेष अदालत ने पीड़िता को उसके पुनर्वास के लिए सात लाख रुपये का मुआवजा दिए जाने का भी निर्देश दिया है।

### सुपौल : खेत से महिला का शव बरामद

**सुपौल।** बिहार में सुपौल जिले के जदिया थाना क्षेत्र के फुलकाहा गांव में आज पुलिस ने खेत से एक महिला का शव बरामद किया। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को यहां बताया कि फुलकाहा गांव के वार्ड संख्या 17 में रहने वाली 50 वर्षीय गुलाब देवी बुधवार के दोपहर में घर के लोगों से यह कहकर निकली थी कि वह जदिया स्थित बैंक से रुपए की निकासी करने जा रही है लेकिन जब देर संध्या तक घर वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी काफी तलाश की लेकिन वह नहीं मिली। आज जब महिला का छोटा बेटा रंजीत उसे ढूंढने निकला तो घर से आधा किलोमीटर मीटर की दूरी पर उसका शव खेत में पाया।

### भागलपुर : 593 बेटिकट यात्रियों साढ़े छह लाख से अधिक जुमार्ना वसूल

**भागलपुर।** पूर्व रेलवे के मालदह मंडल के भागलपुर-साहिबगंज और जमालपुर-किऊल रेलखंड पर आज चलाए गए विशेष जांच अभियान के तहत कुल पकड़े गए 593 बेटिकट यात्रियों से साढ़े छह लाख से अधिक जुमार्ना वसूला गया। मालदह मंडल के वरीय वाणिज्यिक प्रबंधक सुदेव भट्टाचार्य ने गुरुवार को बताया कि बिहार एवं झारखंड स्थित इस मंडल के दोनों रेलखंडों पर रेल प्रशासन की ओर से चलाए गए विशेष टिकट जांच अभियान के तहत भागलपुर, साहिबगंज, जमालपुर, अभयपुर स्टेशनों पर करीब आधा दर्जन ट्रेनों में चढ़ने-उतरने वाले कुल 593 बेटिकट यात्रियों को पकड़ा गया। इसके अलावा काफी मात्रा में निर्धारित क्षमता से अधिक सामानों की जब्ती की गई। उन्होंने बताया कि पकड़े गए बेटिकट यात्रियों से कुल छह लाख 61 हजार रुपए जुमार्ने की राशि वसूल की गई।

### अपराधियों ने पेट्रोल पंप कर्मी से लूटे चार लाख

**समस्तीपुर।** बिहार में समस्तीपुर जिले के रोसड़ा थाना क्षेत्र के बलुआहा गांव के पास गुरुवार को दिन-दहाड़े सशस्त्र अपराधियों ने एक पेट्रोल पंपकर्मी से करीब चार लाख रुपये लूट लिए। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि जिले के शिवाजीनगर के गलगल चौक से एक पेट्रोल पंप कर्मी अमरकांत राय लगभग चार लाख रुपये लेकर मोटरसाइकिल से सेन्ट्रल बैंक की एरोत मुसहरी शाखा मे जमा करने जा रहा था तभी तीन हथियार बंद अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर रुपये लूट लिए। लूट की घटना को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी फरार हो गए।

स्पीड न्यूज

# तेजस एमके-1ए लड़ाकू विमान ने भरी पहली उड़ान

एजेंसी

- पूरी तरह से स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट ने बेंगलुरु एचएएल हवाई अड्डे से भरी उड़ान
- पहले बैच में वायु सेना को मिलेंगे दो लड़ाकू विमान

**नयी दिल्ली।** रक्षा विमानन क्षेत्र में भारत का स्वर्ण युग गुरुवार को 4.5 पीढ़ी के तेजस एमके-1ए लड़ाकू विमान की पहली उड़ान के साथ शुरू हो गया है।

पूरी तरह से स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट ने गुरुवार को 1.15 बजे के आसपास बेंगलुरु में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के हवाई अड्डे से उड़ान भरी। भारत के नए एडवांस तेजस एमके-1ए ने पहली उड़ान के रूप में हवा में 18 मिनट बिताए और 1.33 बजे सुरक्षित वापस उतर गया। एचएएल हवाई अड्डे पर तेजस एमके-1ए लड़ाकू विमान की पहली उड़ान के लिए कई दिनों से तैयारियां जोरों पर थीं। विमान को दुनिया के सबसे पुराने और सबसे ऐतिहासिक विमान घरों में से एक एचएएल के विमान डिवीजन के हैंगर से बाहर निकाला गया। स्वदेशी रूप से विकसित तेजस एमके-1ए फाइटर जेट ने 22 मार्च को अपना दूसरा लो-स्पीड टैक्सी ट्रायल (एलएसटीटी) सफलतापूर्वक पूरा किया था। इसके बाद से ही एचएएल के अध्यक्ष सीबी अनंतकृष्णन ऐतिहासिक उड़ान की तैयारी में सिस्टम मंजूरी की समीक्षा कर रहे थे। अपनी पहली उड़ान शुरू करने से पहले टेकऑफ और लैंडिंग के दौरान

**रक्षा विमानन क्षेत्र में भारत के स्वर्ण युग का आगाज**



विमान के सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए कई आवश्यक परीक्षण किये गए। एलएसटीटी और तेजस एमके-1ए की पहली उड़ान भारत के एयरोस्पेस उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। रक्षा मंत्रालय ने 83 एलसीए तेजस एमके-1ए फाइटर जेट के लिए 03 फरवरी, 2021 को एचएएल के साथ डील फाइनल की थी। इसी सौदे का पहला ट्विन-सीटर ट्रेनर पिछले साल 04 अक्टूबर को एचएएल ने वायुसेना को सौंप दिया था। वायु सेना को इसी महीने के अंत तक पहले बैच में दो तेजस एमके-1ए लड़ाकू विमान सौंपने की तैयारी है। एचएएल से पहले बैच में मिलने वाले दोनों तेजस एमके-1ए को वायुसेना अपने हवाई बेड़े में शामिल करने से पहले कठोर निरीक्षण व परीक्षण करेगी। आधुनिक वायु युद्ध के लिहाज से एलसीए तेजस एमके-1ए में एहथियार और रखरखाव में 43 तरह के सुधार किये गए हैं।

## आत्मनिर्भर : रक्षा उत्पादन विभाग के गुणवत्ता आश्वासन महानिदेशालय का हुआ पुनर्गठन

नयी दिल्ली। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने और व्यापार में सुगमता की दिशा में एक बड़ा सुधारवादी कदम उठाते हुए रक्षा मंत्रालय के रक्षा उत्पादन विभाग ने गुणवत्ता आश्वासन महानिदेशालय का पुनर्गठन किया है जिसका उद्देश्य गुणवत्ता आश्वासन प्रक्रियाओं और परीक्षण के कार्य तथा निर्णय लेने की प्रक्रिया में तेजी लाना है। यह पुनर्गठन आयुध निर्माणियों के निगमीकरण के बाद गुणवत्ता आश्वासन पद्धति और महानिदेशालय की बदली हुई भूमिका के अनुरूप है। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि आयुध निर्माणियों के निगमीकरण, निजी रक्षा उद्योग की बढ़ती भागीदारी और स्वदेशीकरण की दिशा में सरकार द्वारा प्रोत्साहन के साथ, उभरते रक्षा विनिर्माण उद्योग को समर्थन के लिए महानिदेशालय को फिर से संगठित करने की आवश्यकता महसूस की गई। महानिदेशालय पहले से ही रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र में सभी हितधारकों के साथ सक्रिय चर्चा के बाद विभिन्न संगठनात्मक और कार्यात्मक सुधारों का संचालन कर रहा है।

## बाबा तरसेम सिंह को गोली मारकर हत्या

**रुद्रपुर।** उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जिले के नानकमत्ता गुरुद्वारा साहिब में गुरुवार सुबह डेरा कारसेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना से क्षेत्र में तनाव है। बाबा तरसेम सिंह सुबह करीब 6:00 बजे रोज की तरह ही गुरुद्वारे में मत्था टेकने के बाद लंगर हॉल के बाहर बैठे थे। तभी बाइक सवार दो युवक मौके पर पहुंचे और उन पर गोली दागनी शुरू कर दी। बाबा के पेट और गर्दन पर कई गोली लगीं। इसके बाद हमलावर फरार हो गए। फायरिंग की आवाज सुनते ही पहुंचे सेवादार बाबा को इलाज के लिए खटीमा ले गए। डाक्टरों ने बाबा को मृत घोषित कर दिया। इस बीच बाबा तरसेम सिंह की हत्या की जांच के लिए उत्तराखंड पुलिस ने एसआईटी गठित कर दी है। यह जानकारी उत्तराखंड के डीजीपी अभिनव कुमार ने देहरादून में दी।

## बीजद सांसद महताब भाजपा में शामिल



नयी दिल्ली। बीजद के पूर्व सांसद भर्तृहरि महताब गुरुवार को भाजपा में शामिल हो गए। इन्होंने सप्ताह की शुरूआत में बीजेडी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफे की घोषणा की थी। सूत्रों के मुताबिक महताब कटक से लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं। गुरुवार को यहां भाजपा मुख्यालय में पार्टी उपाध्यक्ष वैजयंत पांडा, राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, प्रदेश प्रभारी विजय पाल तोमर की मौजूदगी में ओडिशा के सांसद भर्तृहरि महताब, प्रोफेसर दमयंती बेसरा और सिद्धांत महापात्रा ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

## केसवन बने भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता

**नयी दिल्ली।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सीआर केसवन को पार्टी का राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया है। केसवन पिछले साल कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। केसवन भारत के पहले गवर्नर-जनरल सी राजगोपालाचारी के पौत्र हैं। केसवन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और भाजपा के महासचिव (संगठन) बीएल संतोष को यह जिम्मेदारी सौंपने के लिए आभार व्यक्त किया। केसवन ने मीडिया से बातचीत में कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता के रूप में उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत हुयीं बेटिकट

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत को पार्टी ने टिकट नहीं दिया। इसकी वजह कंगना रनौत पर उनका विवादित बयान माना जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक इस बार पार्टी ने टिकट नहीं देकर उन्हें चुनाव लड़ने से मना कर दिया। कांग्रेस द्वारा जारी 14 प्रत्याशियों की सूची में उत्तर प्रदेश के चार लोकसभा सीटों की घोषणा की गई। उसमें कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत का नाम नहीं हैं। उधर, कांग्रेस ने ज्योतिरादित्य सिंधिया की राह रोकने को यादवेंद्र सिंह को मैदान में उतारा है।

## अफगानिस्तान में भूकंप से डोली धरती

**काबुल।** अफगानिस्तान में गुरुवार सुबह स्थानीय समयानुसार 5:44 बजे रिक्टर पैमाने पर 4.2 तीव्रता का भूकंप आया। यह जानकारी नई दिल्ली में भारत के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने दी। फिलहाल जनहानि के नुकसान की सूचना नहीं है। भारत के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने एक्स हैंडल पर अफगानिस्तान में आए ताजा भूकंप का ब्यौरा साझा किया है। उल्लेखनीय है कि भूकंप के लिहाज अफगानिस्तान बेहद संवेदनशील है। अफगानिस्तान में पिछले साल अक्टूबर में आए तूफान से भारी तबाही हो चुकी है। इसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.3 मापी गई थी। इस भूकंप ने 2053 से ज्यादा लोगों को पलक झपकते ही मौत की नींद सुला दिया था।

## अतीक का करीबी बल्ली पंडित धराया

**प्रयागराज।** खुल्दाबाद क्षेत्र में माफिया अतीक अहमद के शूटर को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके पास से करीब दस देसी बम जब्त किये। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि करेली के नयापूरा निवासी बालू-गिट्टी के ठेकेदार श्याम पाल ने बुधवार शाम को वह खुल्दाबाद थाने शिकायत दर्ज करायी कि बल्ली पंडित ने उसे 22 मार्च की रात लगभग आठ बजे चौफटका पुल के नीचे रोका और तमंचे की नोक पर 20 हजार रूपए छीन लिए। उन्होंने बताया कि श्यामल की शिकायत पर पुलिस घेराबंदी कर चकिया क्षेत्र से देर रात गिरफ्तार किया।


# जरूरत पड़ने पर अग्निवीर भर्ती योजना में होगा बदलाव

## अग्निवीरों का भविष्य सरकार ने किया है सुनिश्चित : राजनाथ

एजेंसी

**रक्षा मंत्री बोले- सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें सशस्त्र बलों में बने रहने के लिए आवेदन करने का अवसर मिलेगा**

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि यदि आवश्यक हुआ तो उनकी सरकार अग्निवीर भर्ती योजना में कि परिवर्तन के लिए तैयार हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि अग्निवीरों का भविष्य सुरक्षित रहे। यह कहते हुए कि रक्षा बलों में युवावस्था आवश्यक है, सिंह ने भी इस योजना का बचाव किया और कहा कि सेना में युवावस्था होनी चाहिए। मुझे लगता है कि युवा अधिक उत्साही हैं। वे अधिक तकनीक-प्रेमी हैं। हमने इस बात का पूरा ध्यान रखा है कि उनका भविष्य भी सुरक्षित रहे। अगर जरूरत पड़ी तो हम बदलाव भी करेंगे। अग्निवीर नाम के रंगरूट चार साल के कार्यकाल के लिए काम करते हैं जिसमें छह महीने का प्रशिक्षण और उसके बाद 3.5 साल की तैनाती शामिल है। सेवा से सेवानिवृत्ति के बाद, उन्हें सशस्त्र बलों में बने रहने के लिए आवेदन करने का अवसर मिलेगा। जैसा कि घोषणा की गई है, अग्निपथ या अग्निवीर योजना सेना, नौसेना और वायु सेना में सैनिकों की भर्ती की एक प्रक्रिया है, जिसे अनुबंध पर चार साल की अवधि के लिए नियुक्त किया जाता है। इसके अलावा, आत्मनिर्भर भारत पर जोर देते हुए केंद्रीय मंत्री



ने कहा कि केंद्र सरकार भारत को इंजनों का निर्यातक देश बनाना चाहती है। मैंने डीआरडीओ से यह पता लगाने के लिए कहा है कि भारत में किस तरह के इंजन बनाए जा सकते हैं और कौन से देश प्रौद्योगिकी हस्तांतरित करने के लिए तैयार हैं, क्योंकि हम अब भारत में इंजन बनाना चाहते हैं। हम भारत को इंजनों के लिए एक निर्यातक देश बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इंजन भारत में और भारतीयों द्वारा बनाये जाएंगे। चीन द्वारा भारत की जमीन पर कब्जा करने के विपक्ष के दावे पर सिंह ने कहा कि देश की सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि मैं देश के लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं...उन्हें हमारी सेना और सुरक्षा कर्मियों पर पूरा भरोसा होना चाहिए। पूर्वी लद्दाख में कुछ स्थानों पर भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच साढ़े तीन साल से अधिक समय से गतिरोध है।

वहीं, दोनों पक्षों ने व्यापक राजनयिक और सैन्य वार्ता के बाद कई क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी कर ली है।

## वादा : हमारी सरकार अग्निवीर योजना को बंद करेगी : खड़गे

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि कांग्रेस ने वादा किया है कि हमारी सरकार अग्निवीर योजना को बंद करेगी। गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर मल्लिकार्जुन खड़गे ने यह प्रतिक्रिया दी। खड़गे ने यह भी कहा कि देश के रक्षा मंत्री ने (बशर्ते) कहा है कि वो अग्निवीर योजना में सुधार व बदलाव करने के लिए तैयार है। इससे पता चलता है कि मोदी सरकार द्वारा लाखों देशभक्त युवाओं पर थोपी अग्निवीर योजना अब काम नहीं कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि पहले तो मोदी सरकार ने लाखों युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया, अब चुनाव के चलते योजना में खामियों को मानने की बात की है। उन्हें युवाओं से पहले माफी मांगनी चाहिए।



# अभिनेता और पूर्व सांसद गोविंदा शिंदे गुट में शामिल



- 14 साल वनवास के बाद मैं फिर से राजनीति की शुरूआत कर रहा हूं : गोविंदा
- मुंबई के उत्तर पश्चिम लोस सीट से मिल सकता है टिकट

एजेंसी

**मुंबई।** फिल्म अभिनेता और पूर्व सांसद गोविंदा आहूजा गुरुवार को शिवसेना के शिंदे गुट में शामिल हो गए। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि गोविंदा ने कोई मांग नहीं की है और शिवसेना के लिए सक्रिय रूप से काम करने की इच्छा जताई है। शिंदे ने यह भी कहा कि उनकी पार्टी फिल्म कलाकारों के हित के लिए काम करती रहेगी। गोविंदा ने विश्वास जताया कि मुझे दी गई जिम्मेदारी को ईमानदारी से निभाऊंगा। लोकसभा चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने सधी हुई प्रतिक्रिया दी। जब मैं शुरूआत में 2004 से 2009 तक राजनीति में था, जब मैं बाहर निकला तो मैंने सोचा कि शायद मैं दोबारा राजनीति में नहीं आऊंगा लेकिन 14 साल के वनवास के बाद मैं फिर से शुरूआत कर रहा हूं। अभिनेता गोविंदा आहूजा पहले भी कांग्रेस पार्टी से सांसद रह चुके हैं। वह अब मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गए। उन्हें मुंबई के उत्तर पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवारी मिलने की संभावना है।

# दूसरों को डराना-धमकाना कांग्रेस की पुरानी संस्कृति

## सीजेआई को वकीलों के पत्र पर मोदी बोले- 140 करोड़ भारतीय कर रहें हैं उन्हें अस्वीकार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वकीलों के चीफ जस्टिस को लिखे गये पत्र पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि दूसरों को डराना-धमकाना कांग्रेस की पुरानी संस्कृति है। सुप्रीम कोर्ट से कार्रवाई करने का आग्रह करने वाले 600 वकीलों द्वारा प्रस्तुत पत्र पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दूसरों को डराना-धमकाना कांग्रेस की पुरानी संस्कृति है। 5 दशक पहले ही उन्होंने प्रतिबद्ध न्यायपालिका का आह्वान किया था - वे बेशर्मी से अपने स्वार्थों के लिए दूसरों से प्रतिबद्धता चाहते हैं लेकिन राष्ट्र के प्रति किसी भी प्रतिबद्धता से बचते हैं। कोई आश्चर्य नहीं कि 140 करोड़ भारतीय उन्हें अस्वीकार कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि वरिष्ठ



वकील हरीश साल्वे, बार काउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन मनन मिश्रा और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आदिश अग्रवाल सहित छह सौ वकीलों ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर शिकायत की है कि न्यायपालिका को बदनाम करने का राजनीतिक एजेंडा चलाया जा रहा है। पत्र में गहरी चिंता व्यक्त करते हुए हस्ताक्षरकर्ताओं ने दावा किया कि राजनीतिक मामलों में

- साल्वे समेत छह सौ वकीलों ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ को लिखकर की शिकायत न्यायपालिका को बदनाम करने का चलाया जा रहा है राजनीतिक एजेंडा

न्यायपालिका पर दबाव बनाने, न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने और अदालत के आदेशों को गलत ठहराने के बेतुके तर्क दिए जा रहे हैं। इसके लिए बाकायदा एजेंडा चलाया जा रहा है। पत्र में कहा गया है कि यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए खतरा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि यक्तिगत और राजनीतिक कारणों से अदालतों को कमजोर करने और उनमें हेरफेर करने' का प्रयास किया जा रहा है और उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय से कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

## न्याय प्रणाली में किसी अन्य देश की दखलंदाजी कतई बर्दाश्त नहीं : भारत

**केजरीवाल मामले में विदेश मंत्रालय ने अमेरिका को लगायी फटकार**

**नयी दिल्ली।** भारत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और कांग्रेस पार्टी के कुछ बैंक खातों पर रोक लगाए जाने के मामले में अमेरिका की आलोचना को खारिज करते हुए कहा कि देश की न्याय प्रणाली में किसी अन्य देश की दखलंदाजी को कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को अमेरिकी विदेश मंत्रालय का नया बयान अनावश्यक है। भारत के चुनावी और न्यायिक प्रक्रिया में किसी बाहरी देश की टीका-टिप्पणी पूरी तरह अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि भारत की न्याय प्रणाली विधि के शासन पर आधारित है। ऐसी ही व्यवस्था वाले देशों विशेषकर लोकतांत्रिक देशों को यह बात समझनी चाहिए। भारत को अपने स्वतंत्र और सक्रिय लोकतांत्रिक संस्थानों पर गर्व है।

# ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के लिए ऊर्जा व कुशलता जरूरी : राष्ट्रपति

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग के खतरों को देखते हुए ऊर्जा-कुशल समाधानों को अपनाने की जरूरत है। केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के सहायक कार्यकारी इंजीनियरों (2022 और 2023 बैच) के एक समूह ने गुरूवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से मुलाकात की।

राष्ट्रपति ने इंजीनियरों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा इंजीनियरों के रूप में वे जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग के खतरों से भली भांति अवगत हैं, इसलिए ऊर्जा-कुशल समाधानों को अपनाने की आवश्यकता है। उनके द्वारा बनाए जाने वाले भवन, सड़क और अन्य बुनियादी ढांचे टिकाऊ, ऊर्जा-कुशल और पर्यावरण-अनुकूल होने चाहिए। उन्होंने कहा कि 3 डी प्रिंटिंग के युग में भवन निर्माण प्रौद्योगिकी में व्यापक रूप से बदलाव आया है। अब बुनियादी ढांचे और निर्माण परियोजनाओं को जलवायु-अनुकूल और ऊर्जा-

- भवन, सड़क और अन्य बुनियादी ढांचे टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल हो



कुशल बनाया जा सकता है। हरित निर्माण समय की जरूरत है। निर्माण की नवाचारी विधियों में इस क्षेत्र को बदलने की क्षमता है। मुर्मू ने युवा इंजीनियरों को सलाह दी कि वे सीमित दायरे में ही काम न करें बल्कि सहयोगात्मक, दूरदर्शी और प्रौद्योगिकी-संचालित दृष्टिकोण भी अपनाएं। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, रोबोट और ड्रोन जैसी नई एवं उभरती हुई प्रौद्योगिकियां पारंपरिक सोच को बाधित कर रही हैं। इनका उपयोग दक्षता क्षमता को बढ़ाने और उसमें सुधार करने, प्रक्रियाओं के स्वचालन और अनुकूलन में, उत्पादकता बढ़ाने तथा संसाधन प्रबंधन को बेहतर बनाने में किया जा सकता है।

## अजय देवगन की फिल्म मैदान का नया गाना रिलीज

**मुंबई।** अजय देवगन की फिल्म मैदान को लेकर फैंस की



उत्सुकता चरम पर है। कई सालों से रुकी हुई ये फिल्म कुछ ही दिनों में दर्शकों के सामने आने वाली है। यह फिल्म कोच सैयद अब्दुल रहीम की वास्तविक जीवन की कहानी बताती है, जिन्होंने भारतीय फुटबॉल टीम के साथ अविस्मरणीय इतिहास रचा। इसी तरह मैदान की टीम ने फिल्म का गाना टीम इंडिया हैं हम रिलीज किया है। यह गाना उन सभी खिलाड़ियों को समर्पित है जिन्होंने भारत को गौरव दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। जब हर भारतीय खिलाड़ी तिरंगे का प्रतिनिधित्व करता है तो उसकी भावना और उत्साह देखने लायक होता है। एक ऐसी भावना जो पूरे देश को उनके लिए जयकार करने के लिए एकजुट करती है।

# पूर्व पीएम व कई दिग्गज नेताओं की सीट रही है साबरकांठा


एजेंसी

**लोकसभा चुनाव**

- भाजपा ने शोभना बेन बारैया को दिया टिकट, कांग्रेस ने पूर्व सीएम अमर सिंह चौधरी के पुत्र डॉ. तुषार चौधरी को बनाया प्रत्याशी

**हिम्मतनगर।** देश को प्रधानमंत्री देने से लेकर लोकप्रिय सीरियल रामायण के पात्र को लोकसभा में भेजने वाला साबरकांठा लोकसभा सीट इस बार सुर्खियों में है। इसकी मुख्य वजह भाजपा के उम्मीदवार भीखा सिंह राठौड़ का चुनाव लड़ने से मना कर दिया है। भाजपा ने अब यहां से महिला उम्मीदवार शोभना बेन बारैया को मैदान में उतारा है।

बारैया को भी स्थानीय कार्यकर्ता आयातीत बता कर विरोध कर रहे हैं, दूसरी ओर कांग्रेस ने यहां से पूर्व मुख्यमंत्री अमर सिंह चौधरी के पुत्र डॉ. तुषार चौधरी को उम्मीदवार बनाकर कड़ी टक्कर देने की रणनीति बनाई है। आदिवासी बाहुल्य साबरकांठा लोकसभा सीट अंतर्गत 7 विधानसभा क्षेत्र खेड़ब्रह्मा, भिलोडा, हिम्मतनगर, इडर, मोडासा, बायड और प्रांतिज शामिल है। इसमें बायड और खेड़ब्रह्मा को छोड़ कर बाकी सभी 5 सीटों पर भाजपा के विधायक हैं। खेड़ब्रह्मा से कांग्रेस के तुषार चौधरी और बायड से निर्दलीय नरेन्द्र कुमार झाला ने पिछली विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की थी। इस लोकसभा सीट पर पहली महिला सांसद होने का गौरव भी कांग्रेस नेता डॉ. तुषार चौधरी की बहन निशा चौधरी को है। वे इस सीट से एक बार सांसद रह चुकी हैं। इस बार उनके भाई तुषार चौधरी कांग्रेस की टिकट पर मैदान में हैं। साबरकांठा लोकसभा सीट पर पहली बार 1951 में चुनाव



हुआ था। इस समय कांग्रेस से गुलजारी लाल नंदा ने उम्मीदवारी की थी। उनके सामने हिम्मतनगर के महाराजा हिम्मत सिंह चुनाव मैदान में थे। इस चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार और देश के पूर्व प्रधानमंत्री गुलजारीलाल नंदा चुनाव जीते थे। वे इस सीट से लगातार तीन बार चुनाव जीते थे। वर्ष 1951 से वर्ष 1962 तक वे इस सीट से सांसद चुने जाते रहे थे। वर्ष 1966 में लाल बहादुर शास्त्री के निधन के बाद वे 13 दिनों के छोटे अंतराल के लिए देश के प्रधानमंत्री बने थे। वे अर्थशास्त्री थे

**साबरकांठा सीट पर पहली बार 1951 में चुनाव हुआ था, कांग्रेस के गुलजारी लाल नंदा ने महाराजा हिम्मत सिंह को हराया था**

और श्रमिकों के लिए उन्होंने कई महत्वपूर्ण काम किए। वर्ष 1977 में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। वे 1962-63 में केन्द्र सरकार में श्रम और रोजगार मंत्री और 1963-66 तक गृह मंत्री थे।

इस सीट को रामायण सीरियल में रावण का जीवंत पात्र निभाने वाले अरविंद त्रिवेदी की वजह से भी जाना जाता है। अरविंद त्रिवेदी साबरकांठा के कुकरवाडा के रहने वाले थे। अरविंद त्रिवेदी वर्ष 1991 में भाजपा की टिकट पर साबरकांठा से सांसद चुने गए थे। हालांकि 1996 में भाजपा ने अरविंद त्रिवेदी को दोबारा टिकट दिया, लेकिन इस बार वे कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री अमर सिंह चौधरी की पुत्री निशा चौधरी से हार गए। निशा चौधरी इस सीट से पहली महिला सांसद चुनी गई थी। वे 1998 और 1999 के लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस की टिकट पर इस सीट से जीतने में सफल रहीं।

वर्ष 2001 भाजपा ने अरविंद त्रिवेदी के भाई और गुजराती फिल्मों के अभिनेता उपेन्द्र त्रिवेदी को टिकट दिया, लेकिन इस बार कांग्रेस ने मधुसूदन मिस्त्री को मैदान में उतारा। मधुसूदन मिस्त्री जीत गए। इस सीट से दो बार राजघरानों से उम्मीदवारी की गई, लेकिन दोनों ही बार राजघराने की हार हुई। पहली बार महाराजा हिम्मत सिंह ने निर्दलीय उम्मीदवारी की थी तो कांग्रेस के उम्मीदवार व पूर्व प्रधानमंत्री गुलजारीलाल नंदा ने उन्हें हरा दिया। इसके बाद वर्ष 1977 में राजपरिवार से राजेन्द्र सिंह कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़े थे, इस चुनाव में बीएलडी के एच एम पटेल की जीत हुई थी।

VERMA PRESS®

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran–II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran–II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !